आज भारतीय राजनीति में जेन-जी को लेकर जो हलचल दिख रही है, वह कोई अचानक उभरा हुआ रुझान नहीं है। यह एक बड़े बदलाव की स्वीकृति है। सवाल यह है कि क्या यह पीढ़ी वाकई राजनीति में इतनी अहम है या फिर मीडिया के एक हिस्से और इंटरनेट मीडिया की देन है? सच्चाई इन दोनों के बीच है। बढ़ा-चढ़ाकर पेश करने वाली बात यह है कि हर चुनावी विश्लेषण अब जेन-जी को किसी जादुई ताकत की तरह पेश करने की जल्दी में है। वह भी तब जब हमारे चुनाव अब भी बहुत हद तक स्थानीय मुद्दों, जातिगत समीकरणों, सरकारी योजनाओं और नेताओं की छवि से ही तय होते हैं। भारत की करीब एक चौथाई आबादी जेन-जी है, लेकिन इतनी बड़ी संख्या के बावजूद राजनीतिक फैसलों के केंद्र में अपेक्षित स्थान नहीं पा रही। यही असंतुलन इसे अहम बना देता है। जब कोई इतना बड़ा तबका संस्थाओं के भीतर अपनी बात कहने की जगह नहीं पाता, तो वह संस्थाओं के बाहर अपनी आवाज ढूंढ़ने लगता है।

जेन-जी की प्रकृति और स्वरूप पर विचार करें तो यह कोई एक जैसा एकरूप समूह नहीं है। यह इलाके, भाषा, जाति, वर्ग और आर्थिक हैसियत के हिसाब से बहुत अलग-अलग है। इसे "वोट बैंक" कहना उसकी असली तस्वीर को छोटा करके देखना होगा। बेंगलुरु के किसी स्टार्टअप में काम करने वाला युवक, प्रयागराज में सरकारी नौकरी की तैयारी कर रही छात्रा और किसी छोटे शहर में पारिवारिक काम-धंधा संभाल रहा लड़का, सभी जेन-जी के प्रतिनिधि हैं, लेकिन उनकी पसंद और प्राथमिकताएं भिन्नता लिए हो सकती हैं। इस पीढ़ी को किसी एक विचारधारा या किसी एक पार्टी के दायरे से बांधकर देखना उचित नहीं। इस पीढ़ी को आखिर जोड़ता क्या है? इसका जवाब है डिजिटल दुनिया से इसका गहरा जुड़ाव। यह भारत की पहली पीढ़ी है जो स्मार्टफोन और इंटरनेट मीडिया के साथ बड़ी हुई है, जहां खबर पलक झपकते फैल जाती है।

न केवल भारत, बल्कि दुनिया भर के युवाओं में इस समय एक बेचैनी दिखाई पड़ती है। उन्हें अपना भविष्य अनिश्चित दिख रहा है। तेजी से बदलती तकनीक, आटोमेशन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की वजह से नौकरियों पर मंडराता खतरा और सत्ता में बैठे लोगों के प्रति गहराता अविश्वास उन्हें परेशान कर रहा है। पिछले दो वर्षों में नेपाल, इंडोनेशिया, मेडागास्कर, मोरक्को और पेरू जैसे देशों में युवाओं के नेतृत्व वाले आंदोलनों ने सरकारों को हिला दिया या गिरा भी दिया। इन सभी आंदोलनों में यही एक समान पहलू था कि यह कोई विचारधारा की लड़ाई नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार, चंद लोगों की चांदी और नीतियों से स्वयं को बाहर रखे जाने के खिलाफ गुस्सा था। भारत का युवा भी अपने फोन की स्क्रीन पर यह सब देखता है। इसलिए यह असंतोष अब सीमाओं के आरपार महसूस होने लगा है। अपने देश में देखें तो यह बेचैनी पढ़ाई और नौकरी के बीच बढ़ती दूरी से भी पैदा होती है। एक पूरी पीढ़ी को पढ़ने, हुनर सीखने और मेहनत करने के लिए कहा गया, लेकिन जब परीक्षा में गड़बड़ी, भर्ती में देरी और अवसरों में अभाव की बात सामने आती है, तो यह इंसाफ न मिलने का गहरा दर्द बन जाती है। पढ़े-लिखे बेरोजगारों की बढ़ती संख्या यही बताती है कि डिग्रियां तो बढ़ी हैं, लेकिन उस हिसाब से प्रतिष्ठा वाली नौकरियां नहीं बढ़ीं। अगर राजनीतिक दल इस मुश्किल को सिर्फ एक संवाद की समस्या मानकर हल करने की कोशिश करेंगे और सोचेंगे कि इंस्टाग्राम रील्स, यूट्यूब वीडियो, थोड़ी और "कूल" भाषा से बात बन जाएगी तो यह एक बड़ी गलती होगी। नए जमाने के मंचों को अपनाना जरूरी है, लेकिन सिर्फ इतना काफी नहीं। एक वायरल रील किसी युवा के सालों की मेहनत के बाद मिली निराशा को मिटा नहीं सकती। जब असल समस्या संस्थाओं की हो तब अच्छी पैकेजिंग नाराजगी को कुछ समय के लिए टाल तो सकती है, लेकिन हमेशा के लिए खत्म नहीं कर सकती। समाधान तीन पहलुओं में निहित है। भरोसा, आर्थिक अवसर और राजनीतिक भागीदारी। भरोसा तब बनता है जब तंत्र साफ-सुथरा हो, जब परीक्षा और भर्ती की प्रक्रिया निष्पक्ष हो और वादों की पूर्ति हो। आर्थिक अवसर तब बनते हैं जब पढ़ाई को नौकरी के अनुकूल बनाया जाए। जब कारखानों, सेवा क्षेत्र और नई तकनीक में अच्छी नौकरियां बनें और उद्यमिता सिर्फ एक नारा न रहकर वास्तविकता में रूपांतरित हो। राजनीतिक भागीदारी भी तभी मायने रखती है जब युवाओं को सिर्फ प्रचार में चेहरा दिखाने के लिए नहीं, बल्कि नीति बनाने, संगठन चलाने और फैसले लेने के मोर्चे पर समायोजित किया जाए।




अवधेश राजपूत

राज्य-व्यवस्था के संदर्भ में भारतीय परंपरा भी खासी समृद्ध रही है। आचार्य चाणक्य ने "राजर्षि" की बात कही थी। अर्थात एक ऐसा शासक जो सत्ता का उपयोग निजी लाभ के लिए नहीं, बल्कि जनता की भलाई के लिए करता है? जो खुद अनुशासन में रहता है और जिसकी असली ताकत जनता के भरोसे से आती है, न कि सिर्फ पद से। राजर्षि की संकल्पना सत्ता को सेवा मानती है। इसमें जनता की नब्ज को समझा जाता है। दंभ से मुक्त होकर आलोचना को गले लगाना पड़ता है। इसमें तात्कालिक लोकप्रियता से अधिक विरासत के निर्माण को महत्व दिया जाता है। जेन-जी के परिप्रेक्ष्य में यह संकल्पना बहुत सार्थक लगती है। इस पीढ़ी को न लंबे भाषण चाहिए और न अनावश्यक प्रचार या मार्केटिंग। उसे ऐसा नेतृत्व चाहिए, जो सत्ता को अपना हक नहीं, अपितु दायित्व समझे। जो फैसला लेने से पहले सुनना जानता हो। जो व्यक्ति से अधिक संस्थाओं को वरीयता दे और जो युवाओं को हाशिए पर नहीं, बल्कि मुख्यधारा का हिस्सा बनाए। राजर्षि की यह संकल्पना हमें यही सिखाती है कि असली और टिकाऊ भरोसा प्रचार से नहीं, बल्कि विनम्रता और जिम्मेदार शासन से ही कमाया जाता है। भारत में जेन-जी की आकांक्षाएं किसी एक चुनाव या एक अभियान की बात नहीं हैं। यह भारत के लोकतंत्र के आने वाले कल की दिशा तय करने वाला सवाल है। जो भी नेतृत्व राजर्षि की संकल्पना को आत्मसात कर उसके अनुरूप आचरण करेगा, वही इस पीढ़ी का भरोसा जीत पाएगा।

(लेखक जेएनयू में एसोसिएट प्रोफेसर हैं)
response@jagran.com

# अति की हदों को पार करती असहमति



राजीव सचान

**यदि कोई ऐसा कुछ कह दे कि नियमों का पालन करें और अनुशासन का परिचय दें तो लोग इसका भी विरोध कर सकते हैं**

इस वित्त वर्ष की पहली तिमाही की जीडीपी विकास दर 7.8 प्रतिशत रहने पर प्रधानमंत्री मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जब यह कहा कि वैश्विक अनिश्चितताओं और चुनौतियों के बावजूद यह वृद्धि देश के लोगों की सामूहिक शक्ति और आर्थिक आत्मविश्वास का परिणाम है तो कांग्रेस को यह बिल्कुल रास नहीं आया। उसने अर्थव्यवस्था की तमाम कमजोरियों का उल्लेख करते हुए मोदी सरकार को निशाने पर लिया। ऐसा नहीं है कि आर्थिक मोर्चे पर किसी तरह की समस्याएं नहीं हैं, लेकिन कांग्रेस का उद्देश्य उन्हें गिनाना नहीं, बल्कि यह सिद्ध करना था कि जीडीपी में वृद्धि किसी तरह की उपलब्धि नहीं है। उसने यह काम पूरी शिद्दत से किया और इसके लिए कई प्रवक्ताओं को मैदान में उतारा। किसी को यह अपेक्षा नहीं करनी चाहिए कि विपक्ष सरकार की प्रशंसा करेगा। विपक्ष का काम सरकार की खामियों को इंगित करना और उसकी गलतियों के लिए उसे कठघरे में खड़ा करना है।

विरोध के लिए विरोध की राजनीति के चलते आज राजनीतिक माहौल इतना कटुतापूर्ण, छिद्रान्वेषी और नकारात्मक हो गया है कि यदि कोई नेता ऐसा कुछ कह दे कि नियमों का पालन करें और संयम एवं अनुशासन का परिचय दें तो विरोधी दल के नेता इसका भी विरोध करने के लिए आगे आ सकते हैं। इसके लिए उनके पास तरह-तरह के (कु)तर्क भी होंगे। कटु एवं नकारात्मक राजनीतिक विमर्श का असर सामाजिक विमर्श पर भी पड़ रहा है। यह एक तथ्य है कि सोशल मीडिया कहे जाने वाले डिजिटल प्लेटफार्मों पर विचार-विमर्श का स्थान गाली-गलौज ने ले लिया है। इसका कारण यह है कि राजनीतिक दलों के आइटी सेल विरोधी दलों के नेताओं पर प्रायः बिलो द बेल्ट यानी अपमानजनक प्रहार करते ही रहते हैं। अब ऐसे प्रहार करने के लिए एआइ का भी सहारा लिया जा रहा है। कई बार इसकी चपेट में महिला नेता भी आ जाती हैं। इसके नतीजे में राजनीतिक और सामाजिक माहौल बुरी तरह दूषित हो रहा है। इस प्रदूषण के दूर होने की कोई सूरत नहीं दिखती। कटुतापूर्ण राजनीति ने महापुरुषों को भी बांट दिया है। अब राजनीति और समाज के स्तर पर लोग किसी राष्ट्रीय दायित्व या अभियान के प्रति कठिनाई से ही एकजुट होते दिखते हैं, जबकि देश की कई समस्याएं ऐसी हैं, जिन्हें लोगों की सामूहिक भागीदारी से ही दूर किया जा सकता है, जैसे गंदगी से मुक्ति।



असहमति की राजनीति का अखाड़ा बनी संसद। फाइल

आज स्वच्छ भारत जैसे अभियान असरहीन होते दिख रहे हैं तो इसीलिए कि इस अभियान में आम जनता की पहली जैसी भागीदारी नहीं दिखती। जब यह अभियान शुरू हुआ था तो आम लोगों की इसमें दिलचस्पी और भागीदारी दिख रही थी कि सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैले, लेकिन अब वह दिखाई नहीं देती। यह एक ऐसा अभियान है, जो आम जनता की भागीदारी के बिना सफल नहीं हो सकता। यदि लोग सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलने से रोकने के लिए सक्रिय-सचेत नहीं रहते तो सरकारें और उनकी एजेंसियां कुछ भी कर लें, बात बनने वाली नहीं है। विडंबना यह है कि जब से यह अभियान शुरू हुआ, तबसे शायद ही किसी विपक्षी नेता ने इसे सफल बनाने में अपने लोगों को भागीदार बनने के लिए प्रेरित किया हो। कुछ ऐसी ही स्थिति बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे अभियानों की भी है। विरोधी राजनीतिक दलों को लगता है कि जिस दल ने इन अभियानों को शुरू किया, उनके लोगों को ही इनमें भागीदार बनने की आवश्यकता है। शायद यही कारण है कि हर घर तिरंगा जैसे अभियानों में भी सभी राजनीतिक दलों की भागीदारी नहीं दिखती। इसमें संदेह है कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर विरोधी राजनीतिक दल किसी तरह का उत्साह-उमंग दिखाते होंगे। हैरानी नहीं कि मोदी सरकार के हटते ही इसे मनाना बंद कर दिया जाए।

यह एक तथ्य है कि जनभागीदारी वाले कई सामाजिक अभियान महज मोदी सरकार के अभियान बनकर रह गए हैं। यह स्थिति तब है, जब देश में कई समस्याएं ऐसी हैं, जिनका समाधान जनता की सामूहिक भागीदारी से ही किया जा सकता है। संकट यह है कि अब राजनीतिक दल किसी भी मुद्दे पर एकमत नहीं होते-न तो संसद में और न ही संसद के बाहर। हालांकि इसके लिए राष्ट्रीय एकता परिषद के रूप में एक मंच है, लेकिन वह लंबे समय से निष्क्रिय है। यह सही समय है कि इस निष्क्रिय मंच को सक्रिय किया जाए। राष्ट्रीय एकता परिषद एक गैर-संवैधानिक निकाय है। इस परिषद के अध्यक्ष प्रधानमंत्री होते हैं। इसके सदस्यों में सभी मुख्यमंत्री, राजनीतिक दलों के नेता, विभिन्न आयोगों के अध्यक्ष, उद्योग, व्यापार, मीडिया और श्रमिक संघों के प्रतिनिधि होते हैं। इसकी स्थापना 1961 में की गई थी। कहीं यह मंच इसलिए तो निष्क्रिय नहीं कि इसकी स्थापना प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने की थी? जो भी हो, यह ध्यान रहे कि इस परिषद का उद्देश्य सांप्रदायिकता, जातिवाद, क्षेत्रवाद, भाषावाद जैसी समस्याओं का सामना करना था। कोई इससे इन्कार नहीं कर सकता कि इन समस्याओं का सामना करने की आवश्यकता आज भी है और इसकी पूर्ति सबके सहयोग से ही संभव है।

(लेखक दैनिक जागरण में एसोसिएट एडिटर हैं)
response@jagran.com

### ऊर्जा

## जिज्ञासा और ज्ञान

ज्ञान और जिज्ञासा के बीच एक बहुत ही गहरा संबंध है। जिज्ञासा उस बीज की भांति है, जो ज्ञान का विस्तार पाने के लिए मिट्टी का सीना चीरकर बाहर आने को आतुर रहता है। अगर ज्ञान बौद्धिक उन्नति का एक पड़ाव है, तो जिज्ञासा बौद्धिकता की ऐसी यात्रा है, जो निरंतर चलती रहती है। जिज्ञासा मूलतः एक प्रक्रिया है, जबकि ज्ञान उसका एक अस्थायी पड़ाव या फिर आंशिक परिणाम। मानव सभ्यता का उद्भव एवं विकास ही जिज्ञासा के भाव और ज्ञान की प्राप्ति एवं उसके हस्तांतरण पर टिका रहा है। हमारे संस्कारों ने हमें सिखाया भी है कि बड़े जो कहते हैं, वही मान्य है। हालांकि, मान्यताओं पर भी प्रश्न उठते रहे हैं और उसके परिणाम में प्रायः कुछ सकारात्मक प्राप्ति भी संभव होती रही है। नई जानकारी की खोज और सीखने की इच्छा ही ज्ञान को बढ़ाने में सहायक होती है।

हमारा पुरुषार्थ और आध्यात्मिकता की ओर झुकाव जिज्ञासा को संतुष्ट करने में सक्षम हैं। ज्ञान हमें दिशा देता है और ठहराव सिखाता है, लेकिन जिज्ञासा हमें आगे चलने की प्रेरणा देती है। ज्ञान उत्तरों की संतुष्टि है, तो जिज्ञासा प्रश्नों की भूख। पूर्ण मनुष्य वही है जो ज्ञान अर्जित करते हुए भी अपने भीतर के जिज्ञासु व्यक्ति को जीवित रखे। इसका यही उद्देश्य है कि जिज्ञासा से उत्पन्न ज्ञान जड़वत न होकर सतत प्रवाह बनाए रखे।

विषयों की गहराई में जाने और नई संभावनाओं की खोज करने की जिज्ञासा कुछ घट रही है, क्योंकि तकनीकी ने बहुत कुछ सुगम बना दिया और हमारी कल्पनाशक्ति प्रभावित हो रही है। इससे जिज्ञासु प्रवृत्ति की प्रकृति बदलती दिख रही है। इस तकनीकी दौड़ में एआइ जैसे नए आयामों को अपनाना और उनके लाभ-हानि पर ध्यान न देना मानवता के लिए हानिकारक हो सकता है।

छाया श्रीवास्तव

# मरुस्थलीकरण से निपटने के प्रयास जरूरी

डा. सुधीर कुमार

**मरुस्थलीकरण की समस्या पर्यावरण, खाद्य सुरक्षा, जल उपलब्धता और आजीविका के लिए भी बड़ी चुनौती है**

मंगोलिया की राजधानी उलानबटोर में 17 से 28 अगस्त तक आयोजित संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण रोकथाम सम्मेलन के दौरान दुनिया के तीन क्षेत्रों- ब्राजील, सऊदी अरब और अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में क्षरित भूमि की पुनर्बहाली के लिए चलाए जा रहे तीन कार्यक्रमों को अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्रदान की गई। संयुक्त रूप से इन पहलों के माध्यम से वर्ष 2030 तक लगभग 50 लाख हेक्टेयर भूमि को बहाल करने में कामयाबी मिल सकती है। इन क्षेत्रीय प्रयासों को संयुक्त राष्ट्र की मान्यता मिलने से न केवल उनकी कोशिशों को सराहना मिली है, बल्कि मरुस्थलीकरण की मार झेल रहे देशों को कोशिश करने की प्रेरणा भी मिली है। वन की कटाई, खनन, उर्वरकों और कीटनाशकों का अत्यधिक उपयोग, फसल चक्र की अनदेखी, भूजल का अत्यधिक दोहन, सूखा, जलवायु परिवर्तन तथा अनियोजित औद्योगीकरण-नगरीकरण के कारण बड़े पैमाने पर भूमि क्षरण और मरुस्थलीकरण बढ़ रहा है।

संयुक्त राष्ट्र की संबंधित रिपोर्ट के अनुसा, दुनिया की लगभग 40 प्रतिशत भूमि क्षरण से प्रभावित है। भूमि क्षरण या मरुस्थलीकरण के कारण न केवल अनाज का उत्पादन प्रभावित होता है, बल्कि यह क्षेत्र विशेष की जैवविविधता, जल उपलब्धता, आजीविका और जीवों की जीवन स्थिति को भी प्रभावित करता है। मरुस्थलीकरण के विस्तार की तुलना में इसके रोकथाम की कोशिशें सुस्त हैं। ऐसे में ब्राजील, सऊदी अरब और अफ्रीका के साहेल क्षेत्र में चलाए जा रहे भूमि पुनर्बहाली के प्रयासों ने उम्मीद जगाई है।

उल्लेखनीय है कि ब्राजील में अरैटिकम पहल के तहत सेराडो सवाना में 20 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि के पुनर्स्थापन का प्रयास किया जा रहा है। भूमि रूपांतरण और जलवायु परिवर्तन के कारण इस क्षेत्र ने मूल वनस्पति का आधे से अधिक हिस्सा खो दिया है, जिसकी पुनर्बहाली आवश्यक है। वहीं सऊदी अरब 'राष्ट्रीय हरित कार्यक्रम' के तहत 2030 तक 25 लाख हेक्टेयर भूमि को पुनर्स्थापित करने और 21.5 करोड़ पौधे लगाने की दिशा में प्रयासरत है। वहीं, अफ्रीका में 2018 से 3.35 लाख हेक्टेयर से अधिक भूमि का पुनर्वास करके 40 लाख लोगों के लिए खाद्य सुरक्षा और आजीविका को मजबूत किया गया है, जबकि 2030 तक वह 4.7 लाख हेक्टेयर भूमि को पुनर्स्थापित करने में जुटा है।

बहरहाल मरुस्थलीकरण केवल पर्यावरण की समस्या नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा, जल उपलब्धता और आजीविका से जुड़ी वैश्विक चुनौती है। ऐसे में सफल क्षेत्रीय पहलों से सीख लेते हुए क्षरित भूमि की पुनर्बहाली को गति देना और इसके लिए वैश्विक सहयोग बढ़ाना समय की मांग है। इसके लिए हमें उन गतिविधियों पर विराम लगाने की दरकार है, जो अंततोगत्वा भूमि क्षरण या मरुस्थलीकरण का कारण बनते हैं।

(पर्यावरण मामलों के जानकार)

### व्यावहारिकता की कसौटी

'भारत-चीन रिश्तों की नई दिशा' शीर्षक से प्रकाशित आलेख में हर्ष वी. पंत ने भारत और चीन के बीच बदलते कूटनीतिक समीकरणों तथा संबंधों में उभरती संभावनाओं का विश्लेषण किया है। सीमा पर तनाव के बाद संवाद की पुनर्बहाली निःसंदेह महत्वपूर्ण संकेत है, लेकिन कूटनीति में संवाद की गर्माहट तभी सार्थक होती है, जब वह जमीन पर विश्वास और स्थिरता में बदल सके। पड़ोसी देशों के रिश्तों में दूरी भले राजनीतिक हो, लेकिन उसके प्रभाव आर्थिक और सामाजिक जीवन तक पहुंचते हैं। भारत-चीन संबंधों की जटिलता केवल सीमा विवाद तक सीमित नहीं है। व्यापार असंतुलन, रणनीतिक प्रतिस्पर्धा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बढ़ती सक्रियता, तकनीकी निर्भरता और क्षेत्रीय प्रभाव की होड़ भी रिश्तों की दिशा तय करती है। इसलिए भारत को सीमा सुरक्षा के साथ आर्थिक तथा तकनीकी आत्मनिर्भरता को मजबूत करना होगा। साथ ही, आवश्यक आर्थिक सहयोग और संवाद के रास्ते बंद करना भी दूरदर्शी नीति नहीं होगी। सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि तनाव प्रबंधन को स्थायी विश्वास में कैसे बदला जाए। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर स्पष्ट प्रोटोकाल, नियमित सैन्य एवं कूटनीतिक संवाद, व्यापारिक असंतुलन पर गंभीर बातचीत तथा सांस्कृतिक और जनस्तरीय संपर्क इस दिशा में उपयोगी कदम हो सकते हैं। आखिरकार यह समझना होगा कि पड़ोसी बदले नहीं जा सकते, उनके साथ संबंधों को विवेक, दृढ़ता और व्यावहारिकता से बेहतर अवश्य बनाया जा सकता है।

awanishg30@gmail.com

### मेलबाक्स

### आमजन को मिले महंगाई से राहत

मंगलवार को अर्थव्यवस्था के अच्छे दिन से जुड़ा अग्रलेख पढ़ा। यह देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए शुभ संकेत हो सकता है कि इस वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में देश की जीडीपी ग्रोथ लगभग 7.8 प्रतिशत रही। कुछ बुद्धिजीवी इस ग्रोथ का सेहरा केंद्र सरकार के सिर बांध रहे हैं। लेकिन फिर भी सवाल तो यह है कि रुपये की कीमत अमेरिकी डालर से नीचे ही क्यों जा रही है? इससे यह साबित होता है कि देश की अर्थव्यवस्था का हाल उतना भी ठीक नहीं रहा, जितना होना चाहिए। किसी देश की संपन्नता न जीडीपी के आंकड़ों से पता चलता है और न ही शेयर अंकों से, बल्कि किसी देश की संपन्नता का पता इससे चलता है वहां के नागरिकों की शिक्षा, स्वास्थ्य और दो वक्त की रोटी इत्यादि सुविधाओं की स्थिति कितनी अच्छी है। देश में खाने-पीने की चीजों की कीमतें भी कोई कम नहीं हैं। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने देश को आर्थिक मंदी से उबारने के लिए जो कुछ उपाय बताए थे, उसमें पहले उपाय में उन्होंने जीएसटी को तर्कसंगत बनाने की सलाह दी थी। दूसरा उपाय उन्होंने गांवों में खपत बढ़ाने और कृषि में और सुधार लाने, तीसरा कर्ज की कमी को पूंजी निर्माण के लिए जरूरी, जबकि चौथा नौकरी बढ़ाने वाले क्षेत्रों की तरफ गंभीरता दिखाने की बात कही थी। ऐसे में वर्तमान सरकार को इन चीजों पर भी ध्यान देना चाहिए। हमें यह समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है? जबकि 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे, लेकिन उसके बाद चीन आगे क्यों बढ़ता गया। इसका कारण यह है कि हमारा देश आरक्षण के दलदल में धंसता गया, मुफ्तखोरी और रेवड़ी संस्कृति हमारे देश में फलने-फूलने लगी, कृषि प्रधान होने के बावजूद देश में लोगों की रुचि कृषि से घटती गई। हमारे देश के लिए यह शुभ संकेत है कि कुछ समय पहले रेटिंग एजेंसी स्टैंडर्ड एंड पुअर ने जो कहा था कि अगले सात वर्षों में हमारा देश जापान को पीछे छोड़कर एशिया की दूसरी और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। देश की तरक्की तब तक अधूरी है, जब तक देश की आबादी का बहुत बड़ा हिस्सा गरीब, भूखा, शिक्षा-चिकित्सा और सुविधाओं से वंचित है, बेशक सरकारें देश की तरक्की की बड़ी-बड़ी बातें करती हों या इसके लिए आंकड़े पेश करती हों।

राजेश कुमार चौहान, जालंधर

**इस स्तंभ** में किसी भी विषय पर राय व्यक्त करने अथवा दैनिक जागरण के राष्ट्रीय संस्करण पर प्रतिक्रिया व्यक्त करने के लिए पाठकगण सादर आमंत्रित हैं। आप हमें पत्र भेजने के साथ ई-मेल भी कर सकते हैं।

**अपने पत्र इस पते पर भेजें :**
दैनिक जागरण, राष्ट्रीय संस्करण,
डी-210-211, सेक्टर-63, नोएडा
ई-मेल : response@jagran.com

संस्थापक-स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त. पूर्व प्रधान संपादक-स्व. नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन-महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक-संजय गुप्त, जागरण प्रकाशन लि. के लिए: नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित और उन्हीं के द्वारा डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा-201309 से मुद्रित, संपादक (राष्ट्रीय संस्करण)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी*
दूरभाष: नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No. DELHIN/2017/74721 * इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई/रेल शुल्क ₹-2 अतिरिक्त।

**14.71** लाख के आसपास स्कूल हैं देश में, जिनमें लगभग 10.13 लाख सरकारी स्कूल हैं, शिक्षा मंत्रालय की यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फोर्मेशन फार एजुकेशन प्लस की रिपोर्ट के अनुसार।



आजकल



कुमार गंधर्व मिश्रा
शोधार्थी, दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय

# आनलाइन कोचिंग से जुड़ी सजगता

वर्तमान सदी के आरंभ से कोचिंग कारोबार तेजी से बढ़ रहा है। आज का शैक्षिक-सामाजिक परिवेश इस तरह हो गया है कि अधिकांश छात्र कोचिंग के इच्छुक देखे जा रहे हैं। ऐसे में आफलाइन कोचिंग से वंचित रहने वाले छात्र इसकी आनलाइन सुविधा प्राप्त करते हैं। प्रधानमंत्री ने ऐसे छात्रों की सुविधा के लिए इसे मुफ्त किए जाने की घोषणा की है। इससे बड़ी संख्या में छात्रों को इस व्यवस्था से जोड़ा जा सकता है। ऐसे में इससे संबंधित तमाम पहलुओं की पड़ताल भी आवश्यक है




कोचिंग संस्कृति के विकास के बाद से इसकी मांग बढ़ती गई, जिस कारण इसका आनलाइन विकल्प भी सामने आ गया। फाइल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से जरूरतमंद विद्यार्थियों के लिए मुफ्त आनलाइन कोचिंग की सुविधा की घोषणा की है। वर्तमान में प्रतियोगी परीक्षाओं में कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए कोचिंग एक अनचाही आवश्यकता बन गई है। पर क्या कोचिंग से हम सबसे उपयुक्त अभ्यर्थियों का ही चयन करते हैं? राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण के 80वें दौर में सीएमएस-शिक्षा रिपोर्ट (2025) के अनुसार, देश में 27 प्रतिशत से अधिक छात्र कोचिंग लेते हैं। सवाल यह है कि शिक्षा के भौतिकतावादी पहलू से जुड़ा कोचिंग, क्या बच्चों में उच्च-स्तरीय चिंतन शैली विकसित कर रहा है? अगर नहीं, तो फिर हर जगह कोचिंग को शैक्षणिक बदलाव के शार्टकट के रूप में प्रस्तुत करने की होड़ क्यों? क्या हमने कभी समझना चाहा कि किसी विद्यार्थी को वाकई में कोचिंग की जरूरत है, या अब यह जरूरत बन गई है, क्योंकि बाकी समाज या हमारे पड़ोसी का बच्चा कोचिंग ले रहा है?

वस्तुतः भारत जैसे घनी आबादी वाले देश में किसी भी परीक्षा में अभ्यर्थियों की संख्या इतनी अधिक होती है कि कम समय में परिणाम देने का दबाव, चयन की जगह अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को खारिज करना मुख्य लक्ष्य बन जाता है। अधिकांश वस्तुनिष्ठ परीक्षाओं में अभ्यर्थी द्वारा कम से कम समय में अधिक से अधिक सवाल सही हल करना ही सफलता की कुंजी बन गई है- जिसके जितने सही उत्तर, उतनी ही उसके चयन की प्रबल संभावना। और जब परीक्षा में लक्ष्य ही किसी प्रकार सही उत्तर लाना ही है, तो शार्टकट-ट्रिक कल्चर हावी होना निश्चित है।

इसका दुष्परिणाम यह है कि कई कोचिंग प्रशिक्षक ट्रिक के नाम पर चार विकल्पों में से तीन गलत विकल्पों को पहचान कर नकारने के विभिन्न तरीके बताते हैं। यहीं पर किसी विषय को गहराई से समझने की प्रक्रिया से खिलवाड़ होना शुरू हो जाता है। दुर्भाग्य से यह शार्टकट प्रवृत्ति ही वर्तमान कोचिंग की विशिष्ट पहचान बन गई है, जो शिक्षा के मूलभूत लक्ष्यों के लिए हानिकारक है। यह ठीक इस प्रकार है, जैसे आपको किसी महल में प्रवेश करना है तो दरबान के कुछ प्रश्नों के उत्तर देने होंगे- या तो अपने दम पर उत्तर दीजिए, या फिर संभावित प्रश्नों की तैयारी महल में प्रवेश कराने का दावा करने वालों को कुछ शुल्क देकर कर लीजिए। जाहिर है, जो तैयारी कर के आएंगे उनके प्रवेश की संभावना ज्यादा होगी।

आनलाइन माध्यम अवसर की खाई को कम जरूर कर रहा है और वैकल्पिक समाधान भी दे रहा है। परंतु आनलाइन शैक्षणिक सामग्री के नाम पर क्या परोसा जाता है और किस प्रवृत्ति को बढ़ावा दिया जाता है, इससे निपटना बड़ी चुनौती है। कोविड काल से आनलाइन कोचिंग- खासकर यूट्यूब प्रशिक्षकों की संख्या में खासी वृद्धि हुई है। कई प्रशिक्षक अपने ट्रिक प्रचलित कर प्रसिद्ध हो चुके हैं।

आमतौर पर छात्रों को भी यह काफी मायावी और जादुई लगता है, पर शायद ही छात्र यह गौर करते हैं कि ये ट्रिक किन खास संख्याओं के साथ प्रभावी होते हैं और किन संख्याओं के साथ नहीं। इनके करोड़ों व्यूज और फैन पेज भी हैं जो आपस में आनलाइन लड़ते रहते हैं। वर्तमान आनलाइन दौर में कोचिंग देने वाले और लेने वालों का अकादमिक चर्चा का स्तर भी भौतिकतावाद पर आ चुका है। किसका ट्रिक बेहतर है, किसके कितने सब्सक्राइबर-फालोवर हैं, और कौन कितने कम समय का ट्रिक बता रहा है- क्या अकादमिक सफलता और शैक्षणिक विद्वत्ता का यही पैमाना है? इस कोचिंग प्रवृत्ति में, खासकर इंजीनियरिंग की तैयारी करने वाले छात्रों को आइआइटी-एनआइटी में दाखिले को बड़ी संस्थान बनाम छोटी संस्थान का स्टेटस सिंबल देकर खूब चर्चा और छींटाकशी कराई जाती है। इसके रील्स भी आइआइटी बनाम एनआइटी, या आइआइटी बांबे बनाम आइआइटी दिल्ली करके काफी वायरल किए जाते हैं।

कोचिंग प्रवृत्ति से उपजा यह भौतिकतावादी माहौल ट्रिक कल्चर को खूब बढ़ावा दे रहा है, जो दो मिनट की मैगी की तरह ही सवाल तो तुरंत हल कर देता है, पर आपाधापी में छात्र पौष्टिक गुणों से भरपूर आहार से प्रायः वंचित रह जाते हैं। हालांकि, इस बात को भी नकारा नहीं जा सकता कि विद्यार्थियों का आकर्षण कई आनलाइन कोचिंग और यूट्यूब के प्रति भी बढ़ा है, क्योंकि कई प्रशिक्षकों के पढ़ाने के तरीके सरल व रोचक हैं। ऐसी स्थिति में जब मुफ्त आनलाइन कोचिंग की सुविधा की पहल की गई है, तो इस विषय के सभी पहलुओं पर चर्चा और यथोचित कदम उठाने की जिम्मेदारी इससे संबंधित संस्थानों पर होगी।

आज आवश्यकता एक ऐसे माडल की है जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े भारत के भविष्य की क्षमता और योग्यता में वृद्धि कर सके। साथ ही जिसका अनुसरण करते हुए आनलाइन कोचिंग संस्थान भी अपने क्रियाकलाप में भी सुधार ला सकें। हमारी अधिकांश परीक्षा प्रणाली, चाहे विश्वविद्यालय प्रवेश हो या नौकरी संबंधित, ऐसी रही है जहां कम से कम समय के अंदर अधिक से अधिक सवाल करने वालों का ही चयन करती है। ऐसे में वैकल्पिक परीक्षा प्रणालियों पर भी विचार करना होगा, ताकि विद्यार्थी पर कोचिंग का दबाव घट सके, और उनके रचनात्मक-आलोचनात्मक दृष्टिकोण को भी वरीयता मिल सके। यदि इस पहलू की ओर ध्यान नहीं गया, तो शैक्षणिक जगत में कोचिंग दुग्ध उत्पादन की क्षमता को क्षणिक रूप से बढ़ाने वाली आक्सीटोसिन इंजेक्शन का पर्याय बन कर रह जाएगी।

## सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता बढ़ाने का हो प्रयास

ज्योति रंजन पाठक

देश में शिक्षा का अधिकार कानून लागू हुए डेढ़ दशक से अधिक समय हो चुका है। इस बीच स्कूलों तक बच्चों की पहुंच बढ़ी है, नामांकन का दायरा विस्तृत हुआ है और सरकारी विद्यालयों में आधारभूत सुविधाओं में भी पहले की तुलना में सुधार हुआ है। फिर भी एक बुनियादी सवाल अब भी हमारे सामने खड़ा है कि क्या स्कूल पहुंचने वाला हर बच्चा अपेक्षित स्तर की शिक्षा हासिल कर पा रहा है? वस्तुतः सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में सुधार इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि देश की स्कूली शिक्षा का सबसे बड़ा आधार यही विद्यालय हैं। देश में आज लगभग 14.71 लाख स्कूल हैं, जिनमें लगभग 10.13 लाख यानी 69 प्रतिशत सरकारी स्कूल हैं। इन विद्यालयों में लगभग 12.16 करोड़ विद्यार्थी पढ़ते हैं। अर्थात सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता में मामूली सुधार भी करोड़ों बच्चों के भविष्य को प्रभावित कर सकता है। लेकिन चुनौती स्कूलों की संख्या या नामांकन से आगे की है। आंकड़े बताते हैं कि ग्रामीण भारत में कक्षा तीन के सरकारी स्कूलों के केवल 23.4 प्रतिशत बच्चे कक्षा दो के स्तर का पाठ पढ़ पा रहे थे। कक्षा पांच में यह अनुपात 44.8 प्रतिशत रहा। गणित में कक्षा तीन के सरकारी स्कूलों के सिर्फ 27.6 प्रतिशत बच्चे घटाव का सवाल हल कर सके। कक्षा पांच में केवल 26.5 प्रतिशत बच्चे भाग का सवाल हल कर पाए। ये आंकड़े किसी एक राज्य या क्षेत्र की समस्या नहीं, बल्कि स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता के सामने मौजूद व्यापक चुनौती की ओर संकेत करते हैं।

ऐसे में सबसे पहले शिक्षा व्यवस्था को 'नामांकन केंद्रित' से 'सीखने के परिणाम केंद्रित' बनाना होगा। लंबे समय तक यह मान लिया गया कि बच्चा स्कूल में आ रहा है तो शिक्षा व्यवस्था अपना काम कर रही है। अब यह दृष्टिकोण बदलना होगा। बच्चे की वास्तविक उपलब्धि यह है कि वह अपनी कक्षा के अनुरूप पढ़, लिख और गणितीय समस्याओं को हल कर पा रहा है या नहीं। इसके लिए प्रत्येक स्तर पर नियमित और सरल आकलन जरूरी है।

गहनता से देखा जाए तो इस पूरी प्रक्रिया में शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की कमी, उनकी तैनाती में असंतुलन और गैर-शैक्षणिक कार्यों का बोझ जैसी समस्याओं का समाधान किए बिना गुणवत्ता सुधार की कल्पना अधूरी रहेगी। शिक्षक प्रशिक्षण को भी केवल औपचारिकता से निकालकर कक्षा-केंद्रित बनाना होगा। शिक्षक को यह पता होना चाहिए कि अलग-अलग सीखने की क्षमता वाले बच्चों को एक ही कक्षा में किस प्रकार से प्रभावी ढंग से पढ़ाया जाए।

इस बीच डिजिटल शिक्षा ने सरकारी विद्यालयों के लिए नई संभावनाएं खोली हैं। किंतु यह तकनीक तभी प्रभावी होगी, जब उसके पीछे प्रशिक्षित शिक्षक और स्पष्ट शैक्षणिक उद्देश्य होगा। विद्यालयों की जवाबदेही बढ़ाना भी समय की मांग है। केवल परीक्षा परिणाम या नामांकन को विद्यालय के प्रदर्शन का पैमाना मानना पर्याप्त नहीं। शिक्षक उपलब्धता, सीखने की प्रगति, सुविधाओं का उपयोग और अभिभावकों की भागीदारी जैसे मानकों को भी मूल्यांकन में शामिल किया जाना चाहिए। अच्छे प्रदर्शन वाले विद्यालयों की कार्यप्रणाली का अध्ययन कर उसे दूसरे विद्यालयों में लागू किया जा सकता है। स्कूल प्रबंधन समितियों को सक्रिय कर विद्यालय की व्यवस्था और बच्चों की प्रगति पर नियमित संवाद किया जा सकता है। सरकारी स्कूलों के प्रति समाज में भरोसा तभी बढ़ेगा, जब वहां पढ़ने वाले बच्चों के परिणाम दिखाई देंगे। अब समय आ गया है कि शिक्षा व्यवस्था की सफलता का पैमाना यह न हो कि कितने बच्चे स्कूल पहुंच रहे हैं, यह हो कि स्कूल पहुंचने के बाद कितने बच्चे वास्तव में सीख रहे हैं। सरकारी स्कूलों की गुणवत्ता सुधारना किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, समान अवसर और देश के भविष्य से जुड़ा दायित्व है।

(शिक्षा मामलों के जानकार)

खरी-खरी

## कहां गए वे लोग

पूरन शर्मा

साहित्य में जो लोग घर फूंक कर तमाशा देखा करते थे, पता नहीं आज वे लोग कहां चले गए! दरअसल वे असली साहित्यकार लोग थे। नाक-नक्शे में तो ये लोग हमारी ही तरह थे, परंतु इनकी मुद्रा गंभीर तथा स्वभाव के ये चिड़चिड़े हुआ करते थे। ये लोग थे तो लेखक ही, परंतु लिखते कम और बोलते ज्यादा थे। लिखने के बाद ये लोग अपनी रचनाओं को बांधकर सोने के पलंग के नीचे रख देते थे। प्रकाशन के लिए उन दिनों लघु पत्रिकाएं निकला करती थीं। ये असली साहित्यकार ही इन्हें निकाला करते थे। घर के जेवर या वेतन से वे इन पत्रिकाओं का अनियतकालिक प्रकाशन जारी रखते थे। इनमें उनके ही जैसे खुरदरे और चिड़चिड़े लोगों की रचनाओं का प्रकाशन हुआ करता था। ये लोग अपने को साहित्य का नियंता व नियामक माना करते थे, साहित्य की नींव इन्हीं पर टिकी हुई थी।

जो लोग साहित्यिक लघु पत्रिकाओं का प्रकाशन किया करते थे, वे संपादक व साहित्यकार दोनों हुआ करते थे। वे सेठों से चंदा भी अपने पत्रों को चलाने के लिए लिया करते थे। सेठ उन्हें निरीह, असहाय तथा गिरा हुआ समझकर दयाभाव से विज्ञापन रूप में कुछ आर्थिक सहयोग देकर उपकृत कर दिया करते थे। ये अपने लेखन में पूंजीपतियों की धज्जियां उड़ाते तथा सर्वहारा के संघर्ष की बात पर जोर देते थे। इसलिए ये लोग जुझारू रूप में भी जाने गए। सेठ यह जानते हुए भी कि इन लघु-पत्रिकाओं के प्रकाशक उन्हें गालियां देते हैं, उसके बाद भी अपना सहयोग जारी रखते थे। वह इसलिए कि ये पत्रिकाएं केवल कुछ सौ की संख्या में हुआ करती थीं तथा उन्हीं के बहुत छोटे दायरे में मात्र असली साहित्यकारों में ही पढ़ी जाती थीं। आम आदमी तक उनकी पहुंच नहीं थी और यदि वह साहित्य आम आदमी तक पहुंच भी जाता था, तो वह समझ नहीं पाता था। अतः उसकी उपादेयता मात्र लेखक समुदाय के मध्य ही मानी जाती थी। व्यावसायिक लेखक इन पत्रिकाओं को देखकर उस समय हंसा करते थे। उन्हें हंसता देखकर वे लोग दांत पीसते थे तथा वे उनके कोप के भाजन हो जाया करते थे। लेकिन अब ऐसे लोग नहीं रहे।

### पोस्ट

अर्थव्यवस्था के प्रत्येक क्षेत्र में वृद्धि दर्ज हुई है। यह दर्शाता है कि वैश्विक गतिरोधों के बावजूद पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत आपूर्ति शृंखला को सुचारु बनाए रखने में सफल रहा है। अखिलेश मिश्रा@amishra77

हमारे नीति-नियंताओं एवं उद्यमियों ने एक बड़े भूराजनीतिक झंझावात को भी भारत की सामर्थ्य और दृढ़ता के अवसर में बदल दिया है। गौतम चिकरमाने@gchikermane

एक ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री दूसरे देशों के साथ समझौतों पर चर्चा के लिए विदेश में हैं, तब जीडीपी के शानदार आंकड़े भारत के पक्ष को और मजबूती से रखने का माध्यम बनेंगे।
पल्लवी घोष@_pallavighosh



हिमालयी इलाके में मुकाबला इस पर होना चाहिए कि कौनसा पक्ष इस साझा इकोलाजिकल क्षेत्र को बचाने के उपाय सुझा सकता है, न कि ऐसे आत्मघाती इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने की होड़ में शामिल होना चाहिए, जो भविष्य में प्रकृति से मिलने वाले और भी कड़े सबक भुगतने पर मजबूर कर दे। नाजुक हिमालयी इलाकों को बचाने के मामले में भारत का हालिया रिकार्ड बहुत खराब रहा है।
जोरावर दौलत सिंह@Z_DauletSingh

### जागरण जनमत

कल का परिणाम

**जीडीपी का 7.8 प्रतिशत रहना यह साबित करता है कि अर्थव्यवस्था वैश्विक उथल पुथल का सामना करने में सक्षम है?**




सभी आंकड़े प्रतिशत में

**आज का सवाल**

क्या सीजेपी के धरने में प्रदर्शनकारियों पर दर्ज एफआइआर वापस लेने का फैसला सही है?

परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है

### जनपथ

अर्थव्यवस्था देश की चहुंदिश बम-बम होय,
किंतु विपक्षी पार्टियां रहीं फूटकर रोय।
रहीं फूटकर रोय प्रगति इनको ना भाती,
रहे 'फ्रेजाइल' देश दशा बस यही सुहाती।
मनमोहन के काल रही दयनीय अवस्था,
अब कैसे मजबूत हो गई अर्थव्यवस्था!
–ओम प्रकाश तिवारी



डा. शुभम केवलिया
प्रोफेसर, शहीद भगत सिंह कालेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

# हिमालय में विद्युत परियोजनाओं के जोखिम

भारत की बढ़ती ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में जलविद्युत की भूमिका महत्वपूर्ण है। हिमालय की तेज बहाव वाली नदियां देश के लिए स्वच्छ और अपेक्षाकृत स्थिर अक्षय ऊर्जा का बड़ा स्रोत हैं। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण हिमालयी राज्यों में नई जलविद्युत परियोजनाओं की संभावनाओं का निरंतर आकलन कर रहा है। लेकिन हिमालय को केवल 'पानी और बिजली का भंडार' मानकर वहां अंधाधुंध परियोजनाएं खड़ी करना गंभीर भूल साबित हो सकती है।

वस्तुतः हिमाचल पर्वत शृंखला भूगर्भीय रूप से युवा, भूकंप-संवेदनशील और जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों से जूझ रही है। ऐसे में सवाल जलविद्युत के विरोध का नहीं, बल्कि सुरक्षित और टिकाऊ जलविद्युत विकास का है। हिमालय की अस्थिरता का हालिया संकेत बीते सप्ताह नेपाल-तिब्बत सीमा क्षेत्र में आए विनाशकारी जलप्रलय के बाद देखने में आया है। इस आपदा में कई जलविद्युत परियोजनाएं और उनसे जुड़ा बुनियादी ढांचा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। नेपाल की बिजली क्षमता का लगभग 10 प्रतिशत तक इससे प्रभावित होने की रिपोर्ट आ रही है। यह घटना भारत के लिए भी चेतावनी है, क्योंकि हिमालय की प्राकृतिक आपदाएं राजनीतिक सीमाओं को नहीं मानतीं।

भारत में ग्लेशियल लेक आउटबर्स्ट फ्लड यानी ग्लेशियल झील के अचानक फटने से आने वाली बाढ़ विशेष चिंता का विषय है। एक वैज्ञानिक अध्ययन के तहत भारतीय हिमालय में 0.05 वर्ग किलोमीटर से बड़ी 329 ग्लेशियल झीलों को शामिल किया गया है, जिनमें 23 को बहुत अधिक और 50 को उच्च जोखिम वाली झीलों के रूप में रेखांकित किया गया है। साथ ही, 67 झीलों के संभावित बाढ़ मार्ग में कम-से-कम एक जलविद्युत प्रणाली मौजूद थी। इस अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 1993 से 2018 के बीच इन झीलों के क्षेत्रफल में औसतन 15.84 प्रतिशत विस्तार हुआ। इसका अर्थ साफ है कि जिस क्षेत्र में ग्लेशियर और झीलें बदल रही हों, वहां बाढ़ से जुड़े पुराने आंकड़ों के आधार पर किसी बांध या पावर प्रोजेक्ट की सुरक्षा तय नहीं की जा सकती।



हिमालय क्षेत्र में जलविद्युत परियोजनाओं से जुड़े खतरों के प्रति ध्यान दिया जाना चाहिए। फाइल

दूसरा बड़ा खतरा भूकंप से जुड़ा है। हिमालय भारतीय और यूरेशियाई टेक्टोनिक प्लेटों के निरंतर टकराव से निर्मित सक्रिय पर्वतीय क्षेत्र है। यहां बड़े भूकंप की आशंका हमेशा बनी रहती है। बांधों के अलावा सुरंग, पावर प्रोजेक्ट, पुल और ट्रांसमिशन लाइनें भी भूकंपीय झटकों और उसके बाद होने वाले भूस्खलनों की चपेट में आ सकती हैं। तीसरा जोखिम है भूस्खलन और परियोजना निर्माण का आपसी संबंध। सुरंगों के लिए पहाड़ों को काटना, चौड़ी सड़कें बनाना और भारी मशीनरी पहुंचाना स्वाभाविक रूप से ढलानों पर दबाव डालता है। हिमालय में कमजोर चट्टानी संरचना और मानसूनी वर्षा के कारण यह जोखिम और बढ़ जाता है।

दरअसल जलविद्युत परियोजनाओं का जोखिम केवल प्राकृतिक आपदा तक सीमित नहीं है। नदियों के प्राकृतिक प्रवाह में बदलाव, तलछट का जमाव, जलीय जैव विविधता पर प्रभाव और स्थानीय समुदायों की आजीविका भी महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। एक ही नदी घाटी में कई परियोजनाएं बनने पर इनके सामूहिक प्रभाव का आकलन और अधिक जरूरी हो जाता है। अलग-अलग परियोजनाओं की पर्यावरणीय मंजूरी पर्याप्त नहीं; पूरी नदी घाटी के स्तर पर अध्ययन आवश्यक है। जलवायु परिवर्तन इस चुनौती को और जटिल बना रहा है। बढ़ता तापमान ग्लेशियरों और पर्वतीय ढलानों की स्थिरता को प्रभावित कर सकता है।

इसका समाधान जलविद्युत परियोजनाओं को पूरी तरह रोक देना नहीं है। जलविद्युत भारत की ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के आंकड़ों के अनुसार, जून 2026 तक भारत की कुल स्थापित बिजली क्षमता 5.13 लाख मेगावाट से अधिक थी और जलविद्युत इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। आवश्यकता विकास के तरीके को बदलने की है। हर परियोजना से पहले भूकंप, भूस्खलन, अत्यधिक वर्षा और भविष्य के जलवायु परिदृश्यों का संयुक्त जोखिम आकलन अनिवार्य होना चाहिए। संवेदनशील क्षेत्रों में रियल-टाइम मौसम एवं जल-स्तर निगरानी, उपग्रह आधारित निगरानी और प्रभावी पूर्व चेतावनी प्रणाली विकसित करनी होगी। हिमालय में विकास की सीमा तय की जानी चाहिए।

यह सही है कि भारत को बिजली भी चाहिए और सुरक्षित हिमालय भी। इसलिए, जलविद्युत नीति की सफलता केवल इस बात से नहीं मापी जानी चाहिए कि कितने मेगावाट बिजली पैदा हुई, बल्कि इससे भी कि कितनी बिजली बिना हिमालय की प्राकृतिक सुरक्षा को कमजोर किए पैदा की गई। ऊर्जा सुरक्षा और पारिस्थितिक सुरक्षा को आमने-सामने खड़ा करने के बजाय दोनों को साथ लेकर चलना ही हिमालय के भविष्य और देश की ऊर्जा आवश्यकता के बीच सही संतुलन होगा।

मंथन



सतीश सिंह
आर्थिक मामलों के जानकार

# आर्थिकी की संतुलित गति

चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। यह अच्छी शुरुआत है। आशा की जानी चाहिए कि आर्थिकी की यह गति पूरे वर्ष जारी रह सकती है




भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत ऐसे समय में मजबूत प्रदर्शन के साथ की है, जब वैश्विक अर्थव्यवस्था व्यापारिक तनाव, भूराजनीतिक संघर्ष, संरक्षणवादी नीतियों और आपूर्ति-शृंखला की अनिश्चितताओं से जूझ रही है। अप्रैल-जून तिमाही में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही, जो भारतीय रिजर्व बैंक के सात प्रतिशत के अनुमान से अधिक है। इसके साथ ही, अप्रैल-जुलाई के दौरान केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले घटा है। तेज आर्थिक वृद्धि और नियंत्रित राजकोषीय घाटे का मेल अर्थव्यवस्था की संतुलित चाल का संकेत देता है।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में स्थिर कीमतों पर वास्तविक जीडीपी 81.36 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में यह 75.46 लाख करोड़ रुपये थी। दोनों आंकड़ों का अंतर बताता है कि अर्थव्यवस्था में उत्पादन और गतिविधियों का विस्तार हुआ है। वास्तविक जीडीपी से महंगाई के प्रभाव को अलग रखा जाता है, इसलिए 7.8 प्रतिशत की वृद्धि को केवल कीमतों में बढ़ोतरी का परिणाम नहीं माना जा सकता। यह वस्तुओं और सेवाओं के उत्पादन में आई तेजी को दर्शाती है।

वर्तमान कीमतों पर देश की सांकेतिक यानी नामिनल जीडीपी भी 10.3 प्रतिशत बढ़कर 88.27 लाख करोड़ रुपये हो गई। पिछले वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में यह करीब 80 लाख करोड़ रुपये थी। वास्तविक और सांकेतिक जीडीपी के बीच का अंतर अर्थव्यवस्था में कीमतों की भूमिका को सामने लाता है। सांकेतिक जीडीपी का बढ़ना सरकार के कर-संग्रह, कारपोरेट आय, कर्ज अनुपात और बजटीय गणनाओं के लिए महत्त्वपूर्ण है। लेकिन आम लोगों की जीवन-स्थितियों का आकलन करते समय वास्तविक वृद्धि, रोजगार और आय में सुधार को अधिक महत्त्व देना चाहिए।

सकल मूल्यवर्धन यानी जीवीए के आंकड़े उत्पादन क्षेत्र की स्थिति को स्पष्ट करते हैं। पहली तिमाही में स्थिर कीमतों पर वास्तविक जीवीए 73.82 लाख करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 68.21 लाख करोड़ रुपये से 8.2 प्रतिशत अधिक है। जीवीए की वृद्धि दर जीडीपी वृद्धि से भी तेज रही है। इसका अर्थ है कि कृषि, उद्योग और सेवा जैसे उत्पादक क्षेत्रों में मूल्यवर्धन की गति अपेक्षाकृत मजबूत रही। मौजूदा कीमतों पर जीवीए 11.5 प्रतिशत बढ़कर 80.53 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया, जबकि एक वर्ष पहले 72.24 लाख करोड़ रुपये था।

अर्थव्यवस्था की दूसरी उत्साहजनक तस्वीर राजकोषीय घाटे से उभरती है। वित्त वर्ष 2026-27 के पहले चार महीनों यानी अप्रैल से जुलाई के दौरान केंद्र सरकार का राजकोषीय घाटा 4.55 लाख करोड़ रुपये रहा। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह लगभग 4.70 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह एक वर्ष में घाटा लगभग 15 हजार करोड़ रुपये कम हुआ है। वर्तमान घाटा पूरे वित्त वर्ष के बजटीय लक्ष्य का 26.8 प्रतिशत है, जबकि पिछले वर्ष समान अवधि में यह उस वर्ष के लक्ष्य का 29.9 प्रतिशत था।

राजकोषीय घाटा सरकार की कुल आय और कुल खर्च के बीच के अंतर को दर्शाता है, जिसे उधार लेकर पूरा किया जाता है। घाटा नियंत्रित रहने से सरकार की उधारी की जरूरत सीमित हो सकती है। इससे बाजार में ब्याज दरों पर दबाव कम करने, निजी क्षेत्र के लिए पूंजी की उपलब्धता बढ़ाने और सरकारी ऋण को व्यवस्थित रखने में मदद मिलती है। राजकोषीय अनुशासन निवेशकों और रेटिंग एजेंसियों का भरोसा भी मजबूत करता है। यह महंगाई के प्रबंधन में भी सहायक हो सकता है, बशर्ते घाटे में कमी टिकाऊ राजस्व वृद्धि से आई हो।

मजबूत जीडीपी और घटते घाटे के बावजूद चुनौतियां समाप्त नहीं हुई हैं। वैश्विक व्यापार में तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, कमजोर निर्यात मांग और मौसम से जुड़ी अनिश्चितताएं विकास को प्रभावित कर सकती हैं। घरेलू स्तर पर रोजगार सृजन, ग्रामीण मांग, निजी पूंजी निवेश और छोटे उद्यमों की वित्तीय स्थिति पर ध्यान देना होगा। आर्थिक वृद्धि का वास्तविक अर्थ तभी है, जब इसका असर आम आदमी की आय, क्रयशक्ति व जीवन-स्तर पर दिखाई दे।

फिलहाल पहली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि और अप्रैल-जुलाई में राजकोषीय घाटे में कमी उत्साह बढ़ाती है। अर्थव्यवस्था ने वृद्धि और अनुशासन के बीच संतुलन बनाने की दिशा में अच्छी शुरुआत की है। अब चुनौती इस गति को पूरे वर्ष बनाए रखने, विकास को रोजगारपरक बनाने और राजकोषीय अनुशासन के साथ सामाजिक तथा पूंजीगत व्यय को सुरक्षित रखने की है। यदि वृद्धि का लाभ व्यापक स्तर तक पहुंचे और घाटे में कमी विकास की कीमत पर न हो, तो यह संतुलित चाल अर्थव्यवस्था को अधिक टिकाऊ और समावेशी मंजिल तक ले जा सकती है।

### अगस्त में कोल इंडिया का उत्पादन 5.7 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली:** इस वर्ष अगस्त में सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड का कोयला उत्पादन वार्षिक आधार पर 5.7 प्रतिशत घटकर 4.75 करोड़ टन रहा है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि इस दौरान कोयला अपूर्ति 5.5 प्रतिशत बढ़कर 6.06 करोड़ टन रही है। पिछले वर्ष अगस्त में कंपनी का उत्पादन 5.04 करोड़ टन और आपूर्ति 5.74 करोड़ टन थी। अप्रैल-अगस्त 2026 के बीच कोयला उत्पादन 26.75 करोड़ टन रहा है। (एएनआइ)



भारत की घरेलू आर्थिक गति को बनाए रखने के लिए निजी पूंजीगत खर्च एक अहम कड़ी है और अभी यह गायब दिख रहा है। - **देबोपम चौधरी, मुख्य अर्थशास्त्री, पीरामल फाइनेंस**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 76,944.28 | ▼ 12.99 |
| निफ्टी | 24,055.80 | ▼ 24.60 |
| सोना प्रति दस ग्राम | ₹ 1,58,200 | ▼ ₹ 2,700 |
| चांदी प्रति किलो ग्राम | ₹ 2,40,500 | ▼ ₹ 5,000 |
| डालर | ₹ 94.95 | ▼ ₹ 0.27 |
| क्रूड प्रति बैरल | $ 92.33 | |

# अगस्त में भी अर्थव्यवस्था का मजबूत प्रदर्शन जारी

## जीएसटी संग्रह में 15 प्रतिशत से ज्यादा की बढ़ोतरी, वाहन बिक्री, बिजली और पेट्रोल-डीजल की खपत में भी इजाफा

राजीव कुमार • जागरण

- एसबीआइ-एचडीएफसी बैंक ने पूरे वित्त वर्ष के लिए विकास अनुमान बढ़ाया
- पिछले महीने बिजली की खपत 13 प्रतिशत बढ़कर 169 अरब यूनिट रही



**नई दिल्ली:** चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रही है और आर्थिकी का यह मजबूत प्रदर्शन जारी है। अगस्त 2026 में आर्थिकी के प्रमुख संकेतों- जीएसटी संग्रह, वाहन बिक्री, पेट्रोल-बिजली की खपत और यूपीआइ से लेनदेन में दोहरे अंक में वृद्धि रही है। अगस्त और इससे पहले जुलाई में भी आर्थिक सूचकांक के मजबूत प्रदर्शन को देखते हुए अर्थशास्त्रियों ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए अपने विकास दर के अनुमान को बढ़ा दिया है। देश के दो सबसे बड़े बैंक एसबीआइ व एचडीएफसी ने अपने विकास अनुमान में मंगलवार को इजाफा किया। एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष ने इस अनुमान को 6.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 7.3 प्रतिशत कर दिया। उनका मानना है कि दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर) में भी देश की विकास दर 7.3 प्रतिशत रहेगी। एचडीएफसी बैंक की प्रमुख अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने बताया कि चालू वित्त वर्ष में पहले हमने विकास दर 6.8 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया था जिसे बढ़ाकर अब 7.1 प्रतिशत कर दिया गया है। अगस्त के आर्थिक सूचकांक उनके अनुमान को सही साबित कर सकते हैं।

अगस्त में एक बार फिर से जीएसटी संग्रह 1,99,853 करोड़ रहा जो पिछले साल अगस्त के मुकाबले 15 प्रतिशत अधिक है। इस साल जुलाई में जीएसटी संग्रह 2.11 लाख करोड़ रुपये था। इस साल अगस्त में वाहनों की बिक्री में पूर्व के महीनों की तरह तेजी जा रही। देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी ने इस अवधि में 2.19 लाख यूनिट की बिक्री की जो पिछले साल अगस्त के मुकाबले 21 प्रतिशत अधिक है। सिर्फ घरेलू स्तर पर मारुति सुजुकी की बिक्री में 34 प्रतिशत का इजाफा हुआ। टाटा मोटर्स की यात्री वाहनों की बिक्री में तो अगस्त में 56 प्रतिशत का इजाफा रहा। बिजली खपत की बात करें तो अगस्त में यह 169 अरब यूनिट रही जो पिछले साल अगस्त की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। विशेषज्ञों के अनुसार, देशभर में नमी वाले मौसम के कारण असल तापमान की तुलना में ज़्यादा गर्मी महसूस हुई, जिससे एयर कंडीशनर जैसे कूलिंग उपकरणों का इस्तेमाल बढ़ा और बिजली की मांग और खपत में बढ़ोतरी हुई।

### निर्यात में भी वृद्धि का सिलसिला जारी

पश्चिम एशिया संकट और होर्मुज जलडमरूमध्य के बाधित होने के बावजूद अगस्त के निर्यात में भी बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक एक से लेकर 21 अगस्त के बीच ही निर्यात में 15 प्रतिशत का इजाफा दर्ज किया जा चुका है जबकि समुद्री मार्ग पहले की तुलना में बड़ा हो गया है। आर्थिक जानकारों का कहना है कि अगस्त में रक्षाबंधन के समय से ही त्योहारी तैयारी शुरू हो जाती है। इस रुख को देखते हुए अक्टूबर-नवंबर में त्योहार के दौरान मांग में तेजी रहेगी जिससे अर्थव्यवस्था को और मजबूती मिलेगी। वस्तु की बिक्री बढ़ने से जीएसटी संग्रह बढ़ता है और राज्यों के राजस्व में भी इजाफा होता है। अगस्त में उत्तर प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड जैसे राज्यों के जीएसटी संग्रह में 15 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी रही।

### यूपीआइ से 29.80 लाख करोड़ रुपये के लेनदेन

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** अगस्त में यूपीआइ के जरिये 29.80 लाख करोड़ रुपये के ट्रांजेक्शन हुए। एक साल पहले इसी महीने में 24.85 लाख करोड़ रुपये के ट्रांजेक्शन हुए थे और इस तरह साल-दर-साल इसमें 20 प्रतिशत की सालाना बढ़ोतरी हुई है।

### पेट्रोल-डीजल की बिक्री बढ़ी, एलपीजी की मांग घटी

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** मानसून की अनियमित बारिश और मांग के चलते अगस्त में पेट्रोल और डीजल की बिक्री में तेजी आई। इंडियन आयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की पेट्रोल बिक्री पिछले महीने 9.1 प्रतिशत बढ़कर 34.80 लाख टन रही जबकि एक साल पहले इसी अवधि में यह 31.90 लाख टन थी। अगस्त में हुई यह बढ़ोतरी जुलाई में साल-दर-साल 9.7 प्रतिशत की वृद्धि के बाद हुई है। भारत में आर्थिक गतिविधि का मुख्य संकेतक माने जाने वाले डीजल की बिक्री अगस्त में साल-दर-साल 10.2 प्रतिशत बढ़कर 62.70 लाख टन हो गई, जो एक साल पहले 56.90 लाख टन थी। पिछले महीने एलपीजी की बिक्री 16.1% घटकर 24.20 लाख टन रह गई।

## बैंकों में पैसा जमा करने को कम प्राथमिकता दे रहे युवा




देश का युवा वर्ग बैंक में पैसा जमा करने को ज्यादा प्राथमिकता नहीं दे रहा है। यही कारण है कि देश के बैंकों में व्यक्तिगत जमा में 25-40 वर्ष की उम्र के लोगों की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत से भी कम है। आरबीआइ के डाटा से यह जानकारी सामने आई है। डाटा के अनुसार, अप्रैल-जून 2026 तिमाही के अंत तक बैंकों में व्यक्तिगत जमा में 40 साल से ज्यादा उम्र के लोगों की हिस्सेदारी 76 प्रतिशत रही है। नीति निर्माता भी कह चुके हैं ज्यादा उम्र के लोगों की तुलना में युवा वर्ग शेयर और म्यूचुअल फंड जैसे पूंजी बाजार इंस्ट्रूमेंट्स को ज्यादा पसंद करता है।

**20%** से कम हिस्सेदारी 25 से 40 वर्ष के लोगों की व्यक्तिगत जमा में

**76%** हिस्सेदारी 40 साल से ज्यादा उम्र के लोगों की बैंक जमा में

### कुल जमा में घरेलू क्षेत्र का सबसे बड़ा योगदान

**58.8%** हिस्सेदारी रही घरेलू क्षेत्र की बीती तिमाही में बैंक जमा में

आरबीआइ के अनुसार, अप्रैल-जून 2026 तिमाही के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की कुल जमा वृद्धि वार्षिक आधार पर 11.6 प्रतिशत रही है। इस दौरान प्राइवेट बैंकों की जमा में 13.8 प्रतिशत और सरकारी बैंकों की जमा में 10.3 प्रतिशत वृद्धि हुई है। बैंक जमा में घरेलू क्षेत्र की 58.8 प्रतिशत हिस्सेदारी रही है। नई जमा राशि का 98.9 प्रतिशत हिस्सा भी इसी क्षेत्र से आया है।

### टर्म डिपाजिट से बढ़ी कुल जमा राशि

डाटा के मुताबिक, बीती तिमाही के दौरान कुल जमा राशि बढ़ने में टर्म डिपाजिट मुख्य कारण रहा है। जून तिमाही के दौरान टर्म डिपाजिट में 12.9 प्रतिशत की वृद्धि रही है, जो चालू खाता जमा की 5.3 प्रतिशत और बचत खाता जमा की 10.6 प्रतिशत से ज्यादा थी। जून 2026 के अंत तक कुल टर्म डिपाजिट में एक करोड़ रुपये और उससे ज्यादा जमा का हिस्सा 47.3 प्रतिशत था।

### कर्ज वृद्धि दर 16.5% पर पहुंची

जून तिमाही के अंत तक बैंकों की कर्ज वितरण की वृद्धि दर बढ़कर 16.5 प्रतिशत हो गई, जो पिछले साल समान अवधि में 9.9 प्रतिशत थी। इसका मुख्या कारण कारपोरेट सेक्टर के लोन रहे, जिनमें 21.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस दौरान महिलाओं को दिए लोन की वृद्धि दर 19.7 प्रतिशत रही, जो एक वर्ष पहले समान अवधि में 12.9 प्रतिशत थी।

**19.7%** रही महिलाओं को दिए लोन की वृद्धि दर जून तिमाही में

जागरण इन्फो, इनपुट-प्रेट्र

### एक नजर में

#### डालर के मुकाबले रुपया 28 पैसे मजबूत हुआ

**मुंबई:** मंगलवार को भारतीय मुद्रा डालर के मुकाबले 28 पैसे बढ़कर लगभग दो महीने के उच्चस्तर 94.94 पर बंद हुई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि एमएससीआइ से जुड़े निवेश से रुपये को सहारा मिल रहा है। कारोबारियों का मानना है रुपये को सहारा देने के लिए आरबीआइ ने भी दखल दिया है। (प्रेट्र)

#### 2026-27 के लिए 7.8 करोड़ आइटीआर दाखिल

**नई दिल्ली:** आयकर विभाग ने मंगलवार को बताया कि आकलन वर्ष 2026-27 के लिए 31 अगस्त तक 7.8 करोड़ से ज्यादा आयकर रिटर्न (आइटीआर) दाखिल हुए हैं। पिछले आकलन वर्ष 2025-26 के लिए 7.3 करोड़ आइटीआर दाखिल हुए थे, जबकि गैर-आडिट रिटर्न के लिए अंतिम तिथि को बढ़ाकर 16 सितंबर 2025 किया गया था। (प्रेट्र)

## पांच कारोबारी सत्रों में सोना 8,900 रुपये सस्ता हुआ



- दिल्ली में 1,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हुआ सोने का मूल्य
- चांदी पांच हजार रुपये घटकर 2,40,500 प्रति किलो पर आई

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** मंगलवार को सोना 2,700 रुपये घटकर लगभग दो सप्ताह के निचले स्तर 1,58,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। यह कीमती धातु 19 अगस्त को भी लगभग इसी स्तर पर कारोबार कर रही थी और उस समय की इसकी कीमत 1,58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। पिछले कारोबारी सत्रों में सोना 8,900 रुपये या 5.3 प्रतिशत गिरा है। 25 अगस्त को सोने का दाम 1,67,100 रुपये प्रति 10 ग्राम था।

चांदी भी 5,000 रुपये घटकर 2,40,500 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। बुलियन (सोना-चांदी) पर दबाव इसलिए आया क्योंकि अमेरिका और ईरान के बीच नए तनाव से तेल की कीमतें बढ़ गईं, जिससे महंगाई की चिंताएं बढ़ गईं और ब्याज दरों के परिदृश्य पर फोकस तेज हो गया। आनंद राठी शेयर एंड स्टाक ब्रोकर्स लिमिटेड की कमोडिटीज और करेंसी रिसर्च एनालिस्ट वेदिका नार्वेकर ने कहा कि तेल की कीमतों में उछाल से घरेलू सोने की कीमतों पर दबाव है। इससे महंगाई की चिंताएं बढ़ रही हैं, जिससे सोने के लिए परिदृश्य और भी महत्वपूर्ण हो गया है।

## जान टर्नस ने एपल के सीईओ का पद संभाला

**न्यूयार्क, एपी:** मशहूर टेक कंपनी एपल के नए सीईओ जान टर्नस ने एक सितंबर को कामकाज संभाल लिया। इसके साथ ही टिम कुक का 15 साल का कार्यकाल खत्म हो गया। इस दौरान आइफोन की जबरदस्त लोकप्रियता की वजह से कंपनी का मूल्यांकन बढ़कर 4.6 ट्रिलियन डालर हो गया।



जान टर्नस •

नए सीईओ का आना एपल के लिए एक अहम मोड़ है। टर्नस के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) की दौड़ में एपल को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के तरीकों को खोजने के अलावा, उन्हें सप्लाई चेन से जुड़े सवालों और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जैसे लोगों के साथ रिश्तों को भी संभालना होगा। ट्रंप ने मंगलवार को उनके कुक की सार्वजनिक रूप से तारीफ की थी।

## मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि पांच साल के निचले स्तर पर

**नई दिल्ली, प्रेट्र:** कम मांग के कारण उत्पादन और नए आर्डर में कमी से अगस्त में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की वृद्धि दर घटकर पांच साल के निचले स्तर पर आ गई। पीएमआइ इंडेक्स जुलाई के 53.5 से घटकर अगस्त में 52.8 हो गया, जो पिछले पांच सालों में इस क्षेत्र की स्थिति में सबसे कम सुधार का संकेत है।

परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएमआइ) की भाषा में, 50 से ऊपर का स्कोर विस्तार दिखाता है, जबकि 50 से नीचे का स्कोर गिरावट दर्शाता है। कंपनियों ने बताया कि मांग कम थी, जिसके चलते खरीदारी के स्तर और स्टाक में कम वृद्धि हुई और रोजगार में भी थोड़ी गिरावट आई। सर्वे में शामिल लोगों ने धीमी बढ़ोतरी का कारण विपरीत बाजार परिस्थितियों और कुछ खास उत्पादों की कम मांग को बताया।

### चालू खाता घाटा पहली तिमाही में बढ़कर 4.2 अरब डालर पर

**मुंबई, प्रेट्र:** देश का चालू खाते का घाटा (कैड) वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में बढ़कर 4.2 अरब डालर यानी सकल घरेलू उत्पाद का 0.5 प्रतिशत रहा। आरबीआइ के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, एक साल पहले इसी तिमाही में चालू खाते का घाटा 3.4 अरब डालर यानी जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) का 0.4 प्रतिशत था। चालू खाते का घाटा तब होता है जब कोई देश विदेशी वस्तुओं, सेवाओं, निवेश और हस्तांतरण के लिए विदेशों में बाकी दुनिया से प्राप्त होने वाली राशि से अधिक पैसा भेजता है।

बिजनेस से जुड़ी खबरों और अपडेट के लिए स्कैन करें या विजिट करें jagran.com

## अंतरराष्ट्रीय

## इमरान व उनकी पत्नी को एकांत कारावास में नहीं रखने का निर्देश

- पाकिस्तानी हाई कोर्ट ने जेल अधिकारियों को दिए कई निर्देश



इमरान खान। फाइल



बुशरा बीबी। फाइल

**इस्लामाबाद, प्रेट्र:** पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल अधिकारियों को मंगलवार को यह सुनिश्चित करने निर्देश दिया कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को एकांत कारावास में नहीं रखा जाए। क्रिकेटर से नेता बने इमरान और उनकी पत्नी इस समय रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। दोनों भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों में लंबी सजा काट रहे हैं।

इस्लामाबाद हाई कोर्ट के न्यायाधीश खादिम हुसैन सोमरो ने यह फैसला सुनाया। कोर्ट ने इमरान और बुशरा को कथित तौर पर एकांत कारावास में रखे जाने को चुनौती देने वाली याचिकाओं को सुनवाई योग्य माना। कोर्ट ने यह भी निर्देश दिया कि इमरान के परिवार के सदस्यों को जेल नियमों के तहत उनसे मिलने की अनुमति दी जाए। जेल अधिकारियों को उनके बेटों से फोन पर बातचीत की व्यवस्था करने का आदेश दिया।कोर्ट ने अदियाला जेल अधिकारियों को निर्देश दिया कि इमरान को प्रतिदिन समाचार पत्र व किताबें उपलब्ध कराई जाएं और जेल नियमों के अनुसार उन्हें चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। कोर्ट ने अदियाला जेल अधीक्षक को इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने और 15 दिन के अंदर अनुपालन रिपोर्ट पेश करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि 73 वर्षीय इमरान खान अगस्त, 2023 से जेल में हैं। जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को भ्रष्टाचार के एक मामले में सजा सुनाए जाने के बाद पहली बार 31 जनवरी, 2024 को जेल भेजा गया था।

## हिंदू लड़की के जबरन निकाह के बाद पाक कोर्ट ने माता-पिता को सौंपा

**लाहौर, प्रेट्र:** पाकिस्तान की एक अदालत ने एक हिंदू लड़की को उसके माता-पिता को सौंप दिया, जिससे एक मुस्लिम व्यक्ति ने जबरन निकाह किया था। पिछले हफ्ते गायब हुई हिंदू युवती के मामले पर अदालत ने हिंदू बेटी को तत्काल उसके माता-पिता को सौंप दिया है। मुस्लिम पुरुष ने उस पर इस्लाम अपनाने और उससे निकाह करने का दबाव डाला।

21 वर्षीय रीता सिंध के सांगहार जिले के खिपरो तहसील के राणा राजपूत कालोनी की निवासी, पिछले सप्ताह अपने गृहनगर से लापता हो गई थीं। भाई रवि शंकर ने आरोप लगाया कि परिवार के निवास से सीसीटीवी फुटेज में अज्ञात व्यक्तियों को उनकी बहन को 24 अगस्त को कीमती सामान और मोबाइल फोन के साथ ले जाते हुए देखा गया। रीता को पंजाब के गुजरांवाला ले जाया गया, जहां उसे इस्लाम अपनाने और पहले से विवाहित नजीर हुसैन से विवाह करने के लिए दबाव डाला गया।

## अमेरिका ने लगातार दूसरे दिन होर्मुज में ईरान के ठिकानों पर किए हमले

जेएनएन, नई दिल्ली

- अमेरिकी सेना ने कहा, आइआरजीसी के ठिकानों को बनाया जा रहा निशाना
- चाबहार बंदरगाह व केशम द्वीप समेत कई जगहों पर धमाके होने की खबर

पश्चिम एशिया में अमेरिका और ईरान के बीच फिर युद्ध भड़क रहा है। अमेरिका ने लगातार दूसरे दिन होर्मुज स्ट्रेट में ईरान के ठिकानों को निशाना बनाया। अमेरिकी सेना ने एक दिन पहले भी होर्मुज में ईरानी राकेट लांचरों को निशाना बनाया था, जो पिछले एक महीने में ईरान के खिलाफ अमेरिका की यह पहली सैन्य कार्रवाई थी। इसके जवाब में ईरान ने जार्डन और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मौजूद अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर मिसाइलें दागी थीं। क्षेत्र में एक बार फिर जंग छिड़ने से कच्चे तेल की कीमत में उछाल आया है।

रायटर के अनुसार, अमेरिकी सेंट्रल कमान ने मंगलवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'उसने आज दोपहर ईरान में इस्लामिक रिवोल्यूशरी गार्ड कोर (आइआरजीसी) के ठिकानों पर हमले शुरू किए।' जबकि ईरान के सरकारी प्रसारक ने बताया कि होर्मुज के उत्तरी हिस्से में ईरान के केशम द्वीप पर धमाकों की खबर मिली है। सरकार से जुड़ी समाचार एजेंसी नूर न्यूज के अनुसार, पोर्ट सिटी बंदर अब्बास और चाबहार बंदरगाह पर धमाकों की सूचना मिली है।

यह युद्ध 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमलों के साथ शुरू हुआ था। हालांकि यह समझौता जल्द ही विफल हो गया था। इस बीच, अमेरिकी वित्त मंत्री स्काट बेसेंट ने मंगलवार को कहा कि उनका देश ईरान के खिलाफ अपने आर्थिक अभियान के तहत इसी सप्ताह उसके बैंकों पर प्रतिबंधों का एलान कर सकता है।

### अंतरिम समझौते का यूएस सम्मान करेगा तो ईरान भी वैसा ही करेगा: पेजेश्कियान

**जेएनएन, नई दिल्ली:** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने मंगलवार को कहा कि अगर अमेरिका जून में हस्ताक्षरित अंतरिम समझौते के तहत अपनी प्रतिबद्धताओं का सम्मान करेगा तो ईरान भी वैसा ही करेगा। उनका यह बयान ऐसे समय आया, जब एक दिन पहले ही दोनों देशों ने एक-दूसरे के ठिकानों पर हमले किए थे। पश्चिम एशिया में महीनेभर की शांति के बाद ये हमले हुए। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान के पास कोई स्पष्ट नेता नहीं है।

रायटर के अनुसार, किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के दौरान पेजेश्कियान ने यह बयान दिया।

## रूसी हमले में यूक्रेन में मारे गए भारतीय समेत 12 लोग

**कीव, प्रेट्र:** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने मंगलवार को बताया कि उनके देश पर रूस के ताजा हमलों में मारे गए 12 लोगों में एक भारतीय नागरिक भी शामिल है। इन हमलों में ड्रोन और बैलिस्टिक मिसाइलों से इस पूर्वी यूरोपीय देश के कई शहरों को निशाना बनाया गया, जिससे आवासीय इमारतों और नागरिक बुनियादी ढांचों को नुकसान पहुंचा।

जेलेंस्की ने एक इंटरनेट मीडिया पोस्ट में कहा कि सोमवार शाम से ओडेसा शहर और उसके आसपास के क्षेत्र में गाइडेड एरियल बम और ड्रोन से हमले जारी हैं। इसके चलते हजारों घरों की बिजली गुल है। उन्होंने कहा, 'इन हमलों में कुल 12 लोगों की मौत हुई, जिनमें एक भारतीय नागरिक शामिल है। जिन लोगों ने अपने परिजनों और प्रियजनों को खोया है, मैं उनके प्रति संवेदनाएं व्यक्त करता हूं।' यूक्रेनी राष्ट्रपति ने बताया कि हमलों में कई लोग घायल हुए हैं। हमलों में कीव, ओडेसा, खेरसान, दोनेत्स्क को भी निशाना बनाया गया।

## गुलाम कश्मीर में लांचपैड पर जुट रहे जैश, लश्कर के आतंकी

- घाटी में आइएसआइ की फिर नापाक साजिश, तीनों समूहों को एकजुट कर बड़े हमले की तैयारी
- खुफिया अधिकारियों ने बताया- 'मरकज सुभानअल्लाह' में फिर से तेज हुईं आतंकी गतिविधियां



प्रतीकात्मक।

**नई दिल्ली, आइएएनएस:** आतंक के आकाओं की बेचैनी एक बार फिर जम्मू-कश्मीर की शांति में खलल डालने की साजिश रच रही है। भारतीय सुरक्षा बलों के पराक्रम से पिछले साल मई में 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान ध्वस्त हुए बहावलपुर स्थित जैश-ए-मोहम्मद के मुख्यालय 'मरकज सुभानअल्लाह' में गतिविधियां तो फिर से शुरू हो गई हैं, लेकिन इस बार आतंकियों की रणनीति और सुरक्षा के तौर-तरीके बदले हुए हैं। मुख्यालय में इस समय आतंकियों की संख्या बहुत कम रखने और शीर्ष नेतृत्व को वहां जाने से सख्त परहेज करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उन्हें किसी भी संभावित भारतीय हमले से सुरक्षित रखा जा सके।

साथ ही, पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आइएसआइ जम्मू-कश्मीर में जैश, लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन की अगुआई में बड़े पैमाने पर हमला करने की साजिश रच रही है। उसने इन सभी संगठनों के आतंकियों को एक साथ रखा है और वह चाहती है कि आपरेशन अलग-अलग करने के बजाय मिलकर किया जाए। इन सभी आतंकी संगठनों को निर्देश दिया गया है कि वे ट्रेंड आतंकियों को उन ठिकानों पर रखने के बजाय, जो संभावित टारगेट हो सकते हैं, तुरंत गुलाम जम्मू-कश्मीर में बने लांच पैड पर भेज दें। उन्होंने वहां जुटना शुरू भी कर दिया है।

खुफिया रिपोर्टों के अनुसार, आइएसआइ ने इस बार किसी भी बड़े नुकसान से बचने के लिए बेहद सतर्क रुख अपनाया है। 'आपरेशन सिंदूर' के दौरान भारतीय हमलों में जैश के कई शीर्ष और प्रशिक्षित आतंकी मारे गए थे, जिससे संगठन को करारा झटका लगा था। आइएसआइ अच्छी तरह जानती है कि ध्वस्त इमारतों को तो चंद महीनों में दोबारा बनाया जा सकता है, लेकिन युद्ध के लिए तैयार प्रशिक्षित आतंकियों को तैयार करना आसान नहीं होता। यही वजह है कि बहावलपुर मुख्यालय में इस समय आतंकियों की संख्या बहुत कम रखने और शीर्ष नेतृत्व को वहां जाने से सख्त परहेज करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि उन्हें किसी भी संभावित भारतीय हमले से सुरक्षित रखा जा सके। शत्रु देश की नापाक साजिश सिर्फ ढांचे खड़े करने तक सीमित नहीं है, बल्कि वह जम्मू-कश्मीर में एक बड़े और खतरनाक हमले की पटकथा लिख रही है। आइएसआइ ने पहली बार जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन जैसे कुख्यात आतंकी संगठनों के प्रशिक्षित कैडरों को एक साथ लाने की रणनीति बनाई है। इन सभी संगठनों को हिदायत दी गई है कि वे अपने आतंकियों को सुरक्षित ठिकानों पर रखने के बजाय तुरंत गुलाम जम्मू-कश्मीर के लांचपैड की तरफ भेज दें। सूत्रों का कहना है कि आइएसआइ का मकसद इन अनुभवी और खूंखार आतंकियों को अपने देश में सुरक्षित बैठाने के बजाय जम्मू-कश्मीर में झोंकना है ताकि वे अपनी नापाक हरकतों को अंजाम दे सकें।

इसके पीछे उनका एक और स्वार्थ यह है कि घाटी में हमलों के दौरान मारे जाने वाले इन आतंकियों को 'शहीद' का जामा पहनाकर नए युवाओं को बरगलाना और संगठन के लिए उनकी भर्ती तेज करना है। भारतीय सुरक्षा एजेंसियां दुश्मन देश की इस कायराना और खतरनाक साजिश से पूरी तरह वाकिफ हैं और हर स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह मुस्तैद हैं।

## न्यूयार्क में बैंक आफ अमेरिका की वाइस प्रेसिडेंट की चाकू घोंपकर हत्या

- चाकूबाज महिला हमलावर को न्यूयार्क पुलिस ने गोली मारी
- टाइम्स स्क्वायर पर हुई वारदात में एक अन्य व्यक्ति घायल



एरिन पियासेंटी। सौ. इंटरनेट मीडिया

**न्यूयार्क, एपी :** न्यूयार्क सिटी के प्रसिद्ध टाइम्स स्क्वायर में एक महिला ने दो लोगों पर बेतरतीब ढंग से चाकू से जानलेवा हमला किया। इस हमले में बैंक आफ अमेरिका की वाइस प्रेसिडेंट एरिन पियासेंटी की चाकू से हत्या कर दी गई। जबकि एक अन्य वृद्ध व्यक्ति घायल हो गया और फिर पुलिस ने हमलावर महिला को गोली मार दी जिससे उसकी भी मौत हो गई।

अमेरिकी बैंकिंग दिग्गज बीओए ने मंगलवार को रायटर को बताया, "हम अपनी 32 वर्षीय सहयोगी एरिन पियासेंटी के निधन से गहरे सदमे में हैं। वह एक मूल्यवान टीम सदस्य थीं, जिनकी बहुत याद आएगी।" लिंक्डइन के अनुसार वह व्यवसाय चयन के संभाग को संभालती थीं। बैंक आफ अमेरिका का मैनहट्टन कार्यालय टाइम्स स्क्वायर से कुछ ही दूरी पर वन ब्रायंट पार्क में स्थित है। बैंक के न्यूयार्क सिटी में अन्य स्थान भी हैं, जो अमेरिकी वित्तीय प्रणाली का दिल हैं। पियासेंटी को इस घटना में चाकू के घाव लगे और बाद में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। न्यूयार्क पुलिस के अनुसार यह वारदात पुलिस विभाग के एक उप-स्टेशन के पास वन टाइम्स स्क्वायर के ठीक बाहर हुई। पुलिस ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि क्वींस की 49 वर्षीय महिला पैमेला सिस्नेरोस ने एक शापिंग बैग से दो चाकू निकाले और 68 वर्षीय पुरुष को पेट में चाकू मारा। इसके बाद उसने तेजी से मुड़कर 32 वर्षीय महिला बैंकर एरिन को भी पेट में चाकू मारा। पुलिस जांच कर रही है। लेकिन आतंकवादी हमले का कोई सुबूत नहीं है। एनवाइपीडी ने 7वें एवेन्यू के एक हिस्से को बंद कर दिया और जनता को उस क्षेत्र से दूर रहने की चेतावनी दी। पुलिस के अनुसार, दोनों को अस्पताल ले जाया गया। महिला की मौत हो गई और पुरुष की स्थिति स्थिर है। इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किए वीडियो में दिखाया गया कि 10 अधिकारी हाथ में दो बड़े किचन नाइफ पकड़ी महिला को चारों ओर से घेरे हुए हैं।

## चिंतन

# बच्चों के हित में सुप्रीम फैसला

बच्चों के हित में सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। इससे नीट-यूजी विवाद में उलझे हजारों विद्यार्थियों को राहत मिलेगी। 20 से 25 जुलाई के प्रदर्शनों से जुड़े मामलों में सभी प्राथमिकी रद्द करने और इसी अवधि के प्रदर्शनों के संबंध में नई प्राथमिकी दर्ज न करने का आदेश यह बताता है कि कानून के साथ मानवीय संवेदनशीलता भी जरूरी है। प्रश्नपत्र लीक या परीक्षा में गड़बड़ी की आशंका से पहले ही विद्यार्थियों का भरोसा डगमगाता है, ऐसे में विरोध करने वाले युवाओं पर मुकदमों का बोझ डालना उनके भविष्य को और संकट में डाल सकता है। अब सरकार की असली जिम्मेदारी परीक्षा व्यवस्था में भरोसा बहाल करने की है। न्यायिक राहत तभी सार्थक होगी, जब नीट जैसी परीक्षाओं में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित हो। नीट कोई सामान्य परीक्षा नहीं है। इसके लिए विद्यार्थी वर्षों तक दिन-रात मेहनत करते हैं। ऐसे में प्रश्नपत्र लीक होने या परीक्षा व्यवस्था में गड़बड़ी की खबर विद्यार्थी के लिए सिर्फ एक समाचार नहीं, बल्कि उसकी वर्षों की मेहनत पर सीधा आघात होती है। जब व्यवस्था पर भरोसा टूटता है तो आक्रोश स्वाभाविक है। लोकतंत्र में शांतिपूर्ण विरोध इसी आक्रोश को व्यक्त करने का संवैधानिक रास्ता है। हालांकि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले 2,873 लोगों के खिलाफ नए मामले दर्ज करने की अनुमति देकर अदालत ने यह संदेश दिया है कि आंदोलन की आड़ में कानून तोड़ने वालों को संरक्षण नहीं दिया जा सकता। लोकतांत्रिक अधिकार अराजकता का लाइसेंस नहीं हैं। शांतिपूर्ण प्रदर्शन और हिंसा, तोड़फोड़ अथवा गंभीर आपराधिक कृत्य के बीच फर्क करना जरूरी है। कानून का शासन तभी मजबूत होगा, जब अधिकार और जिम्मेदारी दोनों साथ चलेंगे। इस पूरे प्रकरण में सरकार और प्रशासन को भी आत्ममंथन करना चाहिए। जब मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा और दिल्ली पुलिस के साथ महाराष्ट्र, असम, बिहार तथा पश्चिम बंगाल की ओर से प्राथमिकी रद्द करने की मांग की गई, तो सवाल उठता है कि यह समाधान पहले क्यों नहीं खोजा गया? किसी विद्यार्थी के खिलाफ मुकदमा दर्ज होना उसके लिए वर्षों तक चलने वाला मानसिक दबाव बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट का आत्महत्या करने वाले नीट अभ्यर्थियों के परिवारों के लिए देशव्यापी मुआवजा नीति बनाने का निर्देश इस पूरे विवाद का सबसे संवेदनशील पहलू है। सरकार की यह जिम्मेदारी जरूर है कि ऐसी त्रासदियों को केवल आंकड़ों में बदलने के बजाय उनके पीछे छिपे दर्द को समझे। प्राथमिकी रद्द होना तत्काल राहत है, लेकिन नीट की विश्वसनीयता बहाल करना असली चुनौती है। ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए, जिसमें विद्यार्थी को न्याय के लिए आंदोलन का सहारा लेने की नौबत ही न आए। परीक्षा व्यवस्था जितनी पारदर्शी होगी, उतना ही विद्यार्थियों और अभिभावकों का भरोसा मजबूत होगा। इस फैसले के बाद 5 सितंबर का प्रस्तावित मार्च वापस लिया जाना भी सकारात्मक संकेत है। इसका अर्थ है कि टकराव के बीच भी संवाद का रास्ता खुला रह सकता है। असहमति लोकतंत्र का संकट नहीं है; असहमति को सुनने से इनकार करना संकट जरूर बन सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने विद्यार्थियों को मुकदमों के बोझ से राहत देकर एक जरूरी संदेश दिया है। युवा केवल परीक्षा देने वाले चेहरे नहीं, देश का भविष्य हैं। उनकी मेहनत पर सवाल उठे तो व्यवस्था को जवाब देना होगा। न्याय की सबसे बड़ी कसौटी यही है कि देश का हर विद्यार्थी यह भरोसा लेकर परीक्षा दे कि उसकी मेहनत सुरक्षित है और व्यवस्था उसके साथ खड़ी है।



## मुद्दा

अवधेश कुमार

# भागवत के अमेरिकी कार्यक्रम के फलितार्थ

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉक्टर मोहन भागवत का न्यूयॉर्क के मैनहटन स्थित मेडिसन स्क्वायर गार्डन कार्यक्रम की सफलता से अमेरिका से लेकर भारत तक के विरोधियों को बिना कोई प्रतिक्रिया दिए सटीक उत्तर मिल गया है। भारत में नेताओं ने कार्यक्रम के पूर्व अपने बयानों से इसके विरोध में माहौल बनाने की कोशिश की। दूसरी ओर अमेरिका में कुछ संगठनों ने जितना संभव हुआ, कार्यक्रम को ही रोकने की कोशिश की। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने खुलकर विरोध किया। ममदानी ने कहा कि एक ऐसे आंदोलन का उभार देखना बेहद परेशान करने वाला है, जो एक बहिष्कारवादी सोच पर आधारित है।**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंचालक डॉक्टर मोहन भागवत का न्यूयॉर्क के मैनहटन स्थित मेडिसन स्क्वायर गार्डन कार्यक्रम की सफलता से अमेरिका से लेकर भारत तक के विरोधियों को बिना कोई प्रतिक्रिया दिए सटीक उत्तर मिल गया है। भारत में नेताओं ने कार्यक्रम के पूर्व अपने बयानों से इसके विरोध में माहौल बनाने की कोशिश की। दूसरी ओर अमेरिका में कुछ संगठनों ने जितना संभव हुआ, कार्यक्रम को ही रोकने की कोशिश की। न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी ने खुलकर विरोध किया। ममदानी ने कहा कि एक ऐसे आंदोलन का उभार देखना बेहद परेशान करने वाला है, जो एक बहिष्कारवादी सोच पर आधारित है। यूएस कमीशन ऑन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम ने अमेरिकी सरकार से संघ के सदस्यों पर प्रतिबंध लगाने और भारत में कथित धार्मिक स्वतंत्रता उल्लंघनों को लेकर मोहन भागवत का वीज़ा रद्द करने तक पर विचार करने का आग्रह कर दिया।

भारत के विदेश मंत्रालय ने तुरंत आयोग की टिप्पणियों को ख़ारिज करते हुए इसे पक्षपाती और विश्वसनीयता से रहित संस्था बताया था। वॉशिंगटन स्थित इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल ने ऐसा वैन निकाला जिसमें वीडियो स्क्रीन लगा था और जो मैनहैटन की सड़कों पर घूमकर कार्यक्रम के विरुद्ध प्रचार कर रहा था। हालांकि इसका परिणाम हुआ कि अमेरिकी मीडिया में इस कार्यक्रम को बिना कोशिश के लगातार कवरेज प्राप्त हो गया। ऐसा नहीं था कि सब कुछ एकपक्षीय था। उदाहरण के लिए अमेरिकी गायिका मैरी मिलबेन ने 'एक्स' पर पोस्ट कर मदनानी और विरोधियों की आलोचना की। ऐसी प्रतिक्रिया देने वाले और भी कई अमेरिकी प्रसिद्ध व्यक्तित्व थे। वस्तुतः इस कार्यक्रम का आयोजन अमेरिकन 'हिंदूज फॉर एंगेजमेंट एंड डायलॉग' फोरम ने किया था। संगठन ने बयान जारी कर बताया कि यह कार्यक्रम 200 से अधिक हिंदू-अमेरिकी संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है और इसका आधार वसुधैव कुटुम्बकम है। विरोध अभियानों के विपरीत आयोजक की एक प्रवक्ता ने मीडिया के प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि इसका मतलब है कि हमारे बीच गहरे मतभेद भी हो सकते हैं, लेकिन फिर भी हम संवाद, सम्मान और अपनी साझा मानवता को चुन सकते हैं। यह एक बयान ही दोनों पक्षों के चरित्र में गुणात्मक अंतर को दर्शाने वाला था। अब जरा कार्यक्रम की ओर आयें। संघ की स्थापना का शताब्दी वर्ष है और इसके तहत देश और विदेश दोनों जगह कार्यक्रम हो रहे हैं। इसका विषय क्या था? यूनिवर्सल वननेस सेलिब्रेशन यानी 'एक विश्व - एक मानवता उत्सव'। आप सोचिए, आज विश्व के संदर्भ में संपूर्ण विश्व की विविधताओं के बीच एकता के उत्सव से बड़ा विश्व कल्याण की दृष्टि से प्रासंगिक कार्यक्रम क्या हो सकता था? संघ के प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने अधिकृत बयान में स्पष्ट किया कि कार्यक्रम का आयोजन खुले संवाद की भावना से किया गया है।

सरसंघचालक अलग-अलग संस्कृतियों और धर्मों से जुड़े लोगों के सामने अपनी बात रखेंगे। यह कार्यक्रम खुले संवाद और एक-दूसरे के सम्मान की भावना से आयोजित किया गया है जो भारतीय' विचार को दर्शाता है। कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के साथ - साथ 30 देशों के, 16 विभिन्न धर्मों के प्रतिनिधि 180 से अधिक



आध्यात्मिक / धार्मिक क्षेत्र के प्रमुख लोग भी थे। वास्तव में भागवत ने अपने संबोधन में उसी भाव को सामने रखा जो कार्यक्रम का उद्देश्य बताया गया। यहां उनमें विस्तार से नहीं जा सकते किंतु कुछ पंक्तियों का उल्लेख आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र केवल भौगोलिक इकाइयां नहीं एक दायित्व का निर्वाह करते हैं। भारत का दायित्व है कि वह विविधता में एकता के इस सत्य का साक्षात्कार करे और समय-समय पर संसार को भी इस सत्य का साक्षात्कार कराए। वननेस क्या है, इसका उत्तर देते हुए भागवत ने कहा कि भौतिक सुख स्थायी सुख या समाधान नहीं हैं। सच है कि केवल भौतिक सुख और उपलब्धियों के कारण ही व्यक्ति, समाज , राष्ट्रों के बीच समस्याएं बढ़ीं हैं। मैं आप में हूं, और आप मेरे में हैं, हम सब एक दूसरे में समाये हैं, यही वननेस है। भारतीय होने के नाते हमें संपूर्ण विश्व के कल्याणार्थ इस विचार को अपने आचरण से फैलाना है।

आप सोचिए, इस तरह के संबोधन में किस पहलू का विरोध हो सकता है? अमेरिका की धरती पर उन्होंने यह भी कहा कि विश्व में दो प्रकार के लोग हैं। एक कहते हैं, 'जियो और जीने दो'। दूसरे कहते हैं कि 'मात्र उन्हीं को जीने का अधिकार हैं, जो हमारी बात मानते हैं। हम उन्ही की रक्षा करेंगे, जो हमारे मत को मानेगा'। हिंदुत्व या हिंदू विचार या भारतीय विचार किसी को भी तीखा बोलकर विरोधी बनाने या चोट पहुंचाने की बात नहीं करता बल्कि सकारात्मक बातों से उसकी सोच बदलने का रास्ता दिखाता है। यही उन्होंने अमेरिका की भूमि से संदेश दिया। सभी धर्म के प्रति सम्मान के साथ कोई यह सोचे या चाहे कि दूसरे पंथ के लोग उसके देश में वह हिंदू नहीं हो सकता। कोई भारत में पैदा हुआ या मूल रूप से भारतीय है वह अमेरिका में रहता है तो वह कैसा व्यवहार करें? उन्होंने कहा कि जो लोग भारत से बाहर दूसरे देशों में बसे हैं, वह देश उनकी कर्मभूमि हैं। अगर हम अमेरिका में हैं तो अमेरिका का ही हिस्सा हुए। हमें अपनी कर्मभूमि के प्रति पूरी तरह प्रामाणिक रहना चाहिए। किंतु क्योंकि आप भारतवंशी है, वह आपके पुरखों की जन्मभूमि हैं। इसलिए भारत के लिए कुछ करना संभव है तो अवश्य करें, किंतु आपकी जन्मभूमि आपसे अपेक्षा करती है कि जिन मूल्यों को लेकर आपका, आपके पुरखों का जीवन बना है, उन मूल्यों के साथ आप अपनी कर्मभूमि में कार्य करें। सच कहें तो संघ, हिंदुत्व, हिंदू और भारत के वास्तविक व्यापक दृष्टिकोण को रखकर भावगत में विरोधियों को निःशब्द किया। किंतु जिन्हें कुछ मानना ही नहीं है और जिनके अंदर रोग के स्तर पर संघ का विरोध है, वह न पहले माने हैं न आगे मानेंगे। वे जो कुछ बोलते हैं, प्रचारित करते हैं, लिखते हैं, वह सब झूठ पर आधारित होता है। सीमाओं के बाहर कोई भी व्यक्ति भले किसी संगठन और विचार का हो अपने देश का प्रतिनिधित्व कर रहा होता है। इस रूप में भागवत का उद्बोधन संघ संगठन की सीमाओं तक सीमित न होकर भारतीय विचार और भारत के पक्ष को सही संदर्भ में रखने वाला माना जाएगा, तो हम इसे ही संघ का चरित्र और ध्येय क्यों नहीं माने।

वस्तुतः कोई माने या ना माने, संघ के शीर्ष पदाधिकारी हमेशा इसी विचार को आगे बढ़ने का वक्तव्य देते और आचरण करते दिखते हैं। इसीलिए आप देखेंगे कि इतने विरोध और निंदा के बावजूद सामान्यतः वे इनका उत्तर देने या खंडन करने का व्यवहार नहीं अपनाते। भारत में संघ का अभी तक यही चरित्र रहा है और विश्व के कार्यक्रमों के संदर्भ में भी किसी विरोध के प्रत्युत्तर की कोई कोशिश तक नहीं हुई। यह ऐसा व्यवहार है जिससे देश और विदेश के विरोधियों को सीखना चाहिए। इसी से संघ का समर्थन लगातार बढ़ता है। अमेरिका में उस तरह का कार्यक्रम स्वयं उन संगठनों के वश की बात नहीं जो विरोध का झंडा उठाए हुए थे।

*(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

## विमर्श

प्रो आर.सी. कुहाड़



# मेरी बोली : मेरा अभिमान

भारत की आज़ादी के अस्सी वर्ष पूरे होने को हैं। ये अस्सी वर्ष केवल समय की गणना नहीं, बल्कि हमारे स्वतंत्रता-संघर्ष, राष्ट्र-निर्माण और विकास-यात्रा के गहरे पड़ाव हैं। इन वर्षों में हमने क्या खोया, क्या पाया और कहां से कहां पहुंचे, इसका निष्पक्ष मूल्यांकन ही हमारी आजादी की यात्रा को समझने में सहायक हो सकता है। साथ ही यह प्रश्न भी हमारे सामने है कि हमें कहां जाना है और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा भारत रचने का संकल्प लेना है। स्वतंत्रता का यह अवसर हमें अपनी संस्कृति, परम्पराओं, मूल्यों और भाषायी विरासत का स्मरण कराते हुए राष्ट्र के भविष्य-निर्माण में अपना सर्वोत्तम योगदान देने की प्रेरणा देता है। आज़ादी का वास्तविक अर्थ क्या है, यह प्रश्न आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना कभी था। संविधान की प्रस्तावना में निहित "हम भारत के लोग" जैसे शब्द लोकतंत्र, समानता, सहभागिता और सामूहिक उत्तरदायित्व के अनेक अर्थ अपने भीतर समेटे हुए हैं। इसलिए प्रश्न केवल यह नहीं कि हम आज़ादी का उत्सव कैसे मनाएं, बल्कि यह भी है कि हम उसके वास्तविक उद्देश्यों को अपने जीवन और समाज में किस प्रकार साकार करें। जब मैं आम आदमी की बात करता हूँ, तो मेरा ध्यान सहज ही उसकी बोली-वाणी की ओर चला जाता है,उस बोली की ओर जिसे हम अपना अभिमान और दूसरे शब्दों में अपना स्वाभिमान कह सकते है और आज के इस विमर्श का विषय "मेरी बोली : मेरा अभिमान" मनुष्य और सभ्यता के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाता है। 'मेरी बोली' से अभिप्राय उन सभी भाषाओं और बोलियों से है जो सबसे पहले हमें बोलना सिखाती हैं। बोली के बिना हमारी पहचान अधूरी रह जाती है। बोली है, इसलिए हम अपनी परम्पराओं से जुड़े रहते हैं। बोली के माध्यम से ही हम अपनी परम्पराएँ अगली पीढ़ियों तक पहुंचाते हैं। जिस प्रकार वृक्ष अपनी जड़ों से पोषण पाकर हरा-भरा रहता है, उसी प्रकार मनुष्य और समाज अपनी भाषा और बोली से सांस्कृतिक ऊर्जा प्राप्त करते हैं। अपनी ही भाषा में शिक्षा अधिक सहज और प्रभावी होती है। जटिल विषयों को भी अपनी भाषा में सरलता से समझाया जा सकता है। भाषा केवल संप्रेषण का माध्यम नहीं, ज्ञान को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाने का सशक्त साधन भी है। भारत विविधताओं का देश है। "कोस-कोस पर बदले पानी, चार कोस पर वाणी", यह कहावत हमारी भाषायी विविधता की सुंदरता को अभिव्यक्त करती है। 1961 की जनगणना के अनुसार भारत में 1652 भाषाएं और बोलियां बोली जाती थीं। आज भी अनेक बोलियां अपने अस्तित्व के संकट से जूझ रही हैं। कुछ बोलियों में बोलने वालों की संख्या बहुत कम रह गई है। भाषा बहते जल के समान है। जो बोली समय और समाज के साथ संवाद बनाए नहीं रख पाएगी, उसके सामने धीरे-धीरे विलुप्त होने का खतरा बना रहता है। इन बोलियों का मूल स्वरूप, लोक-साहित्य, लोक-स्मृति और सांस्कृतिक खजाना तभी सुरक्षित रह सकता है, जब हम सामूहिक प्रयास करें। बोलियों के साहित्य और मौखिक परम्पराओं को नए माध्यमों से सामने लाना आवश्यक है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में भारतीय भाषाओं और मातृभाषाओं के महत्व को उचित स्थान दिया गया है। त्रिभाषा सूत्र का मूल उद्देश्य भाषायी विविधता को समझना और विभिन्न भाषाओं के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। बोली और भाषा में सुरक्षित विशाल साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करना आवश्यक है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी भाषा और बोली के संरक्षण, प्रयोग और विकास में भूमिका निभानी चाहिए। आज, जब हम स्वतंत्रता के अस्सीवें वर्ष की ओर बढ़ रहे हैं, "मेरी बोली : मेरा अभिमान" का विचार और अधिक प्रासंगिक हो गया है। वैश्वीकरण, इंटरनेट, सोशल मीडिया, डिजिटल शिक्षा और कृत्रिम बुद्धिमत्ता ने संचार की सीमाएं लगभग समाप्त कर दी हैं। यह परिवर्तन चुनौती भी है और अवसर भी। यदि हमारी बोलियां डिजिटल दुनिया में दर्ज नहीं होंगी, यदि उनमें साहित्य, लोककथाएं, गीत, कहावतें और ज्ञान सुरक्षित नहीं किया जाएगा, तो आने वाली पीढ़ियां अपनी सांस्कृतिक स्मृतियों के एक महत्वपूर्ण हिस्से से वंचित हो सकती हैं। अपनी बोली को बचाने का अर्थ केवल उसे बोलते रहना नहीं, बल्कि उसे लिखना, पढ़ना, शोध का विषय बनाना,संरक्षित करना और नई पीढ़ी तक पहुंचाना भी है। अपनी बोली से प्रेम करना किसी दूसरी भाषा का विरोध नहीं है। भारत की शक्ति उसकी भाषायी विविधता में निहित है। अंग्रेजी, हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं का ज्ञान प्राप्त करते हुए अपनी मातृबोली को भी सम्मान देना चाहिए। हम संकल्प लें कि अपनी बोली को केवल घर तक सीमित नहीं रखेंगे। उसे शिक्षा, साहित्य, शोध, तकनीक और डिजिटल संसार में भी सम्मानजनक स्थान दिलाएंगे। यही हमारी भाषायी विरासत के प्रति सच्चा सम्मान, हमारी स्वतंत्रता का सार्थक उत्सव और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी होगी।

*(लेखक एनआईआईएलएम कैथल के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

## आध्यात्मिक चेतना आखिर क्या है?



संकलित

दर्शन

आज मनुष्य अत्यधिक भौतिकवादी तथा लालची हो गया है। बलिदान, त्याग, संतोष, प्रज्ञा, चिंतन-मनन, मुक्ति और मोक्ष जैसे शब्द हमारे शब्दकोश से धीरे-धीरे लुप्त होते जा रहे हैं, जो कि आध्यात्मिक मूल्यों के द्योतक रहे हैं। व्यापक उपभोगवादी संस्कृति तथा भोग-विलास से पोषित भौतिकवाद की नई उभरी संस्कृति ने आध्यात्मिक चेतना पर पर्दा डाल दिया है। धन-अर्जन, सत्ता तथा प्रसिद्धि की लालसा और सुखवादी जीवन-प्रणाली आज जीवन का परम लक्ष्य है। सभी धर्मों ने लालच को महापाप कहा है, परंतु आज लालच ही मुख्य प्रेरणा-द्वार है। ऋषि-मुनि आध्यात्मिक मूल्यों को सर्वोच्च महत्व देते हैं। हिंदू धर्म के आध्यात्मिक मूल्यों का अनुक्रम है-धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष। अर्थ तथा काम संसारिक मूल्य हैं, जबकि धर्म तथा मोक्ष आध्यात्मिक मूल्य हैं, परंतु धर्म का स्थान सर्वदा प्रथम है। यह अर्थ तथा काम दोनों का प्रेरक तथा नियंत्रक है। जीवन के हिंदू दृष्टिकोण के अनुसार, सात्विक सर्वाधिक ऊंचा आदर्श है। इसके बाद राजसी का स्थान है, जो एक आदर्श नहीं, परंतु सामाजिक आवश्यकता है। तामसिक सबसे अधिक अपमानजनक वृत्ति है, जिससे सभी बुद्धिमान दूर रहते हैं। मनु की पद्धति में सतत्व को न्याय की संज्ञा दी गई है, राजस को आकांक्षा की तथा तमस को इच्छाओं की। महापुरुषों ने चिंतन-मनन को मनुष्य के परम आनंद के रूप में देखा। आंतरिक शांति तथा आध्यात्मिक ज्ञान के लिए समर्पित जीवन ही मानव गतिविधियों का सवरेत्तम रूप है।

## ब्रह्माजी को दंड देने के लिए प्रकट हुए थे कालभैरव



संकलित

प्रेरणा

शिवजी के 19 अवतारों में से एक है कालभैरव। भैरव अवतार से जुड़ी कई अलग-अलग मान्यताएं हैं। कुछ मान्यताओं में ब्रह्माजी को दंड देने के लिए शिवजी के क्रोध से कालभैरव प्रकट हुए थे। कालभैरव की उत्पत्ति से जुड़ी सृष्टि की शुरुआत के समय की बहुत प्रचलित कथा है। एक दिन ब्रह्मा जी और विष्णु जी खुद को श्रेष्ठ बताने के चक्कर में विवाद करने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि युद्ध की स्थिति बन गई। उस समय शिवलिंग प्रकट हुआ और शिव जी ने इन दोनों का विवाद शांत किया। उसी समय वहां एक विशाल पुरुष की आकृति प्रकट हुई। ये आकृति शिवजी का ही एक रूप थी। शिव जी ने उससे कहा कि तुम काल के समान हो और भीषण हो। इसी वजह से तुम्हारा नाम कालभैरव होगा। पंचमुखी ब्रह्मा जी बार-बार खुद को श्रेष्ठ बताने की कोशिश कर रहे थे। उस समय ब्रह्मा जी को दंड देने के लिए कालभैरव ने ब्रह्माजी का एक सिर काट दिया था। इस घटना के बाद से ब्रह्मा जी चतुर्मुखी हो गए। शिव जी ने कालभैरव को काशी का नगरपाल बना दिया। कालभैरव की पत्नी भैरवी देवी पार्वती की अवतार हैं। कालभैरव की पूजा में शराब (मदिरा), तामसिक खाना खासतौर पर चढ़ाया जाता है। दरअसल, कालभैरव हमारी बुराइयों को खत्म करने वाले देवता हैं। इनकी पूजा करते समय भक्त नशे की चीजें चढ़ाकर अपनी बुराइयां छोड़ने का संकल्प लेता है। जो लोग इस संकल्प को निभाते हैं, उन्हें भैरव की विशेष कृपा मिलती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### कौशल विकास का सपना कैसे होगा पूरा?

केंद्र सरकार युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी स्वरोजगार के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए बहुत सी योजनाओं पर काम कर रही है। सरकार पढ़ाई के साथ-साथ कौशल विकास के लिए भी एक नई योजना इंटर्नशिप को लेकर आई है। इसके लिए सरकार ने कुछ बड़ी कंपनियों को इसके दायरे में लाने का भी प्रयास किया है। इन कंपनियों में विद्यार्थियों को अपने कैरियर को संवारने की राह मिलेगी। इसके लिए सरकार अपनी तरफ से खर्च भी करेगी, अर्थात जो विद्यार्थी इस योजना को अपनाते हैं, उनकी आर्थिक मदद भी करेगी और विद्यार्थी कंपनी के काम को सीखेंगे। ऐसा करके वे या तो अपना कोई बिजनेस कर सकेंगे या कंपनी में नौकरी आसानी से पा सकेंगे। लेकिन सरकार की यह योजना तभी कामयाब होगी, जब कंपनियां सरकार की इस योजना को सही तरीके से अमल में लाएंगी। - *सांकेत अग्रवाल, धमतरी*

## ट्रेंड

### अभाविप को बधाई



पंजाब यूनिवर्सिटी स्टूडेंट्स यूनियन चुनाव में एबीवीपी की शानदार जीत पर काउंसिल के सभी कार्यकर्ताओं को हार्दिक बधाई। लगातार दूसरी बार मिली यह जीत, 'राष्ट्र प्रथम' की विचारधारा में युवा शक्ति के अटूट विश्वास का प्रमाण है।

**- अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### जीडीपी ग्रोथ



वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारत की 7.8% जीडीपी ग्रोथ देश की आर्थिक मजबूती, मुश्किलों से उबरने की क्षमता और 140 करोड़ भारतीयों के अटूट जज्बे का जबरदस्त सबूत है।

**- जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री**

### गैंगरेप की घटना शर्मनाक



नोएडा से दिल्ली जा रही बस में मैनपुरी की एक छात्रा के साथ हुए गैंगरेप की घटना बेहद भयावह और शर्मनाक है। महिलाओं की सुरक्षा के दावों के बीच, ऐसी घटनाएं बीजेपी सरकार की विफलता को उजागर करती हैं। इस मुश्किल घड़ी में हम पीड़िता और उसके परिवार के साथ खड़े हैं।

**- डिंपल यादव, सांसद, सपा**

### वोटों की चोरी



भाजपा द्वारा वोटों की चोरी करके भारतीय लोकतंत्र को खोखला करने की साजिश अब सबके सामने आ रही है। जहां भाजपा को फायदा होता है, वहां मतदाता जोड़े जाते हैं; जहां फायदा नहीं होता, वहां वोटों को बांटकर "वोटों की चोरी" की जाती है।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने 'लेक ओंटारियो' का नाम बदल 'लेक अमेरिका' करने कहा



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एप्पल से अपने मानचित्र ऐप पर 'लेक ओंटारियो' का नाम बदलकर 'लेक अमेरिका' करने को कहा है। अमेरिका के गृह मंत्री ने सोमवार को यह जानकारी दी। ट्रंप ने कुछ दिन पहले ही इस झील से संबंधित एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए थे। कनाडा के साथ बढ़ते व्यापार युद्ध के बीच यह झील चर्चा में है। गृह मंत्री डग बर्गम ने फॉक्स के कार्यक्रम 'मॉर्निंग्स विद मारिया' में कहा कि ट्रंप ने 'एप्पल से सीधे संपर्क किया है।' उन्होंने भरोसा जताया कि एप्पल के मंच पर जल्द ही 'लेक अमेरिका' नाम दिखाई दे सकता है। एप्पल ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। लंबे समय से लेक ओंटारियो के नाम से जानी जाने वाली यह झील अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य और कनाडा के ओंटारियो प्रांत के बीच स्थित है। 'गूगल मैप्स' ने अमेरिका में अपने उपयोगकर्ताओं के लिए बीते सप्ताहांत ही इस झील का नया नाम दिखाना शुरू कर दिया था। कंपनी ने इसके लिए ट्रंप के हालिया आदेश और अमेरिकी भौगोलिक नाम सूचना प्रणाली (जीएनआईएस) द्वारा निर्धारित नामों का इस्तेमाल करने की अपनी पहले से जारी व्यवस्था का हवाला दिया।

## ऑफ बीट

# बच्चों को चित्र वाली पुस्तकें भाषा सीखने में मदद करती है

शोध से यह बात अच्छी तरह सामने आई है कि बच्चों की चित्र वाली पुस्तकें भाषा सीखने में मदद करती हैं। म्यूनिख स्थित 'इंटरनेशनल यूथ लाइब्रेरी' में एक शोधवृत्ति के दौरान मुझे यह अध्ययन करने का अवसर मिला कि चित्र वाली बहुभाषी पुस्तकों में अलग-अलग भाषाओं को किस तरह प्रस्तुत किया जाता है और उनका इस्तेमाल किसी समाज में उन भाषाओं की बदलती स्थिति को किस तरह प्रतिबिंबित कर सकता है। न्यूजीलैंड के संदर्भ में यह खास तौर पर महत्वपूर्ण है, क्योंकि 1970 के दशक से बच्चों की चित्र वाली पुस्तकों में 'ते रेओ माओरी' (माओरी लोगों की पारंपरिक और आधिकारिक भाषा) के इस्तेमाल में लगातार वृद्धि हुई है।



यह भाषा को फिर से उसका स्थान दिलाने और उसके पुनर्जीवन की प्रक्रिया को दर्शाता है। मेरा मानना है कि चित्र वाली पुस्तकें भी इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। 'यूथ लाइब्रेरी' में अपने अध्ययन के दौरान मैंने चित्र वाली जिन पुस्तकों का विश्लेषण किया, उनमें एक ही पुस्तक में 11 तक भाषाएं शामिल थीं। ये पुस्तकें दक्षिण अफ्रीका, पोलैंड और नॉर्वे समेत कई देशों की थीं।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

6 | संपादकीय | जनसत्ता | 2 सितंबर, 2026

**कल्पमेधा**

*अपने आप को मानसिक गुलामी से मुक्त करो, क्योंकि हमारे अलावा कोई और हमारे मन को मुक्त नहीं कर सकता।*

*- बाब मार्ले*

# शांति का संदेश

युद्ध मानव सभ्यता की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक है। इतिहास गवाह है कि किसी भी युद्ध ने समस्याओं का स्थायी समाधान करने के बजाय नई जटिलताओं को जन्म दिया है। अपनी जीत का डंका बजाने वाला देश भी वास्तव में बहुत कुछ खो देता है। युद्ध के परिणाम जान-माल की भारी क्षति, आर्थिक बर्बादी, विस्थापन और सामाजिक अस्थिरता के रूप में सामने आते हैं। यह केवल दो देशों या दो पक्षों के बीच सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका असर सीमाओं को पार कर अर्थव्यवस्था, व्यापार, ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा करता है। रूस-यूक्रेन और पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष इसके उदाहरण हैं। इनसे बनी परिस्थितियों से पता चलता है कि आज की परस्पर जुड़ी हुई वैश्विक व्यवस्था में किसी एक क्षेत्र की अस्थिरता का असर पूरी दुनिया पर पड़ सकता है। भारत हमेशा वैश्विक शांति का समर्थक रहा है और युद्ध के बजाय महात्मा बुद्ध के मार्ग पर चलने का संदेश देता रहा है। इसी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए किर्गिस्तान के बिश्केक में शंघाई सहयोग संगठन के शिखर सम्मेलन के मौके पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतहीन युद्ध के बजाय इसके अंत की ओर बढ़ने की वकालत की।

गौरतलब है कि पिछले करीब साढ़े चार वर्षों से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध का सबसे बड़ा प्रभाव ऊर्जा और खाद्य सुरक्षा पर पड़ा है। रूस दुनिया के प्रमुख तेल, गैस और उर्वरक उत्पादक देशों में से एक है, जबकि यूक्रेन गेहूं, मक्का और सूरजमुखी जैसे कृषि उत्पादों का महत्त्वपूर्ण निर्यातक रहा है। मगर युद्ध के कारण इन वस्तुओं का उत्पादन, परिवहन और निर्यात प्रभावित हो रहा है। काला सागर के रास्ते अनाज की आपूर्ति में रुकावट ने कई देशों में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों और खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाई है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने इस संकट को और गंभीर बना दिया है। यह क्षेत्र ऊर्जा और अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए महत्त्वपूर्ण है। होर्मुज जलमार्ग को बंद किए जाने से तेल और गैस की वैश्विक आपूर्ति शृंखला बाधित हुई है, जिससे भारत समेत कई देशों को ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ रहा है। संघर्ष के इन मोर्चों से समुद्री मार्गों में जोखिम बढ़ा है और जहाजों के लंबे वैकल्पिक रास्ते अपनाने से माल ढुलाई की लागत भी बढ़ी है, जिसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ा है।

ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यह संदेश और भी महत्त्वपूर्ण हो जाता है कि युद्धकाल का हर दिन मानवता को पीछे ले जाता है, जबकि शांति की दिशा में उठाया गया हर कदम नई आशा, उत्साह और समाधान की ओर ले जाता है। प्रधानमंत्री ने यह भी दोहराया कि भारत अपनी ओर से रूस-यूक्रेन और पश्चिम एशिया में संघर्षों को समाप्त करने के लिए हर संभव एवं जरूरी कदम उठाने को तैयार है, क्योंकि इसका वैश्विक समुदाय पर बहुत गहरा असर पड़ रहा है। इन संघर्षों के बहुआयामी प्रभाव पर नजर डालें, तो इनसे विश्व की भू-राजनीति में भी हलचल पैदा हुई है। अमेरिका, यूरोप, रूस, चीन और पश्चिम एशिया के देशों के बीच संबंधों में नए समीकरण बन रहे हैं। हालांकि, भारत ने रूस और पश्चिमी देशों के साथ अपने संबंधों में संतुलन बनाए रखा है तथा वह अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप विदेश नीति तय करने के लिए प्रतिबद्ध है। आज विश्व समुदाय के सामने सबसे बड़ी आवश्यकता संघर्ष की नहीं, बल्कि संवाद, कूटनीति और सहयोग को मजबूत करने की है।

# जानलेवा पाठ

इस संबंध में दुनिया भर में न जाने कितने अध्ययन सामने आ चुके हैं कि स्कूली बच्चों को किसी भी रूप में प्रताड़ित नहीं किया जाना चाहिए। देश में सभी शिक्षक इसके लिए न केवल शैक्षिक दायित्व के मुताबिक, बल्कि कानूनी रूप से भी बाध्य हैं। मगर यह समझना मुश्किल है कि कुछ शिक्षकों को बच्चे की किसी गलती का समाधान सिर्फ उन्हें अलग-अलग तरह से दंडित या प्रताड़ित करने में ही क्यों नजर आता है। दिल्ली के विनोद नगर इलाके में एक सरकारी स्कूल में ग्यारह साल की बच्ची का कसूर सिर्फ इतना था कि वह अपनी कक्षा की किताबें ले जाना भूल गई थी। सिर्फ इसलिए शिक्षिका ने उसे कक्षा में पीछे हाथ ऊपर कर खड़े होने की सजा दे दी। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई और इलाज के दौरान कुछ दिन बाद मौत हो गई। हाल ही में आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में भी एक छह वर्षीय बच्चे को होमवर्क न कर पाने पर शिक्षिका ने पीटा और उसके बाद उसकी मौत हो गई। मंगलवार को हरियाणा के फरीदाबाद में सिर्फ बिरयानी खाने के सवाल पर एक छात्रा को चार घंटे तक खड़ा रहने की सजा दी गई। खबरों के मुताबिक, इससे आहत होकर उसने स्कूल की छत से कूद कर जान दे दी।

सवाल है कि कई स्तर पर प्रशिक्षण हासिल कर शिक्षक बनने के बावजूद यह समझना जरूरी क्यों नहीं समझा जाता कि स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को अगर किसी बात पर दंडित किया जाता है, तो उसके कोमल मन-मस्तिष्क पर कैसा असर पड़ता है। शिक्षण के नियम-कायदों से लेकर शीर्ष अदालत के दिशा-निर्देश इस मामले में बिल्कुल स्पष्ट हैं। हैरानी की बात है कि कुछ शिक्षक इन नैतिक और कानूनी तकाजों को ताक पर रख कर स्कूल परिसर में भी अपनी विचित्र कुंठाओं से संचालित होते हैं और बच्चों को अलग-अलग तरीके से प्रताड़ित करते हैं। जबकि कुछ बच्चे ऐसे हो सकते हैं, जिन पर कक्षा में प्रताड़ित किए जाने का घातक असर पड़े। अगर एक शिक्षक को स्कूल में किसी बच्चे की चूक में सुधार की जरूरत महसूस होती है और इसके लिए वह उसे दंडित करना ही एकमात्र उपाय मानता है, तो क्या यह उसके व्यक्तित्व, विवेक, प्रशिक्षण और जिम्मेदारी में कमी का सूचक नहीं है?

# खाद्य सुरक्षा के समांतर पोषण का प्रश्न



**भारत ने अनाज उत्पादन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। मगर सवाल यह है कि क्या हर भारतीय को संतुलित, सुरक्षित, पौष्टिक और सस्ता भोजन उपलब्ध है!**

**सुनिधि मिश्रा**

वैश्विक अस्थिरता, जलवायु परिवर्तन और दुनिया में बढ़ते युद्धों ने केवल अर्थव्यवस्था, महंगाई, पर्यावरण और ऊर्जा संकट को ही गहरा नहीं किया है, बल्कि खाद्य संकट को भी एक नई चुनौती के रूप में सामने ला दिया है। खाद्य संकट अब केवल भूख का प्रश्न नहीं रहा, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, सामाजिक स्थिरता और आर्थिक विकास से भी जुड़ गया है। बढ़ती आबादी, सीमित संसाधनों और महंगाई के दबाव के कारण करोड़ों लोगों की थाली तक सुरक्षित, पर्याप्त और पौष्टिक भोजन नहीं पहुंच पा रहा है। इसलिए खाद्य सुरक्षा को अब केवल अनाज की उपलब्धता के बजाय उत्पादन, पहुंच, क्रय-शक्ति और वितरण से जुड़ी व्यापक चुनौती के रूप में समझना होगा।

हाल के वर्षों में युद्धों और भू-राजनीतिक तनावों ने खाद्य संकट का एक नया चेहरा दिखाया है। रूस-यूक्रेन युद्ध इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। युद्ध से पहले रूस और यूक्रेन गेहूं, सूरजमुखी तेल और मक्के के प्रमुख निर्यातकों में शामिल थे। युद्ध ने उत्पादन और निर्यात दोनों को प्रभावित किया, जिससे वैश्विक बाजार में खाद्य वस्तुओं की कीमतों और आपूर्ति पर दबाव बढ़ा। 'सेंटर फार स्ट्रैटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज' के जून 2026 के विश्लेषण के अनुसार, युद्ध के चार साल बाद भी यूक्रेन का 2025 का अनाज निर्यात 2020 की तुलना में लगभग 35 फीसद कम रहा। रूस के महत्त्वपूर्ण उर्वरक निर्यातक होने के कारण युद्ध का असर कृषि लागत पर भी पड़ा। पश्चिम एशिया के संघर्षों ने समुद्री व्यापार मार्गों को जोखिम में डालकर खाद्य आपूर्ति की अनिश्चितता और बढ़ा दी है।

इन परिस्थितियों ने दुनिया की सरकारों को यह सोचने पर विवश किया है कि खाद्य सुरक्षा अब राष्ट्रीय सुरक्षा का अभिन्न हिस्सा है। संयुक्त राष्ट्र की पांच एजंसियों द्वारा जारी रिपोर्ट 'विश्व में खाद्य सुरक्षा एवं पोषण की स्थिति, 2026' के अनुसार, वर्ष 2025 में दुनिया की करीब 7.8 फीसद आबादी यानी लगभग 64.5 करोड़ लोग भूख से जूझ रहे थे। यह आंकड़ा लगातार तीसरे वर्ष घटा है। वर्ष 2024 में यह 8.1 फीसद और 2022 में 8.6 फीसद था। हालांकि इस सुधार को स्थायी उपलब्धि मानना जल्दबाजी होगी, क्योंकि पौष्टिक भोजन की कीमत लगातार बढ़ रही है। रिपोर्ट के अनुसार, 2025 में एक पौष्टिक थाली की औसत वैश्विक कीमत लगभग 4.28 डालर प्रतिदिन हो गई, जबकि 2017 में यह 2.94 डालर थी।

अप्रैल 2026 में जारी 'खाद्य संकट पर वैश्विक रिपोर्ट' भी चिंताजनक तस्वीर प्रस्तुत करती है। इसके अनुसार 47 देशों में लगभग 26.6 करोड़ लोग गंभीर खाद्य असुरक्षा का सामना कर रहे थे। पहली बार एक ही वर्ष में गाजा और सूडान में अकाल जैसी स्थितियां सामने आईं। स्पष्ट है कि वैश्विक स्तर पर खाद्य संकट का स्वरूप एक समान नहीं है। दक्षिण एशिया और लातिन अमेरिका में स्थिति में कुछ सुधार दिखता है, लेकिन अफ्रीका और पश्चिम एशिया के अनेक हिस्सों में संकट लगातार गहरा रहा है।

ऐसे में भारत की स्थिति उपलब्धि और चुनौती, दोनों का मिश्रण है। गौरतलब है कि भारत में कुपोषित लोगों का अनुपात 2004-06 के 21.1 फीसद से घटकर 2023-25 में 9.8 फीसद रह गया है। इस अवधि में कुपोषित लोगों की संख्या



भी लगभग 24 करोड़ से घटकर 14.25 करोड़ रह गई। दो दशकों में हुआ यह सुधार निश्चित रूप से महत्त्वपूर्ण है, लेकिन दूसरी ओर 2025 में भारत की करीब 35.5 फीसद आबादी, यानी 52 करोड़ से अधिक लोग पौष्टिक और संतुलित भोजन का खर्च वहन करने की स्थिति में नहीं थे। यह आंकड़ा 2017 के 59.8 फीसद से कम जरूर हुआ है, लेकिन अभी भी काफी बड़ा है। भारत में पौष्टिक भोजन की अनुमानित कीमत 2025 में करीब 4.11 डालर प्रतिदिन रही।

> **बढ़ती आबादी, जलवायु परिवर्तन, युद्ध, वैश्विक अस्थिरता और महंगाई ने खाद्य संकट को गंभीर चुनौती बना दिया है। अब खाद्य सुरक्षा केवल अनाज की उपलब्धता नहीं, बल्कि पौष्टिक भोजन तक पहुंच, क्रय-शक्ति और प्रभावी वितरण से जुड़ी है। रूस-यूक्रेन युद्ध तथा पश्चिम एशिया के संघर्षों ने वैश्विक खाद्य आपूर्ति और कीमतों को प्रभावित किया है। भारत ने खाद्यान्न उत्पादन और सार्वजनिक वितरण प्रणाली में उल्लेखनीय प्रगति की है तथा कुपोषण में भी कमी आई है, लेकिन बड़ी आबादी अब भी पौष्टिक भोजन का खर्च नहीं उठा पाती। बच्चों में कुपोषण, महिलाओं में रक्ताल्पता और शहरी मोटापा दोहरे पोषण संकट को दर्शाते हैं।**

यहीं भारत के खाद्य संकट का सबसे बड़ा विरोधाभास सामने आता है। देश में अनाज की कमी नहीं है, लेकिन संतुलित पोषण की कमी अब भी गंभीर है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण के अनुसार, भारत में लगभग 35.5 फीसद बच्चों का कद उनकी उम्र के अनुपात में कम है और 19.3 फीसद बच्चे कम वजन की समस्या से जूझ रहे हैं। दूसरी ओर, महिलाओं में रक्ताल्पता और शहरी क्षेत्रों में बढ़ता मोटापा एक अलग चिंता पैदा कर रहे हैं। सस्ता और अधिक प्रसंस्कृत भोजन कई परिवारों के लिए मजबूरी बन रहा है। परिणामस्वरूप भारत एक साथ अल्पपोषण और मोटापे के दोहरे बोझ का सामना कर रहा है।

गौरतलब है कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय के नवंबर 2025 के अंतिम अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2024-25 में देश ने करीब 35.77 करोड़ टन खाद्यान्न का उत्पादन किया। चावल और गेहूं का उत्पादन रिकार्ड स्तर पर रहा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली भी लगभग 80 करोड़ से अधिक लोगों तक सस्ता अनाज पहुंचा रही है। इसलिए भारत की मूल चुनौती अब केवल अधिक अनाज पैदा करना नहीं, बल्कि हर परिवार की थाली में विविधता और पोषण सुनिश्चित करना है।

इस चुनौती की जड़ें कई स्तरों पर फैली हैं। खाद्य महंगाई, डीजल और उर्वरकों की बढ़ती लागत तथा दालों और तिलहनों के आयात पर निर्भरता कृषि व्यवस्था पर दबाव डालती है। गरीबी और आय की असमानता यह तय करती है कि परिवार आय का कितना हिस्सा पौष्टिक भोजन पर खर्च कर सकता है। गांव और शहर के बीच की आर्थिक दूरी भी भोजन की गुणवत्ता को प्रभावित करती है। वहीं, अनियमित मानसून, सूखा, बाढ़, भूजल का अत्यधिक दोहन और मिट्टी की घटती उर्वरता भविष्य की खाद्य सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे हैं।

इस पूरी व्यवस्था के केंद्र में किसान है। अगर खाद्य सुरक्षा राष्ट्रीय प्राथमिकता है, तो किसान की आर्थिक सुरक्षा को उससे अलग नहीं किया जा सकता। छोटे और सीमांत किसानों के लिए बीज, खाद, डीजल और सिंचाई की बढ़ती लागत के साथ मौसम का जोखिम तथा बाजार में कीमतों की अनिश्चितता बड़ी चुनौती है। फसल बीमा, बेहतर भंडारण, प्रसंस्करण सुविधाओं और डिजिटल बाजार तक पहुंच को मजबूत करना जरूरी है। किसान की आय स्थिर होगी, तो कृषि उत्पादन भी अधिक टिकाऊ बनेगा और देश की खाद्य सुरक्षा की नींव मजबूत होगी।

आगे का रास्ता स्पष्ट है। भारत को जलवायु-अनुकूल कृषि, सूखा और गर्मी सहने वाली फसल किस्मों, सटीक खेती तथा स्मार्ट सिंचाई जैसी तकनीकों को तेजी से अपनाना होगा। मिलेट्स यानी मोटे अनाजों, दालों और स्थानीय अनाजों को बढ़ावा देना पोषण और पर्यावरण, दोनों के लिए उपयोगी होगा। इसके साथ, बेहतर भंडारण, खाद्य प्रसंस्करण में निवेश, आपूर्ति शृंखला को मजबूत करना और भोजन की बर्बादी कम करना भी आवश्यक है। स्थानीय खाद्य प्रणालियों को मजबूत किए बिना दीर्घकालिक खाद्य सुरक्षा संभव नहीं है।

इक्कीसवीं सदी में जिस देश के पास उपजाऊ मिट्टी, पर्याप्त और स्वच्छ पानी, स्वस्थ किसान तथा हर नागरिक तक पौष्टिक भोजन की पहुंच होगी, वही आर्थिक और रणनीतिक रूप से मजबूत होगा। भारत ने अनाज उत्पादन के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धियां हासिल की हैं। अब अगली मंजिल बेहतर थाली की है। सवाल यह नहीं होना चाहिए कि देश कितना अनाज पैदा करता है, बल्कि यह कि क्या हर भारतीय को संतुलित, सुरक्षित, पौष्टिक और सस्ता भोजन उपलब्ध है। भारत को खाद्य सुरक्षा से आगे बढ़कर पोषण, किसान और पर्यावरण- इन तीनों की सुरक्षा को एक साथ साधना होगा। आखिरकार खाद्य संकट केवल खेत-खलिहान का सवाल नहीं, बल्कि राष्ट्र के वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा का प्रश्न है।

## दुनिया मेरे आगे

# सिकुड़ती गलियां

**संदीप 'विहान'**

जब बच्ची दो साल की हो जाए और चलना शुरू कर दे, तो आमतौर पर उसकी उत्सुकता घर से बाहर निकलने की होती है। दरवाजा खुलते ही वह बाहर की दुनिया को जान लेना चाहती है। मां-पिता उसकी सुरक्षा या उससे प्यार, वजह कोई भी हो, चाहते हैं कि उसके सिर कोई अनजान जोखिम न आए। मगर बच्ची के दिमाग में जो चल रहा होता है, वह अपने आप ही दरवाजे के बाहर निकलने और समझने की कोशिश शुरू कर देती है। हालांकि घर से बाहर निकलते ही उसका सामना सामने खड़ी मोटर साइकिलों से होता है। उसका चलना अभी दुनिया को जानने का नया अनुभव होता है। उसके चलने की जगहों में आमतौर पर मां या पिता साथ होते हैं। मां या पिता का साथ एक तरह से बच्ची पर निगरानी की शक्ल में होता है, जिसे खयाल रखने या फिक्र करने के तौर पर जाना जाता है।

शहर में सभी नागरिकों को चलने के लिए खुली गलियां नसीब नहीं होती। शहर की संरचना में एक तयशुदा ढांचे में ऊपर से नीचे का क्रम है। किसी के चलने के लिए खुली गलियां है और किसी के लिए तंग गालियां। मगर इस सवाल पर सोचने वाला पिता भी उन्हीं तंग गलियों में बच्ची का हाथ पकड़े और कभी उसे अपने कंधों पर लिए रास्ते नापता रहता है।

जब हम घर से बाहर जाते हैं, तो हमें आम इंसानों के अलावा दो-तीन तरह के जीव ही देखने को मिलते है। इनमें कुत्ते, गाय और कबूतर जैसे जीव शामिल हैं। कभी-कभी इस सूची में बंदर, गिलहरी और छिपकली भी शामिल हो जाते हैं। यानी बच्ची के घर से बाहर की दुनिया के शुरुआती यथार्थ अनुभव में चारों तरफ कंक्रीट की संरचनाएं और मशीनें होती हैं तथा कुछ जीव देखने को मिलते हैं। थोड़ा और बाहर जाने पर इस दुनिया में सड़क पर भागती-दौड़ती और हार्न बजाती गाड़ियों की दुनिया भी शामिल हो जाती है।

सच यह है कि हमारे शहर के व्यस्त और तंग इलाके एक बच्चे के सीखने और जानने के शुरुआती कर्म में किस तरह एक नीरस अनुभव के रूप में शामिल हो रहे हैं। इस नीरसता को तोड़ने और उसकी दुनिया को विस्तार देने के लिए एक पिता को अपनी बेटी को शहर में दूर एक पार्क में ले जाना पड़ता है। वहां वह घास को छूकर देखती है, पेड़-पौधों को देखती है और कीट पतंगों के पीछे भागती है। हालांकि ऐसा वह घर पर भी करती है। इस प्रक्रिया में चीजों को छूकर, देखकर और टटोलकर प्रकृति के साथ अपने अनुभव संसार का विस्तार करती है। मगर उसके इस अनुभव संसार में सिर्फ वस्तुएं नहीं होतीं, बल्कि एक जीवंत संसार होता है। रवींद्रनाथ ठाकुर बच्चे के जिस स्वतंत्र अनुभव की बात करते हैं, उसका माध्यम प्रकृति से प्रत्यक्ष जुड़ाव है, जिसमें ज्ञान रटाए जाने की अपेक्षा स्वतंत्र और प्रत्यक्ष अनुभव से जुड़ा है।

एक सवाल जो बार-बार किसी के मन में आ सकता है कि बच्चे प्रकृति और उसमें खेलने के रोमांच से वंचित क्यों हैं? जबकि बचपन की दुनिया में प्रकृति और खेल महत्त्वपूर्ण होते हैं। बच्चे की सीखने-जानने की दुनिया से प्रकृति और खेल का अटूट रिश्ता होता है। बच्चे अपनी प्रकृति को देखकर और उस माहौल में खेलकर स्फूर्ति का अहसास करते हैं और उनके सीखने के अनुभव गहरे और अटूट होते हैं। बंद कमरे और तंग गलियों की जगह प्रकृति खुली किताब की तरह होती है। खुले प्राकृतिक वातावरण में एक बच्ची कीट-पतंगों के पीछे दौड़कर, भागकर, चीजों को छूते हुए, मिट्टी और घास पर गिरते और उठते हुए इन सबको महसूस करती है। प्रकृति और खेल के साथ उसका यह जुड़ाव सिर्फ मनोरंजन का हिस्सा नहीं है, बल्कि वह इन गतिविधियों के माध्यम से अपने शरीर, अपने आसपास के वातावरण और दूसरे जीवों के साथ मनुष्य के संबंध को जानती और समझती है। यह बच्चों के समाजीकरण की प्रक्रिया के बुनियादी अंगों में से एक है।

> **असमान विकास के बीच बच्चों के सीखने की दुनिया लगातार सिकुड़ती नजर आती है। विकास की इस प्रचलित परिभाषा में सड़कों, मकानों, दुकानों और वाहनों आदि के लिए तो जगह है, लेकिन वहां आजाद चलने, खेलने, बैठने और प्रकृति से मिलने की जगहों की कमी नजर आती है।**

अफसोस कि विकास की जिस परिभाषा के चलते शहरों की संरचनाएं खड़ी हुई हैं और उसके फलस्वरूप उनमें जिस तरह की असमानताएं मौजूद हैं, उसमें बच्चे के सीखने की दुनिया लगातार सिकुड़ती नजर आती है। विकास की इस प्रचलित परिभाषा में सड़कों, मकानों, दुकानों और वाहनों आदि के लिए तो जगह है, लेकिन वहां आजाद चलने, खेलने, बैठने और प्रकृति से मिलने की जगहों की कमी नजर आती है।

शहर की संरचना में निहित स्थानिक असमानताएं यह तय करती है कि बच्चे का अनुभव संसार कैसा बनेगा और आगे चलकर वह दुनिया को कैसे देखेगा और बुनेगा। बच्चे के लिए पर्यावरण के बारे में रुककर सोचने के लिए उसके अनुभव जगत का महत्त्वपूर्ण स्थान है। अगर वह शहरों में कंक्रीट की इमारतों और गलियों में संरचनात्मक असमानता देखते हुए बड़ा होगा और उसके प्राथमिक समाजीकरण में प्रकृति का खुलापन नहीं होगा, तो आगे चलकर वह अपनी दुनिया से मिले अनुभव के अनुसार ही नई दुनिया रचेगा। यह वैसा ही है, जैसा हम बच्चे को शेर, हाथी, हिरण और अन्य जानवरों के खिलौने उसे दिखाते हैं और उनकी कहानियां सुनाते हैं, लेकिन असलियत में बड़े होते बच्चे उन्हें देख नहीं पाते। और एक दिन किताबों से उन्हें पता चलता है कि ये सारे जीव या तो लुप्तप्राय हैं या फिर संरक्षण के द्वारा उनको बचाने की कोशिश भर की जा रही है या फिर वे किसी चिड़ियाघर में उनके मनोरंजन का हिस्सा मात्र है।

## चौपाल

### कुदरत का कहर

नेपाल में हिमनद और बर्फ की चट्टान टूटने के बाद आई बाढ़ ने हिमालयी क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। इस आपदा का असर नेपाल की सीमाओं से निकल कर भारत तक दिखाई देने लगा है। बिहार में गंडक और नारायणी नदी के किनारे रहने वाले लोगों में दहशत का माहौल है। इस राज्य की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि नेपाल में होने वाली अत्यधिक वर्षा और अचानक आने वाली बाढ़ का प्रभाव यहां तक पहुंचता है। नेपाल की पहाड़ियों में भारी बारिश या हिमनद में बदलाव से पानी बिहार में आता है। इसलिए बिहार के लिए नेपाल की प्राकृतिक आपदा केवल पड़ोसी देश की समस्या नहीं है। यह सीधे तौर पर राज्य की सुरक्षा, कृषि, आबादी और बुनियादी ढांचे से जुड़ा विषय है। नेपाल की त्रासदी को केवल बाढ़ की घटना मानना भूल होगी। हिमालय दुनिया का सबसे संवेदनशील पर्वत है। यहां हिम झीलों का टूटना और अचानक बाढ़ आने का खतरा हमेशा बना रहता है। बदलती जलवायु परिस्थितियां इन खतरों को और बढ़ा सकती हैं। हिमालयी क्षेत्र में तापमान बढ़ने के कारण बर्फ के पिघलने की प्रक्रिया पर वैज्ञानिक लगातार नजर रखते हैं। हिमनदों के पिघलने को प्राकृतिक चुनौती के रूप में देखना होगा।

*- कांतिलाल मांडोत, लखनऊ*

### कसौटी पर विकास

'लापरवाही की आग' (संपादकीय, 19 अगस्त) पढ़ा। कोलकाता के एक होटल में लगी आग में नौ लोगों की मौत हुई। घटना की जांच के लिए एसआइटी गठित की गई और राज्य सरकार ने होटलों तथा अतिथिगृहों की अग्नि-सुरक्षा की जांच के आदेश दिए। मगर असली प्रश्न यह नहीं है कि आग कैसे लगी, बल्कि यह है कि ऐसी परिस्थितियां बनने ही क्यों दी गईं? हमारा विकास अक्सर चमकदार इमारतों, चौड़ी सड़कों और आधुनिक तकनीक के आंकड़ों में दिखाई देता है। अगर किसी होटल में आग लगते ही आपातकालीन निकास, अग्निशमन व्यवस्था और सुरक्षित भवन-प्रबंधन कागजों में ही मिलें, तो यह व्यवस्था की विडंबना है। हर हादसे के बाद जांच समिति, मुआवजा, शोक-संदेश और कुछ दिनों के हंगामे के बाद फिर वही पुरानी दिनचर्या शुरू हो जाती है। विकास की असली परीक्षा ऊंची इमारतें बनाना नहीं, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि उनमें रहने वाला हर व्यक्ति सुरक्षित रहे।

*- इशरत अली कादरी, भोपाल*

### बहस का मुद्दा

आरक्षण समर्थकों और विरोधियों के अपने-अपने तर्क हैं। इससे आरक्षण हमेशा मुद्दा बना रहता है। जेन-जी के आंदोलन के बाद आरक्षण के विरोध में जंतर मंतर पर ही एक आंदोलन देखने को मिला। आंदोलनकारियों के अपने तर्क हैं, लेकिन क्या जातिगत आरक्षण को समाप्त करने का कोई विकल्प ढूंढ़ा जा रहा है? यह भी कड़वा सत्य है कि देश के किसी भी राज्य में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग को और अन्य पिछड़ा वर्ग को पूरी तरह आरक्षण नहीं दिया गया है। राज्य सरकारों द्वारा बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारियों को शामिल कर इनका भ्रामक आंकड़ा तैयार किया जाता है। इसके बाद 'कोई योग्य नहीं पाया गया', यह कह कर आरक्षित वर्ग के पढ़े-लिखे वर्ग की योग्यता पर सवाल उठाया जाता है। आरक्षण विरोधियों को ठेकेदारी व्यवस्था को बहस का मुद्दा बनाना चाहिए। इसके खिलाफ जनमत बनाने और निजीकरण के खिलाफ भी युवाओं को अपनी बात रखनी चाहिए।

*- वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली*

### प्रकृति के आगे

प्रकृति के प्रकोप के समय तकनीक भी काम नहीं आई। अगर चीन पहले ही सूचित कर देता, तो नेपाल में हुए 'जल प्रलय' से नागरिकों को बचाया जा सकता था। मगर ऐसा नहीं हुआ। सभी देशों ने अपने-अपने उपग्रह अंतरिक्ष में भेजे हैं, जिससे पृथ्वी की गतिविधियों के बारे में पता लगाया जा सके। कई मामलों में उपग्रह मददगार साबित हो रहे हैं। उच्च कोटि की यह तकनीक काम तो आई है, लेकिन प्रकृति के रौद्र रूप के सामने वह धरी रह गई। केदारनाथ-बद्रीनाथ हादसा हो या दुनिया में अचानक आई आपदा, सबसे नाजुक मौके पर सारे तकनीकी संसाधन धरे रह गए। नेपाल में अचानक आया प्राकृतिक प्रकोप और उससे हुई भारी तबाही हमारे सामने है। राजनीतिक या अन्य आधारों से इतर मानवीय पक्ष को सबसे ऊपर रखना चाहिए, क्योंकि मानव है, तो समाज है और समाज है, तो देश है और देश है तो दुनिया है।

*- शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर*

हमें लिखें, हमारा पता : edit.jansatta@expressindia.com | chaupal.jansatta@expressindia.com

विशेष
जनसत्ता | 2 सितंबर, 2026



## यकृत रोगों पर 'वर्ल्ड कांग्रेस आफ गैस्ट्रोएंटरोलाजी' का आयोजन 30 सितंबर से

दुनिया में हर दूसरा व्यक्ति यकृत से संबंधी रोगों से परेशान हैं। ऐसी समस्याओं के उपचार की नीति बनाने के लिए दुनियाभर के तीन हजार से अधिक गैस्ट्रोएंटरोलाजी के विशेषज्ञ पहली बार भारत में एकत्रित होंगे। 30 सितंबर से दो अक्तूबर तक आयोजित होने वाले इस 'वर्ल्ड कांग्रेस आफ गैस्ट्रोएंटरोलाजी 2026' में यकृत रोगों को लेकर हुए 1200 से अधिक शोध पर चर्चा होगी। साथ ही इन शोध के आधार पर नीति बनेगी। इस संबंध में एम्स में गैस्ट्रोएंटरोलाजी के प्रोफेसर व आयोजन के सह-अध्यक्ष डा गोविंद मखारिया ने बताया कि हर दूसरा व्यक्ति हैलीकाप्टर पायलारी संक्रमण से संक्रमित है और हर तीसरा व्यक्ति अपनी आंत में कृमियों से संक्रमित है। एम्स के गैस्ट्रोएंटरोलाजी विभाग के प्रमुख डा प्रमोद गर्ग ने कहा कि फैटी लीवर को लेकर एक अध्ययन में पाया गया कि यह स्थिति 38.6 फीसद भारतीय वयस्कों और 35.4 फीसद भारतीय बच्चों में मौजूद है। इसका मधुमेह और उच्च रक्तचाप से संबंध है। (ब्यूरो)

# सीबीआइ जांच के 7200 मामले सुनवाई के लिए लंबित

जनसत्ता ब्यूरो

केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने अपनी एक नवीनतम रिपोर्ट में कहा है कि केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) की जांच से गुजरे भ्रष्टाचार के 7,200 से ज्यादा मामले अदालतों में सुनवाई के लिए लंबित हैं तथा उनमें से 409 मामले तो दो दशक से भी अधिक पुराने हैं। इस सीवीसी रिपोर्ट में कहा गया है कि 31 दिसंबर, 2025 तक अदालतों में सुनवाई के लिए लंबित कुल 7,229 मामलों में से, 1,612 मामले तीन साल से कम समय से, 860 मामले तीन से पांच साल तक की अवधि से तथा 1,901 मामले पांच से 10 साल की अवधि से सुनवाई के लिए लंबित हैं।

सीवीसी की वार्षिक रिपोर्ट, 2025 के अनुसार भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम के 2,447 मामले 10 से 20 साल तक अवधि से और 409 मामले 20 साल से ज्यादा समय से सुनवाई के लिए लंबित हैं। आयोग का कहना है कि उच्च न्यायालयों और उच्चतम न्यायालय में लगभग 14,083 अपील और पुनरीक्षण याचिकाएं (जिनमें रिट याचिकाएं भी शामिल हैं) लंबित हैं। रिपोर्ट के अनुसार कुल मामलों में से 739 मामले 20 साल से ज्यादा समय से, 1,347 मामले 15 से 20 साल तक की अवधि से तथा 3,161 मामले 10 से 15 साल तक की अवधि से लंबित हैं। हाल में जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक ऐसी कुल 3,854 अपीलें और पुनरीक्षण याचिकाएं पांच-10 साल तक की अवधि से लंबित हैं। 1,987 मामले दो पांच से साल तक की अवधि से और 2,995 मामले दो साल से कम समय से लंबित हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि सीबीआइ के पास भ्रष्टाचार के 473 मामलों की जांच लंबित हैं। उनमें से 39 मामले पांच साल से ज्यादा समय से, 37 मामले तीन से पांच साल तक की अवधि से और 33 मामले दो से तीन साल तक की अवधि से लंबित हैं। इकतीस दिसंबर, 2025 तक 72 मामले एक से दो साल तक अवधि से और 292 मामले एक साल से कम समय से जांच के लिए लंबित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'सीबीआइ से उम्मीद की जाती है कि वह मामला दर्ज होने के एक साल के अंदर जांच पूरी कर ले। जांच पूरी होने का मतलब है कि जहां जरूरी हो, वहां सक्षम अधिकारी से मंजूरी मिलने के बाद अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया जाए।' हालांकि, कुछ मामलों में जांच पूरी होने में देरी नजर आई है। इनमें अनुरोध पत्र के जवाब मिलने में देरी और बेहिसाब संपत्ति के मामलों में दस्तावेजों/डीड् की जांच में लगने वाला समय जैसी बातें शामिल हैं।




सीवीसी रिपोर्ट में कहा गया है लंबित कुल मामलों में से1,612 मामले तीन साल से कम समय से, 860 मामले तीन से पांच साल तक की अवधि से तथा 1,901 मामले पांच से 10 साल की अवधि से सुनवाई के लिए लंबित हैं।

# ई जागृति : 11 हजार उपभोक्ता मामलों को न्याय का इंतजार

पंकज रोहिला

उपभोक्ता हनन अधिकारों से संबंधित विवादों के निपटारे के लिए बने ई-जागृति पोर्टल पर शिकायतें दर्ज कराने वाले 11 हजार से अधिक उपभोक्ताओं को अपने मामले के निपटारे का इंतजार है। ये आंकड़ा सिर्फ जून 2026 तक का है। केंद्र सरकार वर्ष 2025 में ही इस आन लाइन पोर्टल की शुरुआत की थी, ताकि तेजी से उपभोक्ता संबंधित शिकायतों का निवारण किया जा सके। यह पोर्टल आन लाइन शिकायत दर्ज कराने, दस्तावेजों का डिजिटल प्रारूप जमा कराने, आनलाइन शुल्क भुगतान जैसी सेवाओं के लिए शुरू किया गया है। इसके तहत उपभोक्ता को वर्चुअल कोर्ट रूम जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाती है।

इन शिकायतों का निपटारा राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग (एनसीडीआरसी) व राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग (एससीडीआरसी) द्वारा किया जाता है। केंद्र सरकार की एक रिपोर्ट के मुताबिक, एससीडीआरसी में इस वर्ष 2026 जून तक दर्ज हुई शिकायतों का आंकड़ा 82112 रहा है। इन शिकायतों में से केवल 70176 उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा किया किया गया है। इस प्रकार अभी भी इस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने वाले 11936 उपभोक्ताओं को अपनी शिकायत के निस्तारण का इंतजार है। इस साल का शुरुआती आंकड़ा इस बार शिकायतों की संख्या अधिक होने का संकेत दे रहा है क्योंकि बीते वर्ष एससीडीआरसी के पास कुल 162896 शिकायतें दर्ज हुई थी, जिनमें से 150581 मामलों का निपटारा किया गया था। इस साल जिन राज्यों से सबसे अधिक शिकायतें दर्ज की गई थी, उन राज्यों में उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख राज्य शामिल है। इसी प्रकार एससीडीआरसी के कुल 1445 शिकायतें इस साल दर्ज हुई हैं और इनमें से 1707 शिकायतों का निपटारा इस साल किया गया है। इन शिकायतों में बीते साल लटकी हुई शिकायतें भी शामिल हैं। जबकि इस श्रेणी में 2025 में 3402 शिकायत दर्ज थी और बाद में पूर्व शिकायतों को जोड़कर कुल 4908 शिकायतों को निपटाया गया था। रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2025 में 162896 मामले दर्ज किए गए थे, और 150581 मामलों का निपटाया किया गया था। जो कि बीते साल 2024 की तुलना में बेहतर प्रदर्शन था। इसके अतिरिक्त 17 जुलाई 2026 तक 1021 अप्रवासी भारतीयों ने विदेश से ई-जागृति पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। सरकार का दावा है कि वीडियो कांफ्रेंससिंग मोड के माध्यम से सुनवाई करने के लिए वीवी उपकरण राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग (एनसीडीआरसी) दस पीठों और राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग 35 पीठ में पहले ही संस्थापित किया जा चुका है और उन्हें कार्यात्मक बना दिया गया है।

उपभोक्ताओं के लाभों के अतिरिक्त यह पोर्ट अधिवक्ताओं और उपभोक्ता आयोगों के अध्यक्षों व सदस्यों के लिए भी विशेष माड्यूल देता है, जिससे मामलों का प्रबंधन अधिक सुव्यवस्थित हो सके। इससे अधिवक्ता अपने मामलों की निगरानी कर सकते हैं और मामलों की सुनवाई की पूर्व सूचना भी प्राप्त कर सकते हैं।



केंद्र सरकार ने वर्ष 2025 में ही इस आनलाइन पोर्टल की शुरुआत की थी, ताकि तेजी से उपभोक्ता संबंधित शिकायतों का निवारण किया जा सके।
यह पोर्टल आन लाइन शिकायत दर्ज कराने, दस्तावेजों का डिजिटल प्रारूप जमा कराने, आनलाइन शुल्क भुगतान जैसी सेवाओं के लिए शुरू किया गया है।
इस साल जिन राज्यों से सबसे अधिक शिकायतें दर्ज की गई थी, उन राज्यों में उत्तर प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान, हरियाणा, मध्य प्रदेश जैसे प्रमुख राज्य शामिल है।

## तैयारी



नदिया में जन्माष्टमी के त्योहार से पहले भगवान कृष्ण की मूर्ति को अंतिम रुप देता एक कलाकार।

# एक चुनाव व पूर्ण वंदे मातरम् को लेकर राष्ट्रीय आंदोलन की तैयारी में भाजपा-संघ

सुनील दत्त पांडेय

उत्तराखंड एक बार फिर से भाजपा और संघ की सनातन राजनीति का केंद्र बनने जा रहा है। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव होना है। इस वर्ष देश के पांच और प्रदेशों में भी विधानसभा का चुनाव है। इसको देखते हुए भाजपा व संघ एक राष्ट्र एक चुनाव और वंदे मातरम् संपूर्ण गीत मुद्दों को लेकर राष्ट्रीय आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

नीट पेपर लीक के बाद देश में जगह जगह पर छात्र आंदोलन और सोशल मीडिया पर भाजपा विरोधी माहौल को हवा मिलने से उपजी स्थिति को देखते हुए इस राष्ट्रीय आंदोलन से भाजपा व संघ को उम्मीदें हैं। हरिद्वार में पिछले दिनों भाजपा और संघ के कार्यकर्ताओं ने एक मंच बनाकर संत समागम का आयोजन किया। इसमें साधु संतों ने केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में एक राष्ट्र-एक चुनाव और वंदे मातरम् संपूर्ण गीत के मुद्दों के समर्थन में प्रस्ताव पारित किए। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने संत समाज से आह्वान किया कि वे अपने प्रवचनों में वंदे मातरम् के पूरे स्वरूप का समर्थन करें और जनता में यह भावना जगाएं कि देश की मातृभूमि की वंदना में कोई विवाद नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब संतों की आवाज से जनजागरण होगा, तो कोई भी वंदे मातरम के पूरे गान का विरोध करने का साहस नहीं कर पाएगा। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संत-महात्माओं से इन महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय विषयों पर समाज का मार्गदर्शन करने का आग्रह करते हुए कहा कि भारत की सनातन परंपरा में संत समाज ने सदैव राष्ट्र और समाज को दिशा देने का कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि हमारा संकल्प है कि लोकतंत्र मजबूत हो, विकास निरंतर हो, संस्कृति सुरक्षित हो और राष्ट्र सर्वोपरि रहे और अब एक राष्ट्र-एक चुनाव और संपूर्ण वंदे मातरम् गीत के मुद्दे पर साधु संतों का आशीर्वाद प्राप्त हो गया है तो यह दोनों लक्ष्य भी जल्दी ही प्राप्त होंगे। संत समागम में देश भर से आए साधु संतों ने कहा कि इस समय देश के सामने एक राष्ट्र-एक चुनाव और वंदे मातरम् संपूर्ण गीत महत्त्वपूर्ण मुद्दे हैं और जो इन लोगों का मुस्लिम तुष्टीकरण के नाम पर विरोध कर रहे हैं, वह राष्ट्रद्रोही हैं और उनके खिलाफ वंदे मातरम् संपूर्ण गीत का विरोध करने को लेकर राष्ट्रद्रोह का मुकदमा किया जाना चाहिए। इस अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मनसा देवी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत डा रविंद्र पुरी महाराज ने कहा कि आज देश को एक राष्ट्र एक चुनाव और वंदे मातरम् के संपूर्ण गीत की बहुत आवश्यकता है।

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री महंत हरिगिरि महाराज ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव और वंदे मातरम् संपूर्ण गीत के मुद्दे पर समस्त साधु समाज प्रधानमंत्री मोदी के साथ खड़ा है और हम राष्ट्रवादी ताकतों को हमेशा करारा जवाब देते रहेंगे। योग गुरु स्वामी रामदेव ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव का हम समर्थन करते हैं। महामंडलेश्वर प्रबोधानंद महाराज ने कहा कि केंद्र सरकार को और भी अधिक कड़ा कानून बनाना चाहिए ताकि कोई कभी सपने में भी वंदे मातरम् संपूर्ण गीत का विरोध करने की ना सोच सके। संत समागम में सभी तेरह अखाड़ों के महंत, आचार्य महामंडलेश्वर, महामंडलेश्वर और साधु संत बड़ी तादाद में उपस्थित थे। संत समागम का संचालन महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद महाराज ने किया और महामंडलेश्वर रूपेंद्र प्रकाश महाराज ने सभी का आभार जताया।

नीट पेपर लीक के बाद देश में जगह जगह पर छात्र आंदोलन और सोशल मीडिया पर भाजपा विरोधी माहौल को हवा मिलने से उपजी स्थिति को देखते हुए इस राष्ट्रीय आंदोलन से भाजपा व संघ को उम्मीदें हैं।

# विश्व धरोहर कालका-शिमला रेल लाइन के लिए खतरा बना मौसम

शिमला, (जनसत्ता)।

हिमाचल प्रदेश में पिछले कई दिनों से लगातार भारी बारिश और भूस्खलन ने विश्व धरोहर कालका-शिमला नैरोगेज रेललाइन की सुरक्षा पर खतरा बढ़ा दिया है। कोटी और गुम्मन रेलवे स्टेशनों के बीच ब्रिज संख्या 57 के पास ट्रैक के आसपास की मिट्टी बह जाने के बाद रेलवे ने इस रेलखंड पर यातायात रोक दिया है। इस स्थान पर रेल ट्रैक का 10 से 15 मीटर लंबा हिस्सा हवा में लटक गया है।

सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे ने कालका-शिमला और शिमला-कालका के बीच चलने वाली 10 रेलगाड़ियों का संचालन रोक दिया है। ताजा सूचना के मुताबिक छह ट्रेनें 11 सितंबर और चार ट्रेनें 13 सितंबर तक रद्द रहेंगी। प्रभावित हिस्से में बहाली का काम जारी है। रेलवे की ओर से जारी सूचना के अनुसार किलोमीटर 7/16-17 के पास पुल संख्या 57 के आसपास मिट्टी बहने से रेललाइन की सुरक्षा प्रभावित हुई है। लगातार बारिश के बीच पानी के तेज बहाव से ट्रैक के नीचे का आधार कमजोर हुआ। किसी भी संभावित हादसे से बचने के लिए रेलगाड़ियों का संचालन रोक दिया गया है। रेलवे का दल मौके पर बहाली और ट्रैक को सुरक्षित करने के काम में जुटा है।

कालका से शिमला और शिमला से कालका के बीच चलने वाली ट्रेन संख्या 52457, 52453 और 52455 तथा वापसी दिशा की 52458, 52454 और 52456 को 31 अगस्त से 11 सितंबर तक रद्द किया गया है। वहीं, ट्रेन संख्या 52451 और 52459 तथा शिमला से कालका की 52452 और 52460 का निरस्तीकरण खराब मौसम को देखते हुए 13 सितंबर तक बढ़ाया गया है। रेलगाड़ियां रद्द होने से पहले टिकट बुक करा चुके यात्रियों को रेलवे की ओर से मोबाइल संदेश भेजकर सूचना दी जा रही है। यात्रियों को यात्रा से पहले अपनी ट्रेन की स्थिति जांचने की सलाह दी गई है।

कालका-शिमला रेललाइन पर इस मानसून में बारिश और भूस्खलन के कारण बार-बार यातायात प्रभावित हुआ है। 96 किलोमीटर लंबी यह विश्व धरोहर रेललाइन शिमला आने वाले पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण है। सेवाएं लंबे समय तक प्रभावित रहने से पर्यटन सीजन में पर्यटकों के साथ स्थानीय यात्रियों की परेशानी भी बढ़ गई है। वहीं, मौसम विभाग के अधिकारियों ने हिमाचल प्रदेश में तीन सितंबर तक मानसून के सक्रिय रहने की संभावना जताई है। इससे कई जिलों में भारी बारिश हो सकती है। प्रदेश में बारिश और भूस्खलन से 60 सड़कें बंद हैं और 39 वितरण ट्रांसफार्मर क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित है। मंडी में 26, कुल्लू में 12, कांगड़ा में सात और सिरमौर व ऊना में चार-चार सड़कें बंद हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग वरिष्ठ वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि इस साल एक जून से 31 अगस्त के बीच राज्य में सामान्य से लगभग 10 फीसद कम बारिश हुई है। लाहौल और स्पीति में सामान्य से लगभग 60 फीसद कम बारिश हुई, जबकि एक अन्य जिले में लगभग 35 फीसद की कमी दर्ज की गई। राज्य के बाकी हिस्सों में बारिश सामान्य सीमा के आसपास ही रही।



कोटी और गुम्मन रेलवे स्टेशनों के बीच ब्रिज संख्या 57 के पास ट्रैक के आसपास की मिट्टी बह जाने के बाद रेलवे ने इस रेलखंड पर यातायात रोक दिया है। इस स्थान पर रेल ट्रैक का 10 से 15 मीटर लंबा हिस्सा हवा में लटक गया है।
96 किलोमीटर लंबी यह विश्व धरोहर रेललाइन शिमला आने वाले पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण है। सेवाएं लंबे समय तक प्रभावित रहने से पर्यटन सीजन में पर्यटकों के साथ स्थानीय यात्रियों की परेशानी भी बढ़ गई है।

# पुलिस की तरह सफाई कर्मचारियों को जोखिम भत्ता देने की कवायद

राकेश शर्मा

पुलिस की तर्ज पर खतरनाक परिस्थितियों, अत्यधिक शारीरिक जोखिम सहित दूसरे कार्य में लगे सफाई कर्मचारियों को जोखिम भत्ता दिया जा सकता है। इस भत्ते की व्यवस्था को अमली जामा पहनाने के लिए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग मसविदा तैयार कर रहा है। इसके आधार पर संबंधित कानून में सुधार या बदलाव किया जाएगा। यह नियम लागू होने पर देशभर में काम कर रहे (सरकारी व गैर-सरकारी) करोड़ों सफाई कर्मचारियों को फायदा होगा।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल का कहना है कि कानून मंत्रालय से हुई बातचीत के बाद आयोग ने जोखिम भत्ता को लेकर मसौदा बनाने पर काम शुरू कर दिया है। इनमें उन सभी नियम व शर्त को लागू किया जाएगा जो दूसरे जोखिम कार्य में लगे कर्मचारियों पर लागू होता है। साथ ही कई स्तर पर जोखिम का आंकलन कर उचित भत्ता व दूसरी सुविधाओं की शर्त को नियमों में जोड़ा जाएगा। नियम बनने के बाद यह देश के सभी सरकारी, गैर-सरकारी, ठेके पर काम करने वाले व दूसरे सफाई कर्मचारियों पर लागू होगा। उनका दावा है कि देशभर में करोड़ों की संख्या में सफाई कर्मचारी हैं। यह लंबे समय से जोखिम भत्ते की मांग कर रहे हैं। सफाई कर्मचारियों को काम के दौरान कई तरह के जोखिम का सामना करना पड़ता है। सीवर की सफाई, नालियों की सफाई और अन्य जोखिम वाले कार्यों में लगे कर्मचारियों की सुरक्षा जरूरी है। कई बार कर्मचारियों को ऐसे स्थानों पर काम करना पड़ता है, जहां जहरीली गैसों और अन्य खतरनाक परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में उनके काम की प्रकृति को देखते हुए जोखिम भत्ते को लागू करवाया जाएगा।

सफाई कर्मचारियों के न्यूनतम वेतन को बढ़ाने के साथ कौशल के आधार पर वेतन तय किया जाएगा। मौजूदा समय में देश के अलग-अलग राज्यों में सरकारी, गैर-सरकारी, ठेके पर काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को अलग-अलग राशि में वेतन दिया जाता है। इस विसंगति को दूर करने व कौशल के आधार पर न्यूनतम वेतन तय करने के लिए नियम बनाए जा रहे हैं।



तैयार किया जा रहा है मसविदा, कानून में बदलाव या सुधार के लिए चल रही है चर्चा। देशभर के करोड़ों कर्मचारियों का होगा फायदा।

# पाकिस्तान की फजीहत

किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक के एससीओ (शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गेनाइजेशन) शिखर सम्मेलन की तस्वीर जारी करते हुए पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के कार्यालय ने एक बार फिर साबित किया कि हमारे पड़ोस का सत्ता-प्रतिष्ठान किस कदर भारत-ग्रंथि का शिकार है। इस मौके की तस्वीरें साझा करते हुए पाकिस्तानी वजीर-ए-आजम के दफ्तर ने जान-बूझकर भारतीय प्रधानमंत्री की तस्वीर काटकर जारी की। उसकी इस हरकत से दुनिया भर में पाकिस्तान का बौनापन उजागर हुआ है। हालांकि, सोशल मीडिया में फजीहत के बाद उसने पूरा फोटो जारी किया, तब तक तो उसकी जगहंसाई हो चुकी थी। उसके राजनीतिक और फौजी नेतृत्व से शालीनता की अपेक्षा तो वैसे की भी नहीं जाती, क्योंकि इस देश की बुनियाद ही नफरत पर पड़ी है, पर क्या इसका शीर्ष राजनयिक नेतृत्व भी बौद्धिक रूप से इतना कंगाल हो गया है कि उसे इस बात का भी अंदाजा नहीं है, ऐसी संकीर्णताओं से देश की छवि दमकती नहीं, कलंकित होती है। भारतीय राजनय और राजनीतिक नेतृत्व की वैश्विक स्वीकृति से कुंठित होने के बजाय इस्लामाबाद को यह समझने की जरूरत है कि देश का वकार किन वजहों से बढ़ता है। भारत को यह हैसियत यूं ही नहीं मिली है। इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उसने आजादी के बाद से आज तक अनथक परिश्रम किया है।

सदियों से दुनिया के विभिन्न देशों में प्रतिस्पर्द्धा रही है और यह होनी भी चाहिए, पर मूल सवाल यह है कि इसकी कसौटी क्या होनी चाहिए? जिन देशों ने अपने नागरिकों की समृद्धि, खुशहाली और वैश्विक प्रतिष्ठा को आपसी होड़ की कसौटी के रूप में अपनाया, वे तरक्की करते गए। दुर्योग से अपने जन्म के समय से ही पाकिस्तान की तमाम नीतियां भारत-विद्वेष से प्रेरित रही हैं। नतीजतन, एक दौर में इस उप-महाद्वीप में अच्छी आर्थिक स्थिति वाला यह देश आज कभी बीजिंग, कभी रियाद, तो कभी आईएमएफ के दरवाजे पर हाथ फैलाए खड़ा दिखता है। पाकिस्तान की प्रतिष्ठा का आलम यह है कि अफगानिस्तान जैसा पिछड़ा देश भी इसकी संप्रभुता को चाक-चाक कर जाता है। पीओके से लेकर बलूचिस्तान तक के बाशिंदे इससे अलग होने को लेकर आंदोलित हैं, मगर इसका नेतृत्व अपने लोगों में ईरान-अमेरिका झगड़े में पंच बनने का भ्रम परोस रहा है।

**भारतीय राजनय की वैश्विक स्वीकृति से कुंठित होने के बजाय इस्लामाबाद को यह समझने की जरूरत है कि देश का वकार फोटो छोटा बड़ा करने से नहीं बढ़ता है!**

निस्संदेह, हमारी सुरक्षा एजेंसियों व राजनयिकों को पाकिस्तानी गतिविधियों पर पैनी नजर रखनी चाहिए, मगर उससे किसी किस्म की तुलना से बचने की जरूरत है। शहबाज शरीफ अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कई बार अपनी गतिविधि से सुर्खियां बटोर चुके हैं। अभी बहुत ज्यादा समय नहीं हुआ है, जब तुर्कमेनिस्तान में लंबे इंतजार के बाद भी व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की उनकी हसरत अधूरी रह गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप तो अनेक बार उनके मुकाबले सेना प्रमुख आसिम मुनीर को अधिक तवज्जो देकर असहज कर चुके हैं। इसके बावजूद शहबाज शरीफ और उनके कार्यालय के व्यवहार में कोई खास तब्दीली नहीं आई है। पाकिस्तानी अवाम और उसके नेता यह समझते तो हैं, मगर अब उन्हें ईमानदारी से यह मानने की भी जरूरत है कि जब तक वे आर्थिक रूप से अपने को मजबूत नहीं करते और उनकी नीतियां बीजिंग-वाशिंगटन के इशारों के बजाय इस्लामाबाद से तय नहीं होंगी, तब तक ऐसी ओछी हरकतों से उनको कुछ भी हासिल होने वाला नहीं। भारत और भारतीय उनके मान-अपमान के दायरे से अब बहुत ऊपर उठ चुके हैं।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 02 सितम्बर, 1951

### किसी गुट में नहीं

भारत ने फिर एक बार साहसपूर्वक यह दर्शा दिया है कि अपनी स्वार्थ-सिद्धि के लिए वह एक अन्तर्राष्ट्रीय अखाड़े में किसी एक गुट से मिलने के लिए तैयार नहीं। अपनी सुख-सुविधा के लिए वह उस ओर पीठ देने को तैयार नहीं जहां से कि बयार बहती हो। यद्यपि नेहरू सरकार के आलोचकों ने उसकी विदेश नीति की कड़ी आलोचना करते हुए उसे अव्यावहारिक, निरर्थक तथा निष्फल बताया है किन्तु भारत अपने कुछ बुनियादी उसूलों को किसी शक्ति-देवता की तुष्टि के लिए कुरबान करने को तैयार नहीं। इस दृष्टि से यदि हम प्रस्तावित जापानी शांति-संधि के संबंध में नेहरू सरकार के निर्णय पर विचार करें तो किसी आश्चर्य की गुंजाइश नहीं रह जाती।

प्रस्तावित संधि के बारे में भारत तथा संयुक्त राज्य अमरीका के बीच पहले से पत्र-व्यवहार चल रहा था। ब्रिटेन ने संधि का जो मसविदा तैयार किया था वह अमरीकी मसविदे की अपेक्षा भारतीय दृष्टिकोण के अधिक अनुकूल था किन्तु अमरीकी मसविदे में मामूली संशोधन होने के बाद ब्रिटेन ने उसे स्वीकार कर लिया और इस प्रकार ब्रिटेन तथा अमरीका उसके संयोजक बन गये।

भारत ने जापान के साथ शांति-संधि करने में इन दो बुनियादी बातों पर जोर दिया: (1) शर्तें ऐसी हों जिससे कि स्वतंत्र राष्ट्रों के मध्य जापान भी सम्मान, समानता तथा संतोष का जीवन बिताता रहे तथा (2) सुदूरपूर्व में स्थायी शांति की रक्षा में सब योग दे सकें। लेकिन अमरीकी मसविदे पर पूर्ण विचार करने के बाद यह स्पष्ट हो जाता है कि इन दो शर्तों की पूर्ति नहीं होती। यदि संधि सम्पन्न होने के बाद जापान वास्तव में स्वतन्त्र तथा प्रभुत्वसंपन्न हो जायेगा तो उसे अपनी रक्षा के लिए परमुखापेक्षी नहीं रहना चाहिये। वह जिस मित्र देश के साथ चाहे रक्षा-संधि कर सकता है किन्तु ऐसा करने का अधिकार जापान का ही होना चाहिये। लेकिन प्रस्तावित संधि की एक धारा के अनुसार जापान की रक्षा के लिए वर्तमान अमरीकी व दूसरी फौजें जापान में ही कायम रहेंगी। अवश्य ही यह एक ऐसी बात है जिससे जापान की स्वतन्त्रता प्रतिबन्धित रहेगी और सुदूरपूर्व में उसकी एक बुरी प्रतिक्रिया होगी। ऐसी स्थिति में यदि चीनी व रूसी यह अभियोग लगावें कि अमरीका जापान को अपना सैनिक अड्डा बनाये रखना चाहता है तो उनको निरुत्तर नहीं किया जा सकता।

# किर्गिस्तान में कूटनीतिक कामयाबी

**प्रधानमंत्री मोदी ने शंघाई सहयोग संगठन की बैठकों में स्पष्ट किया कि विस्फोट के कगार पर खड़ी इस दुनिया में शांति के लिए बनी साझेदारियां ही कारगर विकल्प हैं।**



यहां स्कैन करें

एम जे अकबर | वरिष्ठ पत्रकार व पूर्व केंद्रीय मंत्री



सोमवार को यह शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) नहीं, दिल्ली सहयोग संगठन था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कुशल कूटनीति और शांति-प्रयासों के जरिये माहौल को भारत के पक्ष में बना दिया। उनके प्रयास उन दो संघर्षरत क्षेत्रों के संदर्भ में थे, जिनसे दुनिया भर में व्यापक पैमाने पर युद्ध बढ़ने का खतरा बना हुआ है।

ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान के साथ बैठक भारतीय प्रधानमंत्री के एजेंडे में सबसे ऊपर थी। इस अहम मुलाकात के जरिये प्रधानमंत्री मोदी ने मक्का समझौते (पाकिस्तान, सऊदी अरब और तुर्किये के बीच हुआ रक्षा समझौता) पर हस्ताक्षर करने वाले देशों को कड़ा संदेश दिया कि एक-दूसरे की रक्षा करने या संघर्षों के दौरान सैन्य शक्ति साझा करने का वायदा करने वाले गठबंधन असल में वैश्विक सुरक्षा की काट हैं और विस्फोट के कगार पर खड़ी इस दुनिया में शांति के लिए बनी साझेदारियां ही कारगर विकल्प हैं।

भारत ने एक ऐसे देश के साथ लचीला व व्यावहारिक रुख अपनाया, जो यह समझता है कि असली ताकत आत्मनिर्भरता से आती है, जबकि 'मक्का समझौता' जैसे करार बड़ी ताकतों से उधार ली गई ताकत पर टिके होते हैं और वे फिल्मी योद्धाओं जैसे सतही अंदाज में निभाए जाते हैं। किर्गिस्तान में भारत और ईरान के बीच खास तालमेल दिखा, वह भी मक्का समझौते और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस धमकी के बीच, जिसमें उन्होंने कड़े प्रतिबंध लगाकर तेहरान को खत्म करने की बात कही थी, क्योंकि अमेरिकी बम और मिसाइलें ईरान में नाकाम साबित हुई हैं।

ईरान ने भारत को शांति के लिए दखल देने का न्योता दिया और दोनों देशों ने चाबहार बंदरगाह की अहम परियोजना को फिर से शुरू करने पर सहमति जताई। भारत ने व्यापार पर बात की और अपनी यह मंशा दोहराई कि होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही सुरक्षित और बेरोक-टोक होनी चाहिए।

भारत और पाकिस्तान के बीच के अंतर को ईरान बखूबी समझता है। वह जानता है कि अगर नई दिल्ली किसी मुद्दे पर तेहरान से अलग राय रखती है, तो ऐसा भारत के राष्ट्रीय हित की वजह से होता है। जबकि, पाकिस्तान जब ईरान से अलग रुख अपनाता है, तो ऐसा करने का आदेश उसे अपने आकाओं से मिला होता है। सच यही है कि पाकिस्तान एक निर्भर देश है, जबकि भारत खुदमुख्तार!

भारत और ईरान अपनी अस्मिता व आत्मविश्वास को लेकर गहरी समझ रखने वाले देश हैं, जिनका अपना-अपना समृद्ध सभ्यतागत इतिहास है। दोनों का यही मानना है कि द्विपक्षीय रिश्ते किसी बहुपक्षीय दिखावे से कहीं अधिक मजबूत होते हैं। बैठक के बाद ईरान की तरफ से कहा गया कि भारत शांति और सुरक्षा का जरिया बन सकता है, खासकर तब, जब बकौल तेहरान, वाशिंगटन ने 'युद्ध, असुरक्षा और मर्जी थोपने का रास्ता चुना है'।

गौतम बुद्ध और महात्मा गांधी की धरती के नेता के तौर पर प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के दोस्त रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को भी यही संदेश दिया कि युद्ध कोई समाधान नहीं है। भारत वही बात कहता है, जिस पर वह खुद अमल करता है। गौरतलब है, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के रूप में बर्बर हमले का जवाब भारत ने हमेशा सिलसिलेवार, मजबूत और संयमित तौर पर दिया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान भी भारत ने आतंकी ठिकानों और आतंकवादियों को पनाह देने वाले सैन्य अड्डों को ही निशाना बनाया। इसमें किसी आम नागरिक को नुकसान नहीं पहुंचाया गया, क्योंकि पाकिस्तानी तानाशाहों के गुनाहों की सजा वहां के आम नागरिकों को नहीं दी जा सकती।

पाकिस्तान को सामने बिठाकर सच सुनाना ही था। बेशक, सच्चाई से उसने अपने कान बंद कर रखे हैं, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर बैठक में आतंकवाद की चर्चा करते हुए साफ-साफ कहा कि दोहरे मापदंडों के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने आतंकवाद के पूरे 'इको-सिस्टम' को खत्म करने की जरूरत बताई, ताकि आतंकियों को न सुरक्षित ठिकाना मिल सके और न इमदाद। संभवतः इसी खुन्नस में मंगलवार को जब पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय ने एससीओ बैठक का ग्रुप फोटो एक्स हैंडल से जारी किया, तो उसमें भारतीय प्रधानमंत्री को हटा दिया। विवाद के बाद पूरी तस्वीर जारी की गई।

हालांकि, भारत और चीन का रिश्ता भी कभी-कभी तनावपूर्ण हो जाता है, लेकिन यह बहुत हद तक सीमा से जुड़ा हुआ है, खासकर 1962 के बाद से। अच्छी बात है कि सीमावर्ती इलाकों में अस्थिरता के बावजूद हमने यही तय कर रखा है कि आपसी विवाद का निपटारा जंग से नहीं, बातचीत से होगा। एससीओ बैठक से ठीक पहले भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकर अजीत डोभाल बीजिंग गए थे, जहां उन्होंने लंबी बैठकें कीं। चीन का सत्ता-सदन डोभाल को खूब पसंद करता है, क्योंकि वह सीधी और खरी बोलना पसंद करते हैं।

उनकी मुलाकात का यह असर हुआ कि वहां के सुप्रीम कमांडर ने भारत-विरोधी रुख रखने वाले एक जनरल को देश की शीर्ष राजनीतिक सलाहकर संस्था और अन्य प्रमुख पदों से हटा दिया। यह सिर्फ एससीओ की सफलता के लिए नहीं, बल्कि ब्रिक्स में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के आने की कूटनीतिक तैयारी जान पड़ती है। किर्गिस्तान में मोदी और जिनपिंग ने अलग से मुलाकात करने की कोई खास जरूरत नहीं समझी, क्योंकि ब्रिक्स में व्यापार, अमेरिकी प्रतिबंध, मुद्रा सहित कई मुद्दों पर उनमें अच्छी और लंबी बातचीत होने की उम्मीद है। माना यही जा रहा है कि चीन के साथ जिस तरह के स्थिर और उत्पादक संबंध बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं, वह अनवरत जारी रहेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने किर्गिस्तान में उस भूमिका के निर्माण में सफलता हासिल की, जिसकी बुनियाद पर वह सितंबर के मध्य में दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। वह ब्रिक्स को स्थिरता और प्रगति के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में विकसित करना चाहते हैं, खास तौर पर ऐसे समय में, जब संयुक्त राष्ट्र की प्रासंगिकता लगातार कम हो रही है और युद्ध के कारण आर्थिक उथल-पुथल बढ़ गई है। उल्लेखनीय है कि यह अराजकता 21वीं सदी में जन्मी पीढ़ी के भविष्य को खतरे में डाल सकती है।

प्रधानमंत्री कहते हैं, युद्ध में बिताया गया हर दिन मानवता को पीछे धकेलता है। वाकई, दुनिया के सामने आज यही सबसे बड़ी चुनौती है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

# चौतरफा चुनौतियों के बावजूद बढ़ी भारत की विकास दर



यहां स्कैन करें

गौरव वल्लभ | अर्थशास्त्री व भाजपा नेता

अप्रैल से जून 2026 की पहली तिमाही में भारत की वास्तविक जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में 7.8 प्रतिशत की दर से वृद्धि दर्ज की गई। यह उस विकास यात्रा की अगली कड़ी है, जिसमें वास्तविक जीडीपी 2023-24 में 7.2, 2024-25 में 7.1 और 2025-26 में 7.7 प्रतिशत की दर से बढ़ी। ताजा दर भारतीय रिजर्व बैंक के सात प्रतिशत वृद्धि के अनुमान से अधिक है और पश्चिम एशिया के संघर्ष, महंगी ऊर्जा और अनिश्चित वैश्विक व्यापार के बीच आई है।

विकास की मजबूती केवल रफ्तार से नहीं, उत्पादन और मांग में विस्तार से तय होती है। इस कसौटी पर तस्वीर उत्साहजनक है। वास्तविक जीडीपी देश में पूर्ण तैयार माल और सेवाओं का मूल्य महंगाई को छोड़कर बताती है और यह बढ़कर 81.36 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वास्तविक जीवीए (सकल मूल्य वर्धित) खेतों, कारखानों और सेवा प्रदाताओं द्वारा अर्जित आय को बताती है और यह बढ़कर 73.82 लाख करोड़ रुपये हो गई है। मैन्युफैक्चरिंग 9.2, उपयोगी सेवाएं 8.9 और निर्माण 7.7 प्रतिशत बढ़े, जिससे द्वितीयक क्षेत्र (जो कच्चे माल की आपूर्ति करता है) 8.6 प्रतिशत बढ़ा। कृषि 3.6 फीसदी बढ़ी, हालांकि खनन में 2.4 प्रतिशत की कमी आई। यहीं पर अगला प्रश्न उठता है कि इस गति को शक्ति कहां से मिल रही है?

**विकास की मजबूती केवल रफ्तार से नहीं, उत्पादन और मांग में विस्तार से तय होती है। इस कसौटी पर तस्वीर उत्साहजनक है।**

मांग के आंकड़े बताते हैं कि इस अवधि में सकल स्थायी पूंजी निर्माण 11.9 प्रतिशत, निजी उपभोग 7.1 प्रतिशत और वास्तविक निर्यात 12 प्रतिशत बढ़े हैं। 2023-24 में स्थायी निवेश के पैमाने पर निजी कंपनियों का निवेश जीडीपी का 10.3 प्रतिशत रहा, वहीं कुल सार्वजनिक निवेश 7.8 प्रतिशत दर्ज किया गया। घरेलू क्षेत्र, मुख्यतः आवास और असंगठित उद्यम पर कुल गैर-सार्वजनिक निवेश जीडीपी का 24.1 प्रतिशत हुआ। सार्वजनिक पूंजीगत व्यय ने एक मजबूत आधार बनाया है, पर इस गति को टिकाऊ बनाने के लिए अब अधिक से अधिक निजी निवेश को आकर्षित करना होगा। इस गति का आकलन करने से पहले आधार वर्ष को समझना जरूरी है। आधार वर्ष वह पैमाना है, जिससे महंगाई से अलग आज की अर्थव्यवस्था को मापा जाता है। इसे 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर दिया गया है।

तेजी से बढ़ता भारत दुनिया में ऊर्जा, तकनीक, मशीनरी और सेवाओं की मांग बढ़ाता है। यह वैश्विक कंपनियों के लिए एक बड़ा बाजार और विविध आपूर्ति शृंखलाओं का विश्वसनीय केंद्र बनता है। इससे व्यापार और तकनीक में भारत की सौदेबाजी क्षमता और 'ग्लोबल साउथ' में उसकी आवाज मजबूत होती है। 'आरबीआई केएलईएमएस (पूंजी, श्रम, ऊर्जा, सामग्री और सेवा)' डाटाबेस के अनुसार, भारत में 2014-15 से 2023-24 के बीच 17.19 करोड़ रोजगार वृद्धि दर्ज की गई। श्रम बल में महिलाओं की भागीदारी 2023-24 में 41.7 प्रतिशत तक पहुंची, पर अधिक महिलाओं को उत्पादक रोजगार से जोड़ने के लिए सुरक्षित परिवहन, सस्ती बाल देखभाल, ऋण और बाजार तक पहुंच आवश्यक है।

इस क्षमता निर्माण के साथ-साथ वैश्विक व्यापार में बढ़त बनाने के लिए मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) का रणनीतिक उपयोग जरूरी है। इसके माध्यम से प्राथमिकता वाले उद्योगों को मूल नियम, शुल्क लाभ और निर्यात अवसर प्रदान करने होंगे। गैर-शुल्क बाधाओं से निपटने के लिए हमारे सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को साझा परीक्षण सुविधाएं, सस्ता प्रमाणन, मानक संबंधी मार्गदर्शन, सीमा शुल्क सहयोग और वैश्विक उपभोक्ताओं से जोड़ने के लिए निरंतर व्यावहारिक सहायता (हैंडहोल्डिंग) प्रदान करनी होगी।

भारत की वृद्धि निरंतर और विश्व अर्थव्यवस्था के लिए आवश्यक है। आगे की दिशा स्पष्ट है- निजी निवेश आकर्षित करने, रोजगार को गुणवत्तापूर्ण आजीविका में बदलने, महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने, लघु और मध्यम उद्यमों को एफटीए का पूरा लाभ दिलाने, गैर-शुल्क बाधाएं दूर करने और ऊर्जा व आर्थिक स्थिरता बनाए रखने पर ध्यान देना होगा। जब रफ्तार के साथ समावेशन और उत्पादकता जुड़ेंगे, तब भारत का तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि व्यापक राष्ट्रीय समृद्धि की ठोस नींव बनेगा।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# कुरुक्षेत्र हमारे भीतर

जीवन में जीत-हार का क्या मतलब है? एक जिज्ञासु ने यह सवाल किया, मगर यह प्रश्न तो बहुत लोगों के मन में उठता होगा।

महाभारत का कुरुक्षेत्र केवल ऐतिहासिक युद्धभूमि नहीं है, आध्यात्मिक दृष्टि से देखें, तो यह मनुष्य के भीतर चलने वाले उस सतत संघर्ष का प्रतीक है, जिसमें एक ओर आत्मोन्मुखी शक्तियां हैं और दूसरी ओर मन को पतन की ओर ले जाने वाली प्रवृत्तियां। *भगवद्गीता* का आरंभ ही इस आंतरिक संघर्ष को सामने रखता है। धृतराष्ट्र इस कथा में अंधे राजा हैं, पर उनकी अंधता आंखों की नहीं, मन की भी है। अज्ञान और आसक्ति से घिरा हुआ मन सत्य को देखने में असमर्थ हो जाता है।

कहा गया है, मन के दस अंग या एजेंट हैं और प्रत्येक दस दिशाओं में कार्य कर सकता है। दस को दस से गुणा करें, तो संख्या सौ होती है। इस प्रकार, अंधे और विकृत मन के सौ एजेंट माने गए हैं। महाभारत में धृतराष्ट्र के भी सौ पुत्र हैं- दुर्योधन, दुःशासन और उनके अन्य भाई। आध्यात्मिक प्रतीक के रूप में ये सौ पुत्र मन की उन सौ प्रवृत्तियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो मनुष्य को बाहर की दुनिया में उलझाए रखती हैं और उसके भीतरी विवेक को कमजोर करती हैं।

इसके विपरीत हैं पांडव-पांडु के पुत्र। यहां 'पांडु' शब्द की व्याख्या भी अर्थपूर्ण है। संस्कृत की धातु 'पंड्' का संबंध आत्मबोध या आत्म-साक्षात्कार से माना गया है। इसीलिए 'पंडित' शब्द का अर्थ भी केवल विद्वान नहीं है, बल्कि हर उस व्यक्ति से जुड़ता है, जिसने वास्तविक ज्ञान या आत्म-बोध प्राप्त किया हो।

आत्म-साक्षात्कार की दिशा में चलने वाला साधक ही इस अर्थ में पांडु का प्रतिनिधि है। मनुष्य के भीतर सुप्त दिव्यता मौजूद है। साधना का उद्देश्य उसी दिव्यता को जागृत करना और उसे क्रमशः ऊर्ध्वगामी बनाते हुए सहस्रार चक्र तक ले जाना है। इसके लिए साधक को पांच प्रमुख अवस्थाओं से गुजरना पड़ता है- मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनाहत और विशुद्ध। ये अवस्थाएं पंच-तत्वात्मक संसार के पांच नियंत्रक बिंदुओं के रूप में देखी जाती हैं। साधना के मार्ग पर ये साधक के सहायक बनते हैं और उसे अपने सर्वोच्च स्वरूप की अनुभूति की ओर ले जाते हैं। इसलिए पांडवों की संख्या भी पांच है। युधिष्ठिर, भीम, अर्जुन, नकुल और सहदेव, साधना-पथ की पांच सहायक शक्तियों के प्रतीक के रूप में भी देखे जा सकते हैं।

**धृतराष्ट्र की अंधता आंखों की नहीं, मन की भी है। अज्ञान और आसक्ति से घिरा हुआ मन सत्य को देखने में असमर्थ हो जाता है। मनुष्य को अपनी नकारात्मक प्रवृत्तियों से भागना नहीं है।**

इस दृष्टि से महाभारत का युद्ध बाहर की किसी भूमि पर होने वाला युद्ध भर नहीं रह जाता। वास्तविक कुरुक्षेत्र तो मनुष्य के भीतर है। *गीता* का संदेश इसी आंतरिक युद्ध से जुड़ा है। मनुष्य को अपनी नकारात्मक प्रवृत्तियों से भागना नहीं है, उनका साहसपूर्वक सामना करना है।

**श्री श्री आनंदमूर्ति**

**द्रौपदी मुर्मु | राष्ट्रपति, भारत**



**परिधान क्षेत्र केवल हमारी सांस्कृतिक विरासत का अंग नहीं है, बल्कि करोड़ों देशवासियों की आजीविका का भी आधार रहा है।... जो बच गया, उसे बेकार समझकर फेंकना नहीं है, बल्कि उसे नया रूप, नई उपयोगिता और नया मूल्य देना है।**

## अनुलोम-विलोम

### विकास दर



# वैश्विक झंझावात में भी मजबूत भारत

वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में भारतीय अर्थव्यवस्था की विकास दर 7.8 प्रतिशत रहना सुखद आश्चर्य है। यह आंकड़ा इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि अप्रैल से जून की इस अवधि में दुनिया की अर्थव्यवस्था भू-राजनीतिक तनाव, पश्चिम एशिया के संकट, ऊर्जा कीमतों में उछाल, आपूर्ति शृंखला में व्यवधान और अंतरराष्ट्रीय व्यापार की अनिश्चितताओं से जूझ रही थी।

सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में जीडीपी वृद्धि 6.9 प्रतिशत थी। इसका अर्थ है कि चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बावजूद भारत ने अपनी विकास गति को बढ़ाया है। हालांकि, पिछली तिमाही की संशोधित 8.6 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में यह दर कम है, लेकिन इसे कमजोरी के रूप में देखना उचित नहीं होगा। दरअसल, पहली तिमाही के आंकड़े अर्थव्यवस्था की अंतर्निहित मजबूती और घरेलू मांग की ताकत को दर्शाते हैं। आंकड़ों पर नजर डालें, तो वास्तविक जीडीपी का आकार पहली तिमाही में 81.36 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 75.46 लाख करोड़ रुपये था। सेवा क्षेत्र ने 10 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर्ज की, जबकि वित्तीय, रियल एस्टेट, आईटी और प्रोफेशनल सेवाओं में 12.1 प्रतिशत की तेजी रही। विनिर्माण क्षेत्र भी 9.2 प्रतिशत बढ़ा। कृषि और संबद्ध गतिविधियों की वृद्धि 3.6 प्रतिशत रही। ये आंकड़े बताते हैं कि विकास केवल किसी एक क्षेत्र के सहारे नहीं टिका है, बल्कि अर्थव्यवस्था के कई पहिये एक साथ घूम रहे हैं।

इस मजबूती के पीछे घरेलू खपत, सरकारी पूंजीगत व्यय और निवेश की अहम भूमिका रही है। खास बात यह है कि निजी निवेश में भी तेजी दिखाई दी है और निर्यात ने भी अर्थव्यवस्था को सहारा दिया। इसका अर्थ यह है कि भारत की विकास कहानी अब केवल सरकारी खर्च पर निर्भर नहीं है, बल्कि उपभोग, निवेश, विनिर्माण और सेवाओं का व्यापक आधार तैयार हो चुका है। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में संभावित तेजी, रुपये पर दबाव, महंगाई और पश्चिम एशिया में लंबे खिंचते तनाव जैसी चुनौतियां आगे भी बनी रहेंगी। फिर भी, 7.8 प्रतिशत की वृद्धि एक महत्वपूर्ण संदेश देती है- भारत की अर्थव्यवस्था बाहरी दबावों के सामने पहले की तुलना में अधिक लचीली हो चुकी है। अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में देरी के बावजूद विकास की रफ्तार कायम रहना इसका प्रमाण है। ऐसे में, भारत को अमेरिका के साथ बातचीत जारी रखते हुए यूरोप, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, मध्य पूर्व और अन्य बाजारों के साथ व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करना चाहिए।

**सुभाष बुड़ावन वाला**, टिप्पणीकार

# जीडीपी नहीं, महंगाई से आंकिए राहत

यह देश की आर्थिक व्यवस्था के लिए शुभ संकेत हो सकता है कि वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में देश की जीडीपी वृद्धि दर लगभग 7.8 प्रतिशत रही, लेकिन यह सवाल बना हुआ है कि तब फिर रुपये की कीमत अमेरिकी डॉलर से नीचे क्यों जा रही है? इससे यह साबित होता है कि देश की अर्थव्यवस्था की सेहत उतनी अच्छी नहीं है, जितनी होनी चाहिए।

किसी देश की संपन्नता न जीडीपी के आंकड़ों से पता चलती है और न ही शेयर अंकों से, बल्कि इसका पता वहां के नागरिकों को मिलने वाली शिक्षा, स्वास्थ्य और दो वक्त की रोटी इत्यादि सुविधाओं की स्थिति से चलता है। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने, जो एक नामचीन अर्थशास्त्री भी थे, आर्थिक मंदी से देश को उबारने के लिए जो कुछ उपाय बताए थे, उनमें एक था, जीएसटी को तर्कसंगत बनाना; दूसरा, गांवों में खपत बढ़ाना और कृषि में सुधार; तीसरा, पूंजी-निर्माण के लिए कर्ज में कमी; और चौथा, रोजगार सृजन करने वाले क्षेत्रों के प्रति गंभीरता। इन बातों पर आज भी ध्यान देने की जरूरत है। हमें यह समझना होगा कि आखिर क्यों चीन आर्थिक स्थिति में हमसे मजबूत है, जबकि सन् 1990 तक हमारा देश और चीन विकास के मामले में लगभग एक धरातल पर खड़े थे? बाद के वर्षों में वह आगे बढ़ता गया और हम पिछड़ते गए। अब दोनों अर्थव्यवस्थाओं में एक गहरी खाई बन चुकी है। इन सबका बड़ा कारण यही है कि हमारा देश जातिवाद, धर्म के नाम पर आरक्षण आदि के दलदल में धंसता गया, मुफ्तखोरी और रेवड़ी संस्कृति को यहां फलने-फूलने दिया गया और कृषि प्रधान देश में खेती-बाड़ी से लोगों का रुझान घटता गया। भले ही, यह हमारे देश के लिए शुभ संकेत है कि कुछ समय पहले रेटिंग एजेंसी 'स्टैंडर्ड ऐंड पूअर्स' ने कहा था कि अगले सात वर्षों में हमारा देश एशिया की दूसरी और विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है, लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार पर लगाम लगाए बिना या आर्थिक भ्रष्टाचार को खत्म किए बगैर न तो अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है और न ही महंगाई-गरीबी से निपटा जा सकता है।

देश की तरक्की तब तक अधूरी है, जब तक यहां की आबादी का बड़ा हिस्सा गरीब, भूखा, शिक्षा-चिकित्सा सुविधाओं के अभाव या अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए जूझ रहा है। भले देश की सरकारें तरक्की की बड़ी-बड़ी बातें करती हों या इसके लिए आंकड़े पेश करती हों, लेकिन जब तक आम लोगों को राहत नहीं मिलती, तब तक ऐसे आंकड़ों का मतलब नहीं।

**राजेश कुमार चौहान**, टिप्पणीकार

# पैसे को कैसे रोकें, रखें और बढ़ाएं

**भौतिकता के पीछे लगातार भागती दुनिया में पैसे का कोई विकल्प नहीं है। हर किसी को पैसा चाहिए, पर पैसा कमाने भर से जिंदगी नहीं चलती है। बेहतर जिंदगी के लिए पैसे को सही ढंग से बचाना और बढ़ाना पड़ता है। पैसा कहां सुरक्षित रह सकता है? पैसे को अपनी जेब या धन भंडार में कैसे रोका जाए, कैसे रखा जाए और कैसे बढ़ाया जाए? यह अध्ययन का एक उपयोगी विषय है कि बीते 25 साल में पैसा कहां–कितना बढ़ा है? पेश है, ऐसे ही प्रश्नों के उत्तर तलाशता एक अध्ययन...**



**25** लाख रुपये अधिकतम थी दिल्ली में 100 गज जमीन की कीमत 2001 में

**12** करोड़ रुपये तक पहुंच गई उसी महंगी जमीन की कीमत 2026 में



आलोक पुराणिक
एसोसिएट प्रोफेसर, कॉमर्स, दिल्ली विश्वविद्यालय

भारतीय परिवारों में सावधि जमा यानी फिक्स्ड डिपॉजिट निवेश का एक साधन भर नहीं है, यह भरोसे का दूसरा नाम है। पिता अक्सर बेटे को यही सलाह देते हैं। बैंक प्रबंधक इसे सुरक्षित बताते हैं और सेवानिवृत्ति की योजना बनाने वालों के लिए यह सबसे सहज विकल्प माना जाता है।

सोने में पैसे खर्च करने को भावनात्मक खरीदारी कहा जाता है। शेयर बाजार को जोखिम उठाने वालों का खेल माना गया है और सावधि जमा को उस निवेश की तरह देखा गया है, जिसमें पैसा भले धीरे बढ़े, लेकिन सुरक्षित रहता है। हालांकि, 25 वर्षों के आंकड़े इस धारणा को एक जरूरी सवाल के सामने खड़ा कर देते हैं। अगर आर्थिक सुरक्षा का अर्थ केवल यह है कि खाते में रखे एक लाख रुपये घटे नहीं, तो सावधि जमा सबसे सुरक्षित है, लेकिन अगर सुरक्षा का अर्थ यह है कि 25 साल बाद उन पैसों से लगभग उतनी ही चीजें खरीदी जा सकें, तो तस्वीर बदल जाती है।

## एक लाख रुपये के 25 साल

मान लीजिए 1 अप्रैल 2000 को किसी व्यक्ति के पास एक लाख रुपये थे। उसने इन्हें चार अलग-अलग निवेश विकल्पों में से किसी एक में लगाया और 31 मार्च 2025 तक निवेश को बनाए रखा : सोना, बंबई शेयर बाजार, नेशनल शेयर बाजार निफ्टी 50 और बैंक सावधि जमा।

सावधि जमा के लिए भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा प्रकाशित बैंक जमा-ब्याज आंकड़ों पर आधारित उद्योग के औसत ब्याज को एक प्रतिनिधि दर के रूप में लिया गया है। इस गणना में एक लाख रुपये की सावधि जमा लगभग 5.71 लाख रुपये बनती है। यानी 25 वर्षों में लगभग 7.2 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर से करीब 471 प्रतिशत का नाममात्र रिटर्न मिलता है। यह सुनने में बुरा नहीं लगता है, लेकिन यही एक लाख रुपया सोने में 30 लाख रुपये से भी ज्यादा और सेंसेक्स व निफ्टी में 20 से 21 लाख रुपये से भी ज्यादा हो सकता है।

अब तक कहानी सीधी है : सावधि जमा सबसे पीछे है, बाकी तीन काफी आगे। वैसे, असली कहानी महंगाई शुरू होने के बाद सामने आती है। महंगाई वह अदृश्य खर्च है, जिसका बिल देर से आता है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के वर्तमान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के आधार पर 2000 से 2025 के बीच कीमतों में लगभग 370 प्रतिशत की संचयी वृद्धि दिखी है।

अर्थात 2000 में 100 रुपये की जो चीज थी, उसकी कीमत 2025 में लगभग 470 रुपये हो गई। अब गौर कीजिए, महंगाई से लड़ते हुए सावधि जमा की चमक थोड़ी कम हो जाती है। 5.71 लाख रुपये की सावधि जमा राशि को 2025 की कीमतों के आधार पर देखें, तो इसकी वास्तविक क्रय-शक्ति लगभग 1.21 लाख रुपये ही बैठती है। मतलब, सावधि जमा में 25 वर्षों की बचत के बाद एक लाख रुपये में वास्तव में लगभग 21 हजार रुपये ही जुड़े हैं। मतलब, सावधि जमा की वास्तविक चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर 0.78 प्रतिशत ही रही है।

यही वह बिंदु है, जिसे हमारी पारंपरिक बचत संस्कृति अक्सर नजरअंदाज कर देती है। बैंक खाते में पैसा बढ़ रहा था, पर जिस दुनिया में वह पैसा खर्च होना था, वहां चीजें तेज गति से महंगी हो रही थीं।

## सोने का आकर्षण बहुत ज्यादा

सोने की कहानी बिल्कुल अलग है। 25 साल पहले सोने में किया गया एक लाख रुपये का निवेश 29 लाख रुपये से 36 लाख रुपये तक पहुंच गया है। सोने के भाव में बीच में बहुत तेजी देखी गई है। सोने के भाव से भी ज्यादा तेजी चांदी के भाव में देखी गई है। वर्ष 2001 में चांदी की प्रति किलोग्राम कीमत 7,200 रुपये के करीब थी, लेकिन अब उतनी ही चांदी 2,60,000 के पार पहुंच गई है। कीमत में चांदी की चमक सोने का मुकाबला कर रही है। इन दिनों सोने की कीमत फिर बढ़ रही है।

हालांकि, इसका अर्थ यह नहीं लगाइए कि सोने में निवेश शेयर बाजार में किए गए निवेश से बेहतर है। इसका अर्थ यह जरूर है कि सोने को सिर्फ 'भावनात्मक खरीदारी' कहकर खारिज करना आंकड़ों के साथ न्याय नहीं है। सोने की असली ताकत कई बार उसके औसत रिटर्न से ज्यादा उसके व्यवहार में दिखाई देती है। 2008 के वैश्विक वित्तीय संकट में शेयर बाजार बुरी तरह टूटा था। मार्च 2020 में महामारी के शुरुआती दौर में भी भारी गिरावट आई थी। ऐसे दौर में सोने ने सुरक्षित निवेश की मांग के कारण अलग व्यवहार किया।

वैसे, सोना भी कोई जादुई सुरक्षा-कवच नहीं है। इसकी कीमतों में ठहराव आ सकता है। 2013 से 2019 के बीच भारतीय सोने की कीमतों में बहुत तेज वृद्धि नहीं हुई थी। गहनों की बनाई लागत, शुद्धता व दोबारा बेचने पर होने वाली कटौती जैसी लागतें भी निवेश के लाभ को कम कर सकती हैं।

## मुनाफे के लिए धैर्य सबसे जरूरी

शेयर बाजार ने बीते 25 साल की अवधि में मजबूत वास्तविक संपत्ति निर्माण किया है, पर इस रिटर्न की एक कीमत अस्थिरता भी रही है। निवेशक को 2008 जैसे बड़े संकट से गुजरना पड़ा। फिर मार्च 2020 में तेज गिरावट आई। जिन लोगों ने ऐसे समय में घबराकर शेयर बेच दिए, उनका वास्तविक अनुभव उस निवेशक से बिल्कुल अलग हो सकता है, जिसने पूरी अवधि में अपने निवेश को बनाए रखा। यही शेयर बाजार का असली जोखिम है।

कागज पर 25 साल की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर बहुत सुंदर दिखाई देती है। असली जीवन में उस रिटर्न तक पहुंचने के लिए निवेशक को बीच रास्ते में कई भयंकर गिरावट वाले दिनों का सामना करना पड़ता है। इसलिए शेयर बाजार का बेहतर ऐतिहासिक रिटर्न यह साबित नहीं करता है कि हर व्यक्ति के लिए अपना पूरा पैसा शेयर बाजार में लगाना सही है। ऐसे में, असली जोखिम किसमें है?

हम अक्सर तीन वाक्यों में पूरी दुनिया को समझ लेते हैं : सावधि जमा सुरक्षित है। सोना भावनात्मक है और शेयर बाजार जोखिमभरा है। समस्या यह है कि यह वर्गीकरण जोखिम के केवल एक हिस्से को देखता है। आज की ब्याज दर पर पैसा जमा कर देने के बाद भविष्य में ब्याज दरें बदल सकती हैं और यदि ब्याज महंगाई से पर्याप्त ऊपर नहीं है, तो वास्तविक कमाई या संपत्ति घट सकती है।

सोने का वित्तीय बाजारों के साथ सीधे संबंध कम होने का लाभ होता है, लेकिन कीमतों में लंबे ठहराव का जोखिम है। शेयर बाजार में दीर्घकालीन वृद्धि की क्षमता मजबूत है, लेकिन 30 से 50 प्रतिशत या उससे अधिक की गिरावट के दौरान निवेश बनाए रखना हर व्यक्ति के लिए आसान नहीं है। इसलिए सवाल यह नहीं होना चाहिए कि सबसे सुरक्षित निवेश कौन सा है? सवाल यह होना चाहिए कि मुझे किस तरह का जोखिम सबसे कम नुकसान पहुंचा सकता है?

## बचतकर्ता के लिए असली सबक

सावधि जमा को खारिज करने की जरूरत नहीं है। सेवानिवृत्त व्यक्ति के लिए, निकट भविष्य में खर्च होने वाले पैसे के लिए या ऐसे निवेशक के लिए जो बाजार की बड़ी गिरावट बिल्कुल सहन नहीं कर सकता, सावधि जमा का अपना महत्वपूर्ण स्थान है, लेकिन समस्या तब शुरू होती है, जब 'सुरक्षित' का अर्थ 'हर उद्देश्य के लिए सबसे अच्छा' मान लिया जाता है। 25 वर्षों के इस उदाहरण में सावधि जमा ने मूलधन को सुरक्षित रखा, पर जमाकर्ता की क्रय-शक्ति को बहुत कम बढ़ाया। इस अंतर को समझना जरूरी है। एक लाख रुपये के 5.71 लाख रुपये हो जाने में सफलता दिखाई दे सकती है, लेकिन उसी अवधि में कीमतें लगभग 4.7 गुना बढ़ गई हों, तो असली सवाल यह है कि उन 5.71 लाख रुपये से अब खरीदा क्या जा सकता है?

बचत का अंतिम उद्देश्य खाते में बड़ी संख्या देखना नहीं है। उद्देश्य है, भविष्य में उस पैसे से जीवन की जरूरतें पूरी कर पाना। इसलिए भारतीय परिवारों को अपनी पुरानी धारणा में एक छोटा-सा संशोधन करना चाहिए : सावधि जमा सुरक्षित हो सकता है, लेकिन हर सुरक्षित दिखने वाला निवेश आपकी क्रय-शक्ति को सुरक्षित रखे, यह जरूरी नहीं है। हमने पैसे को जोखिम से बचाने की पूरी कोशिश की, लेकिन इस दौरान कहीं ऐसा तो नहीं हुआ कि हम उसे महंगाई से बचाना भूल गए?

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

### निवेश कहां सुरक्षित

**सावधि जमा : आकस्मिक जरूरत के समय कारगर**

सावधि जमा या एफडी का चरित्र सुरक्षा का है। ब्याज दर मालूम होती है, अवधि तय होती है, इसलिए एफडी में ऐसे पैसे रोके या रखे जाने चाहिए, जिनकी जरूरत निकट भविष्य में पड़ सकती है। यहां समस्या यह है कि ब्याज के साथ-साथ महंगाई भी चल रही होती है। यदि एफडी का रिटर्न महंगाई से थोड़ा ही आगे है, तो रकम बढ़ती हुई दिखाई दे सकती है, लेकिन उसकी वास्तविक खरीद क्षमता तेजी से नहीं बढ़ती है।

**शेयर : जोखिम के बावजूद पैसा बड़े पैमाने पर बढ़ता है**

शेयर बाजार का चरित्र विकास का है। शेयर खरीदने का मतलब किसी कारोबार में हिस्सेदारी खरीदना है। अच्छी कंपनियां लंबे समय में अपना कारोबार और मुनाफा बढ़ाती हैं, तो निवेशक को उसका लाभ मिल सकता है, पर यहां राह में गड्ढे बहुत हैं। बाजार गिर सकता है और फिर वापस भी आ सकता है। यहां निवेश करने वाले लोगों में उतार-चढ़ाव सहने की क्षमता होनी चाहिए।

**सोना : किसी संकट के समय सबसे अच्छा सहयोगी**

सोना न एफडी की तरह नियमित ब्याज देता है और न कंपनी की तरह मुनाफा कमाता है। स्वर्ण की भूमिका अलग है। आर्थिक संकट, महंगाई या बाजार में भारी उथल-पुथल के समय सोना पोर्टफोलियो में विविधता ला सकता है। सोना किसी भी प्रकार की अनिश्चितता में समय सबसे सुरक्षित साथी है। दुनिया में अनिश्चितता बढ़ रही है, इसलिए सोने को साथी बनाना जरूरी है।

### एक लाख रुपये में खरीदा गया कितने ग्राम सोना?

| वर्ष | 2001 | 2011 | 2021 | 2026 |
|---|---|---|---|---|
| ग्राम | 230 | 40 | 20 | 6 |



### एक लाख का सोना कितने का हो गया?

| वर्ष | निवेश/मूल्य (रुपये में) |
|---|---|
| 2001 | 1,00,000 |
| 2011 | 6,07,200 |
| 2021 | 11,20,560 |
| 2026 | 36,43,200 |







### एक लाख का शेयर कितने का हुआ?

(इंफोसिस शेयर : कीमत और लाभ का आकलन)

| वर्ष | निवेश/मूल्य (रुपये में) |
|---|---|
| 2001 | 1,00,000 |
| 2011 | 6,79,939 |
| 2021 | 31,84,886 |
| 2024 | 37,51,341 |
| 2026 | 21,65,267 |

- वर्ष 2001 में इंफोसिस का एक शेयर 51.82 रुपये का था, अब 1121.90 का है।
- वर्ष 2001 में एचडीएफसी का एक शेयर 11 रुपये का था, अब 710 रुपये के करीब है।

### कम उम्र में निवेशित पैसा बड़ी उम्र में ज्यादा लाभ देता है

- सही समय पर निवेश करना चाहिए। इसका अर्थ है, उम्र के हिसाब से निवेश करना चाहिए। निजी क्षेत्र के वर्चस्व और पेंशन की सरकारी योजनाएं अब अपर्याप्त हैं, इसलिए सही निवेश की जरूरत बढ़ गई है।
- कम उम्र में ही निवेश शुरू कर देना चाहिए। 25 साल की उम्र के निवेशक के पास सबसे मूल्यवान चीज होती है, समय। उसके पास बाजार को देने के लिए काफी समय होता है। कभी आई आर्थिक गिरावट से उबरने के लिए एक युवा के पास काफी समय होता है।
- निवेश का कोई एक फॉर्मूला नहीं होता है। हर व्यक्ति की अपनी स्थिति और अपनी जरूरतें होती हैं। अगर किसी के पास सोना पर्याप्त है, तो वह दूसरी चीजों में निवेश कर सकता है और अगर किसी का ज्यादा पैसा शेयर बाजार में लगा है, तो वह सोना और सावधि जमा जैसे विकल्पों को आजमा सकता है।
- शेयर बाजार में निवेश करने के लिए सहायता या सलाह लेना जरूरी है। बिना जानकारी के निवेश से पैसे बर्बाद भी हो सकते हैं। शेयर मूल्य को रोज देखना और तात्कालिक गिरावट की स्थिति में दुखी होना सही नहीं है।

### निवेश को प्रभावी बनाए रखने के लिए कुछ जरूरी सलाह

- यदि नियमित आय है, महंगा कर्ज नहीं है और निवेश का लक्ष्य कम-से-कम 10-15 साल दूर है, तो एक सामान्य शुरुआती निवेश 60-70 प्रतिशत शेयर में, 15-25 प्रतिशत एफडी में और 10-15 प्रतिशत सोना में हो सकता है।
- यानी एक लाख रुपये में करीब 65 हजार रुपये इक्विटी शेयर, 20 हजार रुपये एफडी में और 15 हजार रुपये सोने में रखे जा सकते हैं।
- 25 साल की उम्र में पूरा पैसा एफडी में रख देना सुरक्षित लग सकता है, लेकिन लंबी अवधि में महंगाई उस सुरक्षा में सेंध लगा सकती है। वहीं पूरा पैसा शेयर में डाल देना भी समझदारी नहीं, क्योंकि बाजार की गिरावट के साथ अगर नींद भी उड़ जाए, तो सही नहीं होगा।
- निवेश का सिद्धांत - इक्विटी शेयर धन बढ़ाने का इंजन है, एफडी स्थिरता देती है और सोना विविधता व सुरक्षा का काम करता है।
- उम्र बढ़ने के साथ इक्विटी शेयर का हिस्सा धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। साठ साल की उम्र में शेयर का हिस्सा कम करके सोने और एफडी का हिस्सा बढ़ा सकते हैं।
- निवेश का उद्देश्य हर साल सबसे ज्यादा रिटर्न पाना नहीं है। असली काम है लंबी अवधि में महंगाई को पीछे छोड़ते हुए पैसे बढ़ाना।

### इतना है : औसतन 21,285 रुपये कमाता है एक भारतीय

भारत में केंद्रीय कर्मचारियों की न्यूनतम बेसिक सैलरी 18,000 रुपये है, सातवें वेतन आयोग के अनुसार। साल 2001 में बेसिक सैलरी महज 2,250 रुपये हुआ करती थी। संगठित क्षेत्र में भी वेतन में बड़ी विविधता है। आर्थिक उदारीकरण की नीतियां लागू हैं। सरकार के अनुसार, भारत में न्यूनतम दैनिक मजदूरी साल 2019 से 178 रुपये पर ठहरी हुई है।

### कितना चाहिए : मासिक वेतन 35 हजार रुपये होना चाहिए

भारत में केंद्रीय कर्मचारियों की न्यूनतम बेसिक सैलरी 35 हजार रुपये तक पहुंचने वाली है, आठवें वेतन आयोग के अनुसार। एक अनुमान है, नौवें वेतन आयोग तक अर्थात साल 2036 तक न्यूनतम बेसिक सैलरी 70 हजार रुपये हो जाएगी। निजी क्षेत्र, गिग वर्कर की भी कमाई बढ़नी चाहिए। न्यूनतम दैनिक मजदूरी में भी कम से कम चार गुना की वृद्धि होनी चाहिए।

# रोजनामचा



**पं. राघवेन्द्र शर्मा**
ज्योतिषाचार्य

स्कैन करें
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

**मेष :** मन में शांति एवं प्रसन्नता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में भागदौड़ बढ़ सकती है। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**वृष :** आत्मसंयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं विवाद से बचें। बातचीत में भी संतुलित रहें। कला व संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में लाभ में वृद्धि होगी।

**मिथुन :** आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा, परंतु मन में उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। कारोबार में वृद्धि होगी। भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे।

**कर्क :** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। परिवार के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। खर्चों में वृद्धि होगी।

**सिंह :** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। धैर्यशीलता बनाए रखें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। माता-पिता का साथ मिलेगा। संपत्ति से आय के साधन बन सकते हैं।

**कन्या :** मन अशांत हो सकता है। धैर्यशीलता बनाए रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। लेखन आदि बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है।

**तुला :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी। लाभ के अवसर भी मिलेंगे। किसी मित्र के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। फायदा रहेगा।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कार आदि कार्यों में सफल रहेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**धनु :** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। मां की सेहत का ध्यान रखें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है। परिवार का साथ मिलेगा।

**मकर :** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। धैर्यशीलता बनाए रखें। माता की सेहत का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**कुंभ :** आत्मसंयत रहें। धैर्यशीलता बनाए रखने के प्रयास करें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि के साथ स्थान परिवर्तन हो सकता है। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**मीन :** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखन आदि बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। मित्रों का सहयोग भी मिलेगा।

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

02 सितंबर, बुधवार, **शक संवत्** : 11, भाद्रपद (सौर) 1948, **पंजाब पंचांग** : 17, भाद्रपद मास प्रविष्टे 2083 **इस्लाम** : 19, रबि-उल्लावल, 1448 **विक्रमी संवत्** : भाद्रपद कृष्ण पंचमी तिथि प्रातः 06.13 मिनट तक पश्चात षष्ठी रात्रि 04.27 मिनट तक तदनंतर सप्तमी तिथि, भरणी नक्षत्र रात्रि 01.43 मिनट तक पश्चात कृतिका नक्षत्र, ध्रुव योग रात्रि 09.12 मिनट तक, चन्द्रमा मेष राशि में (दिन रात)।

**सूर्य दक्षिणायन।** दोपहर 12 बजे से 01.30 मिनट तक राहुकालम्। चन्दन षष्ठी व्रत। हल षष्ठी। षष्ठी तिथि का क्षय।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

घर में अचानक से बीमारी और कोर्ट केस शुरू हो गए हों, तो कौन-से उपाय करें-

- घर में दक्षिण पूर्व का शौचालय घर की महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की वजह बनता है।
- उत्तर दिशा का शौचालय व्यापार एवं धन को हानि पहुंचाता है। दक्षिण पश्चिम दिशा का शौचालय एवं वहां पर रखी हुई वाशिंग मशीन कोर्ट केस की समस्या दे सकती है।
- पूर्व दिशा की सीढ़ियां भी समस्या दे सकती हैं। यहां कुछ हरे पौधे लगाएं। टॉयलेट्स पर टॉयलेट ब्लॉकर लगाएं। टॉयलेट्स में एग्जॉस्ट चलाकर रखें। घर में निरंतर शाम को अगर तगार की लकड़ी गाय के उपले पर रख कर जलाएं।

### वर्ग पहेली : 8439



**बाएं से दाएं**
1. कदमों की आहट; चलने पर होने वाली आवाज; पद चालन पर होने वाली आवाज (4)
4. झोंका; एक विशेष प्रकार से काटा या मारा जाना; आघात (3)
7. तर्क; बहस; युक्ति; वाद का मुद्दा (3)
8. खून करना; मार डालना (2,3)
9. चक्की के पाट की तरह गोल और भारी दुम वाला मेंढ़ा (2)
10. महिला; स्त्री (2)
11. अंक; अक्स; अनुलिपि; दाब; निशान; मुद्रांक; सुराग (2)
13. कुटैव; बुरी आदत; बान; व्यसन (2)
16. असावधान; चिंताहीन; जिसे परवाह न हो (5)
17. केवट; नाव खेने वाला (3)
18. अबोध; अनाड़ी; नासमझ; मूरख (3)
19. झपटना; पकड़ना (4)

**ऊपर से नीचे**
2. करुणा करना; रहम करना (2,3)
3. किसी अधिकारी के पद का सूचक (4)
4. चमक; प्रकाश; आभा; आकृति का आभास; अधूरा दर्शन (3)
5. कानाफूसी करना (2,1,2,3)
6. प्रसन्न होना; चेहरे से हर्ष प्रकट होना (3,2,3)
12. किसी वस्तु को खराब होने से बचाने वाला; परिरक्षण करने वाला (5)
14. कलकल ध्वनि; शोरगुल; हल्ला (4)
15. कुसुम; पुष्प; फूल (3)

**हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली**
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली : 8438

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 हि | ■ | 2 पो | ■ | 3 अ | 4 न | धि | 5 का | र |
| 6 म | च | ल | ना | ■ | का | ■ | री | ■ |
| मा | ■ | खु | ■ | 7 पा | र | ल | ग | ना |
| 8 न | क | ल | क | र | ना | ■ | र | ■ |
| व | ■ | ना | ■ | क | ■ | 9 प | ■ | 10 फ |
| ■ | 11 च | ■ | 12 च | र | म | रा | ह | ट |
| 13 धा | क | ज | म | ना | ■ | या | ■ | का |
| ■ | रा | ■ | क | ■ | 14 उ | प | हा | र |
| 15 ब | ना | ब | ना | या | ■ | न | ■ | ना |

### सुडोकू : 8393

*मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | | | | 1 | | | 8 |
| | | | 7 | | 6 | 2 | | 1 |
| | 3 | | 2 | | | | | |
| 5 | 4 | | | | | 7 | 1 | |
| | | | | | | | | |
| | 6 | 7 | | | | | 2 | 9 |
| | | | | | 4 | | 5 | |
| 3 | | 8 | 9 | | 5 | | | |
| 9 | | | 1 | | | | 8 | 3 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### सुडोकू : 8392

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 | 8 | 5 | 9 |
| 7 | 5 | 8 | 6 | 9 | 4 | 3 | 1 | 2 |
| 9 | 1 | 2 | 5 | 3 | 8 | 4 | 6 | 7 |
| 5 | 2 | 9 | 8 | 6 | 3 | 1 | 7 | 4 |
| 6 | 4 | 1 | 7 | 5 | 2 | 9 | 8 | 3 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 3 | 4 | 8 | 1 | 7 | 9 | 5 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 9 | 5 | 3 | 7 | 6 | 2 | 4 | 1 |

## प्रेरणा

सिर्फ घड़ी को मत देखिए। बल्कि जो वह करती है... वो करते रहिए। यानी चलते रहिए। - **सैम लेवनसन**

## संपादकीय

# 7.8 प्रतिशत की विकास दर ने बेहतरी की उम्मीदें जगाई

**पिछले** वित्तीय वर्ष की प्रथम तिमाही के 6.9% के मुकाबले 7.8% विकास दर बेहतर भविष्य का संकेत है। यह बढ़ी विकास दर युद्ध-जनित तेल संकट, वैश्विक हताशा, अल नीनो के दुष्प्रभाव और अमेरिकी टैरिफ के बावजूद हासिल की गई है। कृषि को छोड़कर शेष सभी सेक्टर्स ने भी अच्छा प्रदर्शन किया है। सबसे ऊंची छलांग कैपिटल फॉर्मेशन और निर्यात सेक्टरों की रही। अमेरिका से ट्रेड डील अधर में रहने के बावजूद निर्यात का बेहतर आंकड़ा बताता है कि अन्य देशों से एफटीए काम आया है और भारतीय निर्यातक हताशा के बावजूद अपनी गुणवत्ता और लाभांश को बनाए हुए हैं। पीएम का भारतीय अर्थव्यवस्था के दुर्दिन की भविष्यवाणी करने वालों पर कटाक्ष गलत नहीं था, हालांकि अर्थशास्त्रियों का एक वर्ग अभी भी मानता है कि उच्च विकास दर और महंगाई दोनों एक साथ होना अच्छा संकेत नहीं है। यह सच है कि इसी वर्ष की एक तिमाही पहले (जनवरी-मार्च) की 8.6% के मुकाबले चालू वित्त-वर्ष की प्रथम तिमाही (अप्रैल-जून) में विकास दर का 7.8% रहना आर्थिकी सुस्ती कही जा सकती है, लेकिन विगत वर्ष की प्रथम तिमाही से तुलना अधिक उचित है क्योंकि तुलना समतुल्य काल से ही की जाती है। क्रूड संकट के बावजूद भारत में बड़ी आपूर्ति समस्या का न आना, तेल के दाम न बढ़ने देना सरकार के रिजर्व पर असर डालता है, लेकिन अगर ग्रॉस कैपिटल फिक्स्ड फार्मेशन भी असाधारण प्रदर्शन कर रहा है तो सरकार की सराहना करनी होगी। हालांकि चुनौतियां और भी मोर्चों पर हैं।

## जीने की राह




**पं. विजयशंकर मेहता**

humarehanuman@gmail.com


# आंतरिक खुशी चाहिए तो आस्तिकता स्वीकार करें

**जो** अपने जीवन के लक्ष्य को नकार दे, नास्तिकता उसके भीतर प्रवेश करने लगती है। कोई यूं ही नास्तिक नहीं हो जाता। जब वो परमशक्ति को प्राप्त करने की चुनौती से मुंह मोड़ता है, तब नास्तिक होता है। ईश्वर की खोज कितनी मायने रखती है- इसे समझना हो तो नास्तिक से पूछिए, आस्तिक नहीं बता पाएगा। क्योंकि नास्तिक बना ही इसीलिए है कि उसने इसे स्वीकार नहीं किया। इसे ठुकरा दिया, मुंह मोड़ लिया। आस्तिक तो सीधी बात करेगा कि मेरा विश्वास है और खोज मैं कर रहा हूं। मैंने चुनौती स्वीकार की है। ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार करने की चुनौती को भक्ति कहते हैं। नास्तिक अपने अहंकार और अज्ञान के कारण घोषणा करता है कि ईश्वर नहीं है। लेकिन आस्तिक कहता है मैंने स्वीकार किया है तो मेरे जीवन का आनंद बढ़ा है। वैज्ञानिक दृष्टि के लोग ईश्वर को नहीं मानते। लेकिन जब उनके जीवन में कठिन परेशानियां आती हैं, तब कोई अदृश्य शक्ति उनको महसूस होती है। आंतरिक खुशी चाहें तो आस्तिकता स्वीकारनी चाहिए।

• Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## शब्दों का जादू

# कौन चाहता है



कौन चाहता है
कोई झुंड तय करे कि उसका विश्वास क्या हो

कौन चाहता है
कोई हवा तय करे उसकी यात्रा की दिशा

कौन चाहता है उसकी अस्मिता बने
सत्ता के अहंकार का ग्रास

कौन चाहता है
उसके दरवाजे पर चस्पा हो
प्रेम को दफन कर देने का राजकीय आदेश

कौन चाहता है
कोई और तय करे
उसका ईश्वर कौन है कौन नहीं

कोई नहीं चाहता है
कोई ऐसा अपने लिए
लेकिन ऐसा चाहते हैं अकसर लोग
दूसरों के लिए।

**-सचिन कुमार जैन**, भोपाल, मध्यप्रदेश
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

## पाठकों के पत्र

### कैसे रुके बढ़ता करप्शन?

**करप्शन** रुकने का नाम नहीं ले रहा है। इसका विरोध करने के बजाय, इसमें शामिल होने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। अब जब पैसा जरूरी हो गया है तो कुछ भी करके ज्यादा पैसा कमाना ही जिंदगी का मकसद बनता जा रहा है।

**-प्र.मु. काळे,** नासिक, महाराष्ट्र

### प्राकृतिक आपदाओं का सुदृढ़ प्रबंधन हो

**आज** बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं के कारण पूरा विश्व परेशान है। जापान की सुनामी हो या नेपाल की बाढ़, सबकुछ मिट्टी में मिल गया। प्राकृतिक आपदाओं को आने से रोका तो नहीं जा सकता है, लेकिन सुदृढ़ प्रबंधन से इनके प्रभाव को कम अवश्य किया जा सकता है। - **साजिद अली,** इंदौर, मध्यप्रदेश

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## मन की प्रयोगशाला

# यह समझें कि दूसरे हमारी तरह नहीं सोचते

'द हैंडबुक ऑफ सोशल साइकोलॉजी' (अमेरिका) की एक ताजा रिसर्च हमारे मन में मौजूद 'प्रोजेक्शन-बायस' के बारे में दिलचस्प सूचना देती है। रिसर्च कहती है कि हमें लगता है हम दूसरों को समझ पा रहे हैं, जबकि हम अकसर अपनी ही भावनाओं और विचारों को दूसरों पर प्रोजेक्ट करते हैं। इसी के चलते हम अकसर यह भी मानने की भूल कर बैठते हैं कि दूसरे भी हमारी ही तरह सोचेंगे और व्यवहार करेंगे।

---

**बामुलाहिज़ा** • पाकिस्तान ने इसे छुपाने की बहुत कोशिश की, लेकिन इमरान के बेटों ने कलई खोल दी

# इमरान की कहानी दुनिया के सामने आ गई है

## पाकिस्तान




**शेखर गुप्ता**

एडिटर-इन-चीफ, 'द प्रिन्ट'

X @ShekharGupta


**इंग्लैंड** के पूर्व कप्तान माइकल आथर्टन ने क्रिकेट के लिए चाहे जो कुछ भी किया हो, लेकिन उन्हें अब इमरान खान के भविष्य के सवाल को दुनिया के सामने लाने के लिए याद किया जाएगा। पाकिस्तानी सत्तातंत्र कश्मीर मसले को तो दुनियाभर में 75 साल से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर उछालने की कोशिश करता रहा है, लेकिन इमरान के मसले की खबर उसकी सीमा के पार जाए, यह वो कतई नहीं चाहता था। आथर्टन के बाद ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भी इमरान के पक्ष में आवाज उठाई।

खेलों की दुनिया में अंतरराष्ट्रीय एकता स्थापित करने के लिए अगर कोई सबसे बड़ा पुरस्कार हो तो आथर्टन उसके हकदार हैं। यह तोहफा उन्हें इमरान के बेटों, कासिम और सुलेमान से लॉर्ड्स के लॉन्ग रूम में बातचीत करने के लिए दिया जाना चाहिए। इस बातचीत को 'स्काई स्पोर्ट्स' चैनल ने लॉर्ड्स टेस्ट के पहले दिन लंच के दौरान प्रसारित किया, बावजूद इसके कि पीसीबी ने मैच का बायकॉट करने की धमकी दी थी।

पीसीबी का नेतृत्व मोहसिन नकवी कर रहे हैं। वे पाकिस्तान के गृह मंत्री भी हैं। वे मुनीर के सबसे करीबी और वफादार साथी माने जाते हैं। 'स्काई स्पोर्ट्स' ने वह बातचीत प्रसारित करके बड़ा जोखिम उठाया था। उससे टेस्ट सीरीज के प्रसारण का अधिकार छिन सकता था, आथर्टन का पाकिस्तानी वीसा रद्द किया जा सकता था और ईसीबी पाकिस्तान की सद्भावना गंवा सकता था। लेकिन इन तीनों ने ये जोखिम उठाकर इमरान के भविष्य के सवाल को पाकिस्तान की खूनी घरेलू सियासत के दायरे से निकालकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मंच पर पहुंचा दिया। पाकिस्तान का सत्तातंत्र इस मुद्दे का 'क्रिकेटीकरण' कतई नहीं चाहता था। क्रिकेट के 21 पूर्व कप्तानों ने- जिनमें भारत के भी 3 शामिल हैं- इमरान से बेहतर बरताव किए जाने की मांग करते हुए एक संयुक्त पत्र जारी किया है। एक टेस्ट मैच में लंच ब्रेक पाकिस्तान की सियासत के लिए लंबा समय साबित हुआ है।

अब, इमरान और उनकी पहली बीवी जेमिमा के इन दोनों बेटों (इमरान की तीसरी बीवी बुशरा बीबी भी जेल में हैं) ने पिता के प्रति प्यार और गंभीर चिंता जाहिर की। पाकिस्तान समेत क्रिकेट की पूरी दुनिया की नजर इमरान पर है। पाकिस्तान का सबसे शर्मनाक रहस्य अब अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बन गया है। पाकिस्तान के हुक्मरान इस बात से जरूर राहत महसूस कर सकते हैं कि जो ताकतवर देश- अमेरिका, चीन और पश्चिम एशिया- उसके लिए रणनीतिक महत्व रखते हैं, वे क्रिकेट की परवाह नहीं करते। क्या आथर्टन ने पुराने दोस्तों की दोस्ती की भावना से वह सब किया? वे शायद एक महान क्रिकेट 'आइकॉन' के साथ किए जा रहे जुल्म, और उन्हें तिल-तिल कर मौत की ओर धकेले जाने से आहत थे। इमरान की ख्याति क्रिकेट से उनके संन्यास के साथ खत्म नहीं हो गई थी। वे टेलीविजन पर अपनी कमेंट्री के कारण भी मशहूर थे। भारतीय मीडिया कॉनक्लेव में उन्हें वक्ता के रूप में सबसे ज्यादा फीस मिलती थी।

आथर्टन कभी इमरान की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम के खिलाफ नहीं खेले। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में खेलना उन्होंने 1989 में शुरू किया, इमरान 1992 में रिटायर हो गए। आथर्टन को इमरान की गेंद पर आउट होने का 'आनंद' नहीं मिला। लेकिन आज वे इमरान की ओर से खेल रहे हैं। अपने मुल्क की फौज के साथ परेशानियों के पहले दिन से ही इमरान को समझ में आ गया था कि अगर वे सियासत से हट जाएं और टेलीविजन की लाभप्रद दुनिया में लौट जाएं तो उनका जीवन आराम से गुजर सकता है। फौज के साथ छत्तीस का रिश्ता बनाने वाले सभी नेताओं का स्वाभाविक विकल्प उनके लिए उपलब्ध था, यानी अमीरी वाला निर्वासन। लेकिन इमरान ने अपने साहस से फौज को हैरत में डाल दिया।



### इस मुद्दे का 'क्रिकेटीकरण'

**इमरान के भविष्य का सवाल पाकिस्तान की घरेलू सियासत के दायरे से निकलकर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के मंच पर पहुंच गया है। पाकिस्तान का सत्तातंत्र इस मुद्दे का 'क्रिकेटीकरण' कतई नहीं चाहता था। लेकिन अब क्रिकेट के 21 पूर्व कप्तानों ने- जिनमें भारत के भी 3 शामिल हैं- इमरान से बेहतर बरताव की मांग की है।**

फिर भी, कड़वी हकीकत यह है कि उन्होंने वही खेल तब खेला, जब यह उन्हें मुफीद लगा। फौज के साथ मिलीभगत करके उन्होंने एक निर्वाचित प्रधानमंत्री (नवाज शरीफ) को गद्दी से उतारकर जेल में पहुंचा दिया और फिर उन्हें ऐसी चूक के लिए देशनिकाला दे दिया, जिसके कारण उन्हें 'सादिक और अमीन' (इस्लामी सोच के मुताबिक सच्चे और भरोसेमंद) नहीं माना गया।

इसके बाद उन्होंने फौज का इस्तेमाल करके एक चुनाव को चुरा लिया और बहुमत का आंकड़ा जुटा लिया। और जब उन्होंने उसी फौज की मुखालफत की, तब उसने वही किया, जो वह हर उस निर्वाचित नेता के साथ करती रही है, जो उसके लिए 'मुश्किल' साबित होने लगता है। इमरान ने आईएसआई के चीफ समेत फौज के आला ओहदों की नियुक्तियों में दखल देना शुरू कर दिया था। वे भूल गए कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्रियों को यह अधिकार नहीं हासिल है।

उन्हें जितने साल की जेल की सजा मिली है, उस पर गौर करें। प्रधानमंत्री रहते हुए उन्होंने जो उपहार पाए उनका खुलासा न करने और कथित 'अल-कादिर ट्रस्ट' घोटाले के लिए उन्हें अलग-अलग 14 साल, 3 साल और 14 साल की जो सजाएं दी गई हैं, वे काफी भयावह लगती हैं। जब इमरान पहले ऐसे पाकिस्तानी नेता के रूप में उभरे, जो निर्वाचित नेताओं की स्वायत्तता और नागरिक शासन के वर्चस्व की खातिर फौज की अवहेलना कर सकते हैं, तब पाकिस्तान में लाखों लोग उत्साहित हुए थे। इमरान जनता के जोर पर जनरल हेडक्वार्टर का मुकाबला कर रहे थे। पाकिस्तान की फौज को पहली बार एक ऐसे नेता से चुनौती मिली थी, जिसे जनसमर्थन हासिल था। तब पाकिस्तान के एक प्रमुख बुद्धिजीवी ने सावधान किया था कि जरा सब्र रखो, कसीनो में हमेशा उसका मालिक ही जीतता है।

अब तक तो 'मालिक' ही जीत रहा है। लेकिन उसे भी पता है कि उसने अब तक जितने नेताओं का सफाया किया है, उनके मुकाबले इमरान ज्यादा हिम्मती और लोकप्रिय हैं। अगर इमरान बिना कोई समझौता किए जेल से बाहर आ जाते हैं तब मुनीर को वही उपाय करना पड़ेगा- या तो उन्हें फिर जेल भेजें या देशनिकाला दें। इमरान का स्वभाव उग्र और आत्म-मुग्ध है। मेरी तरह कई लोग उन्हें तब से जानते हैं, जब वे क्रिकेट खेलते थे। हम सब तब आश्चर्य में पड़ गए, जब वे कट्टरपंथी इस्लामवाद की ओर मुड़ गए थे। समझ नहीं आया कि उन्होंने ऐसा क्यों किया। कश्मीर पर उनके और मुनीर के विचारों में कोई फर्क नहीं है। फिर भी इसने मुनीर के कोप से उनकी रक्षा नहीं की!

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

---

**दूरदृष्टि** • पहाड़ों की प्रकृति को गंभीरता से समझें

# एक जैसी तबाही के भी अलग-अलग कारण हो सकते हैं

## त्रासदी




**सैयद अता हसनैन**

बिहार के राज्यपाल और कश्मीर कोर के पूर्व कमांडर


**मैं** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) का सदस्य रह चुका हूं और नेपाल की त्रासदी को इस विषय के एक विशेषज्ञ की दृष्टि से देखता हूं। जब भी अचानक से पानी, कीचड़ और बड़े-बड़े पत्थर हिमालय की किसी घाटी में नीचे आते हैं तो आमतौर पर हमारी पहली व्याख्या यही होती है कि कहीं बादल फटे होंगे। ये सच है कि पहाड़ों में बादल फटना एक चिर-परिचित प्राकृतिक घटना है और इससे विनाशकारी बाढ़ आती है। लेकिन नेपाल के मद्देनजर हमें अधिक सावधानी से यह देखना होगा कि आखिर हिमालय की ऊंचाइयों में क्या चल रहा है।

हर आकस्मिक बाढ़ असाधारण बारिश के कारण नहीं आती। कभी-कभी इसका स्रोत बहुत अधिक ऊंचाई पर होता है, जहां बर्फ, चट्टान, पानी, तापमान और गुरुत्वाकर्षण ऐसी परिस्थितियां पैदा करते हैं, जिन्हें समझना हम अभी सीख ही रहे हैं।

फरवरी 2021 में उत्तराखंड में हुई ऋषिगंगा-तपोवन आपदा ने इसे बेहद नाटकीय ढंग से दिखाया था। वह सर्दियों की एक साफ सुबह थी। लेकिन घाटी में बेहद ऊंचाई पर चट्टान और बर्फ का एक विशाल हिस्सा टूटा, तेजी से नीचे आया और एक विनाशकारी मलबे की धारा में बदल गया। इस घटना में 200 से अधिक लोग मारे गए या लापता हो गए थे। अक्टूबर 2023 में सिक्किम में हुई दक्षिण ल्होनाक की घटना में एक अलग प्रक्रिया देखने को मिली। बहुत ज्यादा वजनी मलबा ग्लेशियल-झील में आया, जिससे ऊंची लहरें पैदा हुईं और पानी को रोककर रखने वाला प्राकृतिक अवरोध टूट गया। इसके बाद बेहद विनाशकारी गति से बाढ़ तीस्ता घाटी में उतर आई।

नेपाल की घटना इसका एक और वेरिएशन बताती है। शुरुआती रिपोर्टों में किसी भूकंप के कारण ग्लेशियर टूटने की संभावना जताई गई। लेकिन बाद के वैज्ञानिक आकलन ने संकेत दिया कि संभवतः ग्लेशियर टूटने से ही भूकंपीय गतिविधियां पैदा हुई हों। ऊंचे बर्फीले पहाड़ से चट्टान और बर्फ की भारी मात्रा टूटकर तेजी से नीचे गिरी। इससे बना मलबा और पानी नदी के बहाव-क्षेत्र में जा मिला। इन तीनों घटनाओं से एक महत्वपूर्ण सबक मिलता है- नीचे की ओर एक जैसी दिखने वाली तबाही के स्रोत ऊंचाई पर बिल्कुल अलग हो सकते हैं।

एक और प्राकृतिक घटना है, जिसके बारे में अधिक जन-जागरूकता की जरूरत है, वह है पर्माफ्रॉस्ट। यह ऐसी चट्टानों वाली जमीन होती है, जो कम से कम लगातार दो वर्षों तक जमी रहती है। अत्यधिक ऊंचाई पर दरारों में मौजूद बर्फ पहाड़ की चट्टानों को आपस में जोड़े रखने में मदद कर सकती है। तापमान में बदलाव, बार-बार जमने-पिघलने की प्रक्रिया और पर्माफ्रॉस्ट का धीरे-धीरे क्षरण इस प्राकृतिक जुड़ाव को कमजोर कर सकता है। इसका यह मतलब नहीं है कि हिमालय के पहाड़ अब हर जगह टूटकर गिरने वाले हैं। लेकिन जलवायु परिवर्तन के दौर में हमें पहाड़ों की स्थिरता का भी गंभीरता से अध्ययन करना होगा।

**हर आकस्मिक बाढ़ असाधारण बारिश के कारण नहीं आती। कभी-कभी इसका स्रोत बहुत अधिक ऊंचाई पर होता है, जहां बर्फ, चट्टान, पानी, तापमान और गुरुत्वाकर्षण ऐसी परिस्थितियां पैदा करते हैं, जिन्हें समझना हम अभी सीख ही रहे हैं।**

पानी और मलबा नीचे जाने के लिए सबसे आसान रास्ते तलाशते हैं। घाटियां पानी, बर्फ, पत्थरों और तलछट की असीमित ऊर्जा को एक सीमित रास्ते में चैनलाइज कर देती हैं। दुर्भाग्य से, इंसानी गतिविधियां भी ठीक इन्हीं जगहों में होती हैं। सड़कें नदी घाटियों के साथ-साथ बनाई जाती हैं। पुल इन्हीं नदियों को पार करते हैं। जलविद्युत परियोजनाएं भी इन्हीं घाटियों पर निर्भर रहती हैं। पीढ़ियों से गांव नदियों के किनारे बसते आए हैं। तीर्थयात्री, पर्यटक और ट्रेकिंग करने वाले भी इन्हीं रास्तों से गुजरते हैं। ऐसे में कई किलोमीटर दूर और हजारों मीटर ऊंचाई पर शुरू हुई कोई आपदा अचानक इन लोगों के लिए खतरा बन सकती है। हमें आपदा को नीचे तक ले जा सकने वाले पूरे डाउनस्ट्रीम कॉरिडोर को समझने की जरूरत है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

---

**मुद्दा** • 30-35 की उम्र या उससे पहले ही सतर्क हो जाएं

# बिना चेतावनी लंबे समय तक दबे-छुपे रह सकते हैं हृदय रोग

## हेल्थ




**डॉ. नरेश त्रेहान**

सीएमडी, मेदांता हास्पिटल


**हार्ट** अटैक को अचानक होने वाली कोई अप्रत्याशित घटना माना जाता है। लेकिन इसके पीछे हमेशा एक पृष्ठभूमि होती है, जो अकसर बिना किसी चेतावनी के लंबे समय दबी-छुपी रह सकती है। कोरोनरी आर्टरी डिसीज एक धीमी और खामोश प्रक्रिया है, जो लक्षण दिखने से कई साल या कई दशकों पहले से विकसित हो रही होती है। दुनिया में शायद ही कहीं यह स्थिति भारत से ज्यादा स्पष्ट दिखाई देती हो। दुनिया भर में कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों से होने वाली मौतों में से 20% अकेले भारत में ही होती हैं। भारतीयों में कोरोनरी आर्टरी डिसीज पश्चिमी देशों के लोगों की तुलना में लगभग एक दशक पहले विकसित हो जाती हैं। कम उम्र में हार्ट अटैक के मामले बढ़ रहे हैं तो आशंका यह भी है कि शायद बड़ी संख्या में इस जोखिम से अनजान लोग इन बीमारियों के साथ जी रहे हों।

आज हम 30 की उम्र के लोगों में भी हार्ट अटैक देख रहे हैं। इनमें वो भी हैं, जो पूरी तरह फिट दिखते हैं। 2000-2024 के बीच हेल्थ डेटा की समीक्षा से पता चलता है कि शहरी क्षेत्रों के लगभग 12% भारतीय किसी न किसी तरह की कार्डियोवैस्कुलर डिसीज से प्रभावित थे। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो की 2022 की रिपोर्ट में हार्ट अटैक से 32 हजार से अधिक मौतें दर्ज की गईं, जो साल-दर-साल 12% से अधिक की वृद्धि को दर्शाती हैं। भारतीय पुरुषों में होने वाले हार्ट अटैक में से करीब 25% 40 वर्ष की उम्र से पहले होते हैं। 50 की उम्र तक तो यह आंकड़ा 50% तक पहुंच जाता है। कार्डियोवैस्कुलर बीमारियों के इतने मामले समय रहते पहचान में क्यों नहीं आ पाते? इसकी वजह हमारी बुनियादी वैस्कुलर बायोलॉजी में छिपी है। एथेरोस्क्लेरोसिस, यानी धमनियों में प्लाक जमा होने के कारण उनका धीरे-धीरे संकरा होना अपने आप में दर्द पैदा नहीं करता। धमनियों में दर्द महसूस कराने वाले रिसेप्टर होते ही नहीं हैं। इस प्रक्रिया के तीन सबसे बड़े फैक्टर्स- हाइपरटेंशन, डिसलिपिडेमिया और डायबिटीज भी अपने-आप में साइलेंट स्वास्थ्य स्थितियां हैं। कोई व्यक्ति वर्षों तक खतरनाक रूप से बढ़े हुए ब्लडप्रेशर या कोलेस्ट्रॉल के साथ रह सकता है और बिल्कुल सामान्य महसूस कर सकता है। आमतौर पर लक्षण तभी दिखते हैं, जब धमनी बहुत ज्यादा ब्लॉक हो गई हो। लेकिन तब तक बीमारी काफी बढ़ चुकी होती है। सीने में दर्द, प्लाक-रेप्चर, सांस फूलने या थकान जैसे लक्षणों का इंतजार करना उस स्थिति का इंतजार करना है, जब शरीर का सिस्टम फेल हो चुका हो।

भारत में कम उम्र में ही तेजी से बढ़ते हृदय रोगों के मद्देनजर जोखिम का आकलन 30-35 वर्ष की उम्र में या उससे भी पहले हो जाना चाहिए, न कि परंपरागत तौर पर 40-45 वर्ष की उम्र के बाद, जैसा विदेशों में होता है। खासकर 30 की उम्र के पार बेसिक लिपिड प्रोफाइल, ब्लड प्रेशर और ब्लड ग्लूकोज की जांच हर वयस्क के नियमित हेल्थ चेकअप का हिस्सा होने चाहिए। जिन लोगों की हार्ट डिसीज, डायबिटीज या अन्य जोखिम कारकों की फैमिली हिस्ट्री हो, उनके लिए इमेजिंग आधारित जांचें किसी भी एबनॉर्मेलिटी के सामने आने से वर्षों पहले ही धमनियों में जमा प्लाक का पता लगा सकती हैं। इन जांचों के अपने फायदे और सीमाएं हैं। डॉक्टर किसी व्यक्ति की हेल्थ प्रोफाइल, लक्षणों और रिस्क-फैक्टर के आधार पर उपयुक्त जांच का चुनाव कर सकते हैं। समय पर जांच कराना आपात स्थिति में बायपास सर्जरी और स्टेंटिंग से बेहतर है। एम्प्लॉयर्स को भी सालाना कार्डियक रिस्क स्क्रीनिंग को वर्कप्लेस सेफ्टी प्रोटोकॉल जितनी ही गंभीरता से लेना चाहिए। बीमा कंपनियों को भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए कि वे बीमारी होने के बाद इलाज का खर्च उठाने के बजाय प्रिवेंटिव डायग्नोस्टिक्स को भी कवर करें, क्योंकि बीमारी का जल्दी पता लगाना ज्यादा किफायती रास्ता है।

**भारतीयों में कोरोनरी आर्टरी डिसीज पश्चिमी देशों के लोगों की तुलना में एक दशक पहले विकसित हो जाती हैं। कम उम्र में हार्ट अटैक के मामले बढ़ रहे हैं तो आशंका यह भी है कि शायद बड़ी संख्या में इस जोखिम से अनजान लोग इन बीमारियों के साथ जी रहे हों।**

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

---

**डिफ्रेंट एंगल** • क्लाउड पर मालिकाना हक रखने वाली कंपनियों के पास पूरे डिजिटल ढांचे का नियंत्रण है...

# सबकी नजरें एआई पर, लेकिन असली ताकत 'क्लाउड' के हाथों में है

## टेक्नोलॉजी




**सेसिलिया रिकाप**

यूनिवर्सिटी कॉलेज लंदन में एसोसिएट प्रोफेसर


**हाल** ही में जब गूगल (अल्फाबेट) ने अपने ताजा तिमाही नतीजे घोषित किए, तो निवेशकों को उसके नकारात्मक फ्री कैश फ्लो और डेटा सेंटरों पर बढ़ते खर्च को लेकर चिंता हुई। लेकिन गूगल- ओपनएआई या एन्थ्रोपिक जैसी कंपनी नहीं है, जो भारी खर्च करते हुए मुनाफे वाला बिजनेस मॉडल तलाश रही हो। वह क्लाउड-कंप्यूटिंग क्षेत्र की दिग्गज कंपनी है और दूसरी तिमाही में उसके क्लाउड डिवीजन के नतीजे असाधारण रहे हैं। गूगल क्लाउड का राजस्व साल-दर-साल 82 प्रतिशत बढ़ा है और अब यह गूगल सर्च से होने वाले राजस्व के 40 प्रतिशत के बराबर पहुंच गया है।

दो अन्य टेक दिग्गज- माइक्रोसॉफ्ट और अमेजन भी इसी स्थिति में हैं। माइक्रोसॉफ्ट का क्लाउड कारोबार उसका सबसे तेजी से बढ़ने वाला डिवीजन है और रिकॉर्ड मुनाफा कमा रहा है। वहीं अमेजन वेब सर्विसेज की शुद्ध बिक्री साल-दर-साल 37 प्रतिशत बढ़ी है, जिसे कंपनी ने पिछली 18 तिमाहियों में सबसे तेज ग्रोथ बताया है। एआई इन क्लाउड दिग्गजों का ट्रोजन हॉर्स है। एआई को लेकर जितनी हाइप बनेगी, क्लाउड का इस्तेमाल उतना ही बढ़ेगा और इनका बिजनेस उतना ही फैलेगा।

क्लाउड पर मालिकाना हक होने के कारण इन कंपनियों के हाथों में पूरे डिजिटल ढांचे का नियंत्रण है। डेटा और सॉफ्टवेयर से लेकर सेमीकंडक्टर और अत्याधुनिक एआई मॉडल तक- सब कुछ क्लाउड के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। डिजिटल तकनीकों को विकसित करने या उन्हें लागू करने वालों के लिए क्लाउड एक अपरिहार्य सुपरमार्केट है। थर्ड पार्टीज़ भी अपनी डिजिटल तकनीकों को सेवाओं के रूप में उपलब्ध कराती हैं, जिससे क्लाउड की एक ही जगह हर चीज उपलब्ध कराने वाले केंद्र के रूप में उपयोगिता और बढ़ जाती है। नतीजतन, हजारों कंपनियों का एक विशाल नेटवर्क तैयार हो गया है- जिसमें एसएपी, ओरेकल और आईबीएम जैसे दूसरे दिग्गज भी शामिल हैं- जो अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल के स्वामित्व वाले प्लेटफॉर्मों के जरिए अपनी तकनीकें उपलब्ध करा रही हैं।

इस तरह, क्लाउड वह जगह है, जहां अनेक कंपनियां मिलकर डिजिटल तकनीकों का निर्माण करती हैं, लेकिन उनका बड़ा लाभ कुछ गिनी-चुनी कंपनियों को ही मिलता है। क्लाउड पर नियंत्रण ने अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल को ओरेकल और एनवीडिया जैसी दूसरी विशाल टेक कंपनियों से भी अलग दर्जा दिया है।

ओरेकल या मेटा के विपरीत, क्लाउड दिग्गज डेटा सेंटरों में केवल एआई मॉडलों को प्रशिक्षित करने और उन्हें चलाने के लिए निवेश नहीं कर रहे हैं, बल्कि अधिक ग्राहकों को अपने मौजूदा इकोसिस्टम में लाने के लिए भी कर रहे हैं। हर उद्योग की कंपनियां, सरकारें और यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय संगठन भी अमेजन, माइक्रोसॉफ्ट और गूगल से अपनी जरूरतों के मुताबिक तैयार की गई डिजिटल सेवाओं के विशाल पैकेज किराये पर लेते हैं। इनमें वर्चुअल सर्वरों पर स्टोरेज, कंटेंट डिलीवरी नेटवर्क, साइबर सुरक्षा सॉफ्टवेयर, यूजर ट्रैफिक को रूट करने की तकनीक और सैकड़ों अन्य सेवाएं शामिल हैं।

एआई मॉडलों के बीच जितनी प्रतिस्पर्धा होगी, क्लाउड दिग्गज उतने ही मजबूत होते जाएंगे। अधिक एआई मॉडल्स का मतलब है डिजिटल तकनीकों का अधिक विकास और उपयोग, और क्लाउड कारोबार का और विस्तार। ओपनएआई और एन्थ्रोपिक जैसी एआई लैब्स को अपना पूरा समय और ध्यान अधिक एडवांस्ड मॉडल जारी करने पर केंद्रित करना पड़ता है, जिससे वे और अधिक क्लाउड सेवाओं का इस्तेमाल करने लगती हैं। एआई का चाहे जो हो, क्लाउड दिग्गजों का नियंत्रण केवल बढ़ता जाएगा। (**@प्रोजेक्ट सिंडिकेट**)

बिज़नेस भास्कर
Business Standard और TheEconomist की खबरों के साथ
नई दिल्ली, बुधवार 2 सितंबर, 2026


क्यू आर कोड स्कैन करने से पहले समझें
दैनिक भास्कर & SK FINANCE का एक संयुक्त प्रयास
साइबर सुरक्षा अभियान
इस सप्ताह की सलाह
क्यू आर स्कैन करते ही भुगतान हो सकता है, इसलिए सोच-समझकर ही स्कैन करें।
Co-powered by KGK REALTY | JECRC UNIVERSITY
पहचान कैसे करें...
पैसे भेजने के बजाय क्यू आर स्कैन करने के लिए कहना। इनाम, रिफंड या खरीदारी के नाम पर क्यू आर भेजना।
क्या जरूर करें...
क्यू आर स्कैन करने से पहले उद्देश्य समझें। भुगतान से पहले राशि और नाम जांचें।
क्या नहीं करें...
पैसे प्राप्त करने के लिए क्यू आर स्कैन न करें। सोशल मीडिया पर मिले क्यू आर कोड पर भरोसा न करें।
साइबर सुरक्षा अभियान में भागीदार बनें- मिस्ड कॉल दें 8094-977-977 और अपना सर्टिफिकेट तुरंत डाउनलोड करें

# कच्ची चीनी: 2 लाख टन निर्यात कोटा पर केंद्र ने आवेदन मंगाए

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

वाणिज्य मंत्रालय ने 2,02,550 टन कच्ची चीनी के निर्यात के लिए रियायती शुल्क कोटा बांटने को लेकर आवेदन मांगे हैं। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने अधिसूचना जारी कर प्रक्रिया शुरू की है। पात्र चीनी मिलें और रिफाइनरी संचालक अगले सात दिनों तक आवेदन जमा कर सकते हैं। सरकार ने कुल 10 लाख टन कच्ची चीनी के निर्यात का लक्ष्य तय किया था। इसमें से 7,97,450 टन कोटा आवंटन के लिए पहले ही आवेदन मिल चुके हैं। अब शेष 2,02,550 मीट्रिक टन मात्रा को टैरिफ रेट कोटा (टीआरक्यू) योजना के तहत आनुपातिक आधार पर आवंटित किया जाएगा।

### भारत दुनिया का दूसरा बड़ा चीनी उत्पादक

भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक देश है। देश में चीनी का संपूर्ण निर्यात केंद्र सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में रहता है। सरकार घरेलू जरूरतों को पूरा करने और स्थानीय बाजार में कीमतों को संतुलित रखने के लिए मिलों को यह कोटा बांटती है।

फेस्टिव सीजन जैसा अगस्त • जनवरी-अगस्त में टाटा चौथे से दूसरे नंबर पर आई

# अगस्त में कार बिक्री 35% बढ़कर 4.5 लाख पार, टाटा की 59%, महिंद्रा की 50% बढ़ी

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

त्योहारी सीजन से पहले ही ऑटो बाजार टॉप गियर में पहुंच गया है। अगस्त में प्रमुख कार कंपनियों ने 4.5 लाख से ज्यादा कारें अपने डीलर को बेचीं। बीते साल अगस्त में यह आंकड़ा 3.3 लाख था। यानी एक साल में बिक्री 35% बढ़ी। टाटा मोटर्स के कारों की बिक्री 59% बढ़ी, जबकि महिंद्रा की बिक्री में 50% का उछाल आया। मारुति सुजुकी की बिक्री 35% और हुंडई की 24% बढ़ी। अगर जनवरी से अगस्त तक का डेटा देखें तो टाटा ने बड़ी छलांग लगाई है। वाहन रजिस्ट्रेशन के आंकड़ों के मुताबिक, जनवरी-अगस्त में टाटा के 4,94,370 पैसेंजर व्हीकल रजिस्टर हुए। पिछले साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 3,60,245 था। यानी बिक्री 37.2% बढ़ी। इसके मुकाबले देश का पूरा पैसेंजर व्हीकल बाजार 21.2% बढ़कर 28.5 लाख से 34.6 लाख वाहन हुआ। टाटा मोटर्स की बाजार हिस्सेदारी 12.62% से 14.29% हो गई। टाटा जनवरी-अगस्त 2025 के चौथे स्थान से इस साल दूसरे स्थान पर पहुंच गई। महिंद्रा तीसरे और हुंडई तीसरे से चौथे पर खिसक गई।

**मारुति सबसे बड़ी ग्रोथ ड्राइवर, पर टाटा-महिंद्रा की रफ्तार ज्यादा**

| कंपनी | बिक्री अगस्त 26 | सालाना वृद्धि | मार्केट शेयर-25 | मार्केट शेयर-26 |
|---|---|---|---|---|
| मारुति सुजुकी | 1,76,971 | 34.8% | 40.13% | 40.53% |
| टाटा मोटर्स | 65,253 | 59.0% | 12.62% | 14.29% |
| महिंद्रा | 59,257 | 50.0% | 13.60% | 13.60% |
| हुंडई | 54,396 | 23.6% | 12.92% | 11.77% |
| किआ | 29,042 | 48.1% | 5.97% | 6.25% |
| टोयोटा | 28,410 | -3.04% | 7.40% | 6.90% |
| JSW MG | 7,508 | 14.0% | | |
| निसान | 3,426 | 147.5% | | |



नोट: बाजार हिस्सेदारी वाहन पोर्टल पर दर्ज जनवरी-अगस्त के खुदरा पंजीकरण के आधार पर है; अगस्त की बिक्री कंपनियों की डीलरों को भेजी गई गाड़ियों के आंकड़ों पर आधारित है।

## निसान की बिक्री 148% बढ़ी, हुंडई के लिए बेस्ट अगस्त

**• मारुति सुजुकी... एसयूवी बिक्री 46% बढ़ी**
एसयूवी कारों की बिक्री 54,043 से 46% बढ़कर 79,045 यूनिट पहुंची। कंपनी के मुताबिक कार बाजार को एक साथ तीन फायदे मिले हैं। पहला, जीएसटी दरों में कटौती से गाड़ियां सस्ती हुईं। दूसरा, सस्ता लोन व टैक्स घटने से डिस्पोजेबल आय बढ़ी है।

**• टाटा ने 8 माह में 2025 से 1.3 लाख कारें ज्यादा बेचीं**
अगस्त में घरेलू बाजार में 65,253 गाड़ियां बेचीं। पिछले साल इसी महीने बिक्री 41,001 यूनिट थी। टाटा ने 8 माह में पिछले साल से 1,34,125 ज्यादा गाड़ियां रजिस्टर कीं। गैर-ईवी का योगदान 70% रहा। ईवी को छोड़कर रजिस्ट्रेशन 30% बढ़कर 4,08,188 हो गए।

**• हुंडई... इस साल अब तक 4 लाख कारें बेचीं**
हुंडई की घरेलू बिक्री 23.6% बढ़कर 54,396 यूनिट रही। जनवरी-अगस्त में हुंडई की बिक्री 10.4% बढ़कर 4,07,252 यूनिट रही। कंपनी के एमडी तरुण गर्ग के मुताबिक, यह किसी भी अगस्त में कंपनी की अब तक की सबसे ज्यादा घरेलू बिक्री है।

**• महिंद्रा एंड महिंद्रा... एसयूवी की तगड़ी मांग बरकरार**
महिंद्रा ने अगस्त में 59,257 एसयूवी बेचे, जो पिछले साल से 50% ज्यादा हैं। कंपनी के मुताबिक, उसके पोर्टफोलियो में मांग मजबूत बनी हुई है। अपडेटेड स्कॉर्पियो-एन और बीई 6 स्पोर्टेक को ग्राहकों से मजबूत प्रतिक्रिया मिली है। त्योहारी सीजन में रफ्तार जारी रहने की उम्मीद है।

हायरिंग • जॉब डिमांड 1.17 लाख पदों तक पहुंची

# आईटी में 57 हजार वैकेंसी, ये 18 माह में सबसे ज्यादा

शिवानी शिंदे | मुंबई

देश की आईटी सर्विसेज कंपनियों में करीब डेढ़ साल बाद हायरिंग रफ्तार में दिख रही है। सितंबर में इस सेक्टर की एक्टिव टैलेंट डिमांड बढ़कर 57,000 तक पहुंच गई। यह फरवरी, 2025 (करीब 80,000) के बाद सबसे ज्यादा है। स्टाफिंग फर्म एक्सफेनो की रिपोर्ट के मुताबिक, इस उछाल से भारतीय आईटी सेक्टर की कुल हायरिंग डिमांड बढ़कर 1.17 लाख पदों तक पहुंच गई, जो मार्च 2026 के हालिया ऊंचे स्तर 1.19 लाख के करीब है। एक्सफेनो के सह-संस्थापक कमल कारंथ ने कहा कि आईटी सर्विसेज 'कोहॉर्ट' (कंपनियों का समूह) में यह रिकवरी सोए हुए दिग्गज के जागने जैसी है। उन्होंने बताया कि लंबे समय से दबी मांग अब बाहर आ रही है। ग्लोबल और भारतीय बड़ी-मझोली कंपनियों ने मिलकर सितंबर की डिमांड को ऊपर खींचा है।

### टैलेंट पर सबसे ज्यादा जोर

कुल एक्टिव डिमांड में करीब 60% हिस्सेदारी मिड-सीनियर और सीनियर पदों की है। इसका मतलब है कि कंपनियों को अनुभवी और तुरंत काम शुरू कर सकने वाले प्रोफेशनल्स की जरूरत ज्यादा है।

### कुल जॉब में टेक की हिस्सेदारी अब 51%



देश की कुल एक्टिव टैलेंट डिमांड में टेक सेक्टर की हिस्सेदारी 51% हो गई। मासिक आधार पर 3 और सालाना आधार पर 2 पर्सेंटेज पॉइंट की बढ़त की बढ़त देखी गई। मौजूदा वित्त वर्ष में पहली बार यह आंकड़ा 50% से ऊपर गया है।

**सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट: एआई जॉब 2 साल में 138 % बढ़े**

इंडीड इंडिया के एमडी शशि कुमार के मुताबिक, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट में एआई का जिक्र करने वाली नौकरियां 2024 की दूसरी तिमाही से 2026 की दूसरी तिमाही के बीच 138% बढ़ी हैं। दूसरी तरफ कुल सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट पोस्टिंग करीब-करीब फ्लैट रही। यानी कंपनियां अलग तरीके से हायरिंग कर रही हैं, जहां एआई, क्लाउड और डिजिटल स्किल्स की फौरन जरूरत है, वहीं प्रीमियम मिल रहा है। एंट्री-लेवल मौके अब भी हैं, लेकिन योग्यता का स्तर लगातार बढ़ रहा है।

कवरेज • एक्सीलेंट, गुड, फेयर में दिखेगा

# अब कंपनियां नहीं छिपा पाएंगी कमजोर नेटवर्क

मुकेश कौशिक/अजय प्रकाश | नई दिल्ली

टेलीकॉम कंपनियां अब सिर्फ नक्शे पर किसी इलाके को 4जी-5जी कवरेज वाला बताकर नहीं बच पाएंगी। दूरसंचार नियामक ट्राई ने देश का बारीक डिजिटल नेटवर्क नक्शा तैयार करने का मसौदा जारी किया है, जो 1 अक्टूबर से लागू होगा। पूरे देश को समान आकार के हेक्सागोनल ग्रिड में बांटा जाएगा। शहरों में हर 50x50 मीटर और गांवों में 100x100 मीटर क्षेत्र का अलग-अलग नेटवर्क डेटा कंपनियां ट्राई को देंगी। कंपनियों को अपने कवरेज मैप की न्यूनतम 98% शुद्धता सुनिश्चित करनी होगी और 2जी, 3जी, 4जी व 5जी के अलग-अलग मैप प्रकाशित करने होंगे। ट्राई खुद ड्राइव टेस्ट और अपने एप से जुटाए गए आंकड़ों से इनकी जांच करेगा। कवरेज को अब सिर्फ 'है' या 'नहीं है' में नहीं, बल्कि एक्सीलेंट, गुड, फेयर और नो-कवरेज श्रेणियों में दिखाया जाएगा।

### अधिकार • ग्राहक दावे को चुनौती दे सकेंगे

मैप पर फीडबैक/चैलेंज बटन के जरिए ग्राहक लोकेशन, नंबर और स्क्रीनशॉट के साथ शिकायत दर्ज करा सकेंगे। अगर नेटवर्क कमजोर निकला, तो उस ग्रिड को पीले रंग से चिह्नित किया जाएगा। यह तब तक रहेगा, जब तक हकीकत दावे के बराबर नहीं हो जाती। शुद्धता न मिलने पर कंपनी पर जुर्माना लगेगा। घोषित 'टिपिकल' स्पीड कम मिलने पर कंपनी को ग्राहकों को सूचित करना होगा।

### बड़ी पहल • क्वालिटी ऑफ एक्सपीरियंस स्कोर तैयार होगा

नेटवर्क प्रदर्शन, ग्राहक सेवा और वास्तविक अनुभव को मिलाकर हर टेलीकॉम कंपनी का 'क्वालिटी ऑफ एक्सपीरियंस स्कोर' तैयार होगा। ग्राहक सिर्फ विज्ञापन या सस्ते प्लान नहीं, बल्कि कंपनी की असली परफॉर्मेंस देखकर चुनाव कर सकेंगे।



### सख्ती • नेटवर्क बंद तो ग्राहकों को मुआवजा

किसी जिले में यदि 4 घंटे से ज्यादा सेवा ठप रहती है या 10% से अधिक ग्राहकों की सेवा 4 घंटे से ज्यादा बंद रहती है, तो इसे बड़ा आउटेज माना जाएगा। यह 24 घंटे से ज्यादा खिंचा तो पोस्टपेड ग्राहकों को बिल में छूट व प्रीपेड ग्राहकों को अतिरिक्त वैधता देनी होगी।

बैंक में 900 करोड़, फिर भी 94% कम वैल्यू पर डील

# अनअकैडमी 1,899 करोड़ में बिक गई, कभी 32,665 करोड़ वैल्यू थी

भास्कर न्यूज | मुंबई

रॉनी स्क्रूवाला के नेतृत्व वाली कंपनी अपग्रैड ने एडटेक कंपनी अनअकैडमी को खरीद लिया है। यह डील सिर्फ 1,899 करोड़ में हुई, जो 2021 में कंपनी के पीक वैल्युएशन के 6% से भी कम है। अनअकैडमी के को-फाउंडर और सीईओ गौरव मुंजाल ने कहा, 'हमने पीक पर फंड जुटाया था, लेकिन उसका महज एक छोटा सा हिस्सा लेकर कंपनी बेची।'



प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने 7 जुलाई को इस डील को मंजूरी दी थी। यह पूरी तरह शेयरों की अदला-बदली की डील है। पहले अनअकैडमी की वैल्यू 1,955-2,055 करोड़ आंकी गई थी। 2021 में कंपनी का वैल्युएशन करीब 32,665 करोड़ रुपए था।

**2021 में यूनिकॉर्न बनी, यूट्यूब पर 10 अरब व्यूज पार...** इसके फ्री प्लेटफॉर्म ने कई सेलिब्रिटी शिक्षक दिए, जिनके यूट्यूब वीडियो 10 अरब व्यूज पार कर चुके हैं। कंपनी का लैंग्वेज-लर्निंग एप एयरलर्न दो साल से भी कम समय में दुनिया के टॉप-3 सबसे ज्यादा डाउनलोड किए गए लैंग्वेज-लर्निंग एप्स में शामिल है।

**भास्कर नॉलेज**

### अनअकैडमी के पास पैसों की कमी नहीं थी, फिर क्यों बिकी?

मुंजाल के मुताबिक, बेचने का फैसला नकदी की कमी का नतीजा नहीं है। उन्होंने बताया कि कंपनी की कुल आय करीब 400 करोड़ रुपए है। ज्यादातर बिजनेस मुनाफे में या उसके करीब हैं। बैंक में भी लगभग 900 करोड़ रुपए मौजूद हैं। 'अकेले भी आगे बढ़ने का पूरा विकल्प था, किसी ने मजबूर नहीं किया।' उन्होंने पोस्ट में लिखा कि स्क्रूवाला से बातचीत के बाद उन्हें लगा कि यह कदम एजुकेशन सेक्टर के लिए बेहतर रहेगा।

**अपग्रैड ने यह अधिग्रहण क्यों किया?**
फॉर्च्यून इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, यह डील अपग्रैड को टेस्ट-प्रिपरेशन सेगमेंट- यूपीएससी, जेईई, नीट, गेट में एंट्री दिलाती है, जहां पहले उसकी मौजूदगी नहीं थी। डील को सॉर्टिंग हैट टेक्नोलॉजीज (अनअकैडमी की पैरेंट कंपनी) में हिस्सेदारी खरीदने और फिर उसे अपग्रैड एजुकेशन में मर्ज करने के तौर पर दिखाया है। यानी यह उसकी विस्तार रणनीति का हिस्सा है।

### मुंजाल सीईओ बने रह सकते हैं

गौरव मुंजाल के डील के बाद भी अनअकैडमी के सीईओ बने रहने की उम्मीद जताई जा रही है। यह पूरी तरह स्टॉक डील है, यानी अनअकैडमी के शेयरधारकों को बदले में अपग्रैड के शेयर मिलेंगे। अनअकैडमी अब तक चार बार इसोप (कर्मचारियों को शेयर देकर उन्हें कंपनी में हिस्सेदार बनाने की स्कीम) बायबैक कर चुकी है।

## इस साल 352 गंभीर तकनीकी खामियों का असर, डीजीसीए ने शुरू किया एयरलाइंस का सख्त ऑडिट

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

एयर इंडिया की फुकेट-दिल्ली फ्लाइट में अचानक ऊंचाई घटने से यात्री घायल होने की घटना के बाद विमानन नियामक डीजीसीए ने प्रमुख एयरलाइंस का ऑडिट शुरू किया है। इसमें फ्लाइट सेफ्टी, इंजीनियरिंग और रोस्टरिंग जैसे पहलू जांचे जा रहे हैं। 2026 की पहली छमाही में ही डीजीसीए को 352 गंभीर तकनीकी खामियां मिल चुकी हैं। यह ऑडिट ऐसे समय हो रहा है, जब अमेरिकी नियामक एफएए नवंबर में डीजीसीए की जांच करने भारत आ रहा है।

**एफएए की जांच इसलिए अहम...**2021 में अमेरिकी नियामक की पिछली जांच में भारत को कैटेगरी-1 दर्जा मिला था। इससे भारतीय एयरलाइंस अमेरिका में उड़ान भर पाती हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस साल एफएए भारतीय एयरलाइंस का नहीं, बल्कि डीजीसीए का ऑडिट करने आ रहा है।

एविएशन • छोटे विमान में फर्स्ट क्लास जैसी सुविधाओं वाला

# सफर, 19 इंच स्क्रीन से लेकर सेल्फ-सर्विस स्नैक बार तक







**पेरिस** | एयरबस का नया ए321एक्सएलआर नैरो-बॉडी विमान होते हुए भी 11 घंटे तक उड़ान भर सकता है। पुराने विमानों के मुकाबले यह प्रति सीट 30% कम ईंधन खर्च करता है। यूनाइटेड एयरलाइंस ने इसके 50 विमान ऑर्डर किए हैं, जिनमें सिर्फ 150 सीटें होंगी। 32 प्रीमियम सीटों में प्राइवेसी डोर वाली पूरी तरह फ्लैट पोलारिस सुइट भी है। हर सीट पर 4के ओएलईडी स्क्रीन मिलेगी- 19 इंच, प्रीमियम प्लस में 16 इंच और इकोनॉमी में 13 इंच। पीछे सेल्फ-सर्विस स्नैक बार और 60% बड़े ओवरहेड बिन भी हैं। पहली उड़ान 1 दिसंबर से शुरू होगी।

पब्लिक बीमा रजिस्ट्री बन रही

## इंश्योरेंस पॉलिसी की सारी जानकारी एक क्लिक में

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

बीमा नियामक ईरडा ने मंगलवार को पब्लिक इंश्योरेंस रजिस्ट्री (पीआईआर) बनाने के लिए कंसल्टेशन पेपर जारी किया। यह एक डिजिटल सिस्टम होगा, जो पॉलिसी जारी होने से लेकर क्लेम और शिकायत निपटारे तक की पूरी जानकारियां जोड़ेगा। खास बात यह है कि डेटा एक ही जगह जमा नहीं होगा, बल्कि हर कंपनी के पास सुरक्षित रहेगा। रजिस्ट्री सिर्फ वेरिफाइड और भरोसेमंद जानकारी का सोर्स देगी।

आम ग्राहकों को इससे एक ही जगह पॉलिसी की तुलना, लाइसेंस्ड इंश्योरर की पहचान, कई कंपनियों की पॉलिसी ट्रैकिंग, आसान क्लेम और भूली-बिसरी रकम खोजने जैसी सुविधाएं मिलेंगी। इंश्योरर, री-इंश्योरर, बैंक और रिसर्च संस्थान भी इस डेटा का इस्तेमाल कर सकेंगे। ईरडा ने कंसल्टेशन पेपर इंश्योरेंस इंडस्ट्री और आम लोगों से फीडबैक मांगा है। इस पर अपनी राय भेजने की आखिरी तारीख 30 सितंबर है।

चिंता • स्वास्थ्य मंत्रालय को FMCG डिस्ट्रीब्यूटर्स की चिट्ठी

# डार्क स्टोर में 70 हजार प्रोडक्ट, स्टोरेज के सख्त नियम की मांग

शार्लीन डिसूजा | मुंबई

10-20 मिनट में सामान पहुंचाने वाले क्विक कॉमर्स प्लेटफॉर्म के डार्क स्टोर के स्टोरेज सिस्टम पर एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स ने सवाल उठाए हैं। 'ऑल इंडिया कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिस्ट्रीब्यूटर्स फेडरेशन' ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से इनके लिए अनिवार्य स्टोरेज और इंफ्रास्ट्रक्चर मानक तय करने की मांग की है। संगठन ने सरकार को भेजी चिट्ठी में कहा है कि कई डार्क स्टोर बेहद कम जगह में 60,000 से 70,000 तरह के प्रोडक्ट रखते हैं। इससे सामान की सुरक्षित स्टैकिंग, कर्मचारियों की आवाजाही, वेंटिलेशन, साफ-सफाई, कीट नियंत्रण और आपातकालीन रास्ते प्रभावित होते हैं। खाद्य और गैर-खाद्य उत्पादों को अलग रखने की पर्याप्त व्यवस्था भी नहीं होती। संगठन के मुताबिक, कुछ डार्क स्टोर टिन शेड में चल रहे हैं, जहां खाद्य पदार्थ भी रखे जाते हैं। संगठन का कहना है कि पर्याप्त थर्मल इंसुलेशन, वेंटिलेशन और तापमान नियंत्रण नहीं होने से खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता प्रभावित होने का रिस्क रहता है। क्विक कॉमर्स के लिए ऐसा कोई स्पष्ट मानक नहीं है, जो सामान की संख्या के हिसाब से न्यूनतम स्टोरेज एरिया तय करता हो।

### लाइसेंस में तय होना चाहिए स्टोरेज की सीमा: संगठन

संगठन ने हर एफएसएसएआई लाइसेंस में स्वीकृत स्टोरेज एरिया और अधिकतम प्रोडक्ट क्षमता दर्ज करने का प्रस्ताव दिया है। दूध, फ्रोजन फूड, ताजा उत्पाद, पैकेज्ड फूड और घरेलू केमिकल अलग रखने, तापमान-नमी नियंत्रण, वेंटिलेशन और फायर सेफ्टी के मानक तय करने की भी मांग है।

**बिजनेस ब्रीफ**

### अमेरिका में दरें बढ़ने की आशंका से सेंसेक्स फ्लैट

**मुंबई** | घरेलू शेयर बाजार मंगलवार को लगभग फ्लैट रहा। सेंसेक्स 13 अंक गिरकर 76,944 पर और निफ्टी 25 अंकों की गिरावट के साथ 24,056 पर बंद हुआ। देश की मजबूत आर्थिक विकास दर के बावजूद अमेरिका में ब्याज दरें बढ़ने की आशंका ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है।

### सोने की कीमत 2,652, चांदी की 6,780 रु. घटी

**मुंबई** | घरेलू सराफा बाजार में मंगलवार को भी गिरावट जारी रही। आईबीजेए के मुताबिक, 24 कैरेट सोने की कीमत ₹2,652 घटकर ₹1,53,183 प्रति 10 ग्राम और चांदी का भाव ₹6,780 रुपए कम होकर ₹2,30,419 रुपए प्रति किलो रह गया। मजबूत होते डॉलर से सोना-चांदी दबाव में हैं।

### मैन्युफैक्चरिंग की ग्रोथ पांच साल में सबसे कम

**नई दिल्ली** | अगस्त में देश का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 5 साल के निचले स्तर 52.8 पर आ गया। जुलाई में यह 53.5 था। कमजोर मांग और नए ऑर्डर्स में सुस्ती की वजह रही। हालांकि, यह इंडेक्स 50 से ऊपर रहना विस्तार का संकेत है। साथ ही इस सेक्टर में 2 साल में पहली बार रोजगार भी मामूली घटा है।

### पेप्सिको के कोवूर पार्ले बिस्किट के सीईओ बने

**मुंबई** | पार्ले-जी और मोनाको जैसी ब्रांड्स बनाने वाली कंपनी पार्ले बिस्किट्स ने जॉर्ज कोवूर को सीईओ बनाया है। यह नियुक्ति 1 सितंबर से प्रभावी है। कोवूर के पास पेप्सिको में तीन दशकों से अधिक का अनुभव है। एमडी अजय चौहान ने कहा कि उनकी लीडरशिप से कंपनी के मजबूत आधार और ग्रोथ को नए अवसर मिलेंगे।



**बिजनेस एंकर** शीन ऐसी फैशन कंपनी है जो आज के निवेशकों को फैशनेबल नहीं लगती: विश्लेषक

# फैशन ब्रांड शीन को झटका... 9.5 लाख करोड़ रुपए की कंपनी की लिस्टिंग सिर्फ 25% कीमत पर, वजह निवेशक एआई में पैसे लगा रहे

© The New York Times
दैनिक भास्कर से विशेष अनुबंध के तहत

सू-ली वी | हॉन्गकॉन्ग

हाल तक दुनिया का सबसे बड़ा ऑनलाइन फैशन रिटेलर रहा चीन का ब्रांड शीन अब निवेशकों की नजरों से उतरता नजर आ रहा है। मंगलवार को हॉन्गकॉन्ग में लिस्टिंग के पहले ही दिन कंपनी के शेयर 6 फीसदी गिर गए। कभी 100 अरब डॉलर (9.5 लाख करोड़ रुपए) की आंकी गई कंपनी सिर्फ करीब एक-चौथाई वैल्युएशन पर शेयर बाजार में उतरी है। एलेथिया कैपिटल के निर्गुनन तिरुचेल्वम कहते हैं कि शीन का 'स्पीड-टेक' मॉडल अब पुराना पड़ चुका है। वजह साफ है- निवेशकों की दिलचस्पी एआई कंपनियों में शिफ्ट हो गई है। आप देख सकते हैं कि शीन की लिस्टिंग से ठीक पहले यूनिट्री रोबोटिक्स और सीएक्सएमटी जैसी चीन की ही एआई कंपनियों के शेयरों ने शंघाई में शानदार छलांग लगाई थी। एक दिक्कत और है, शीन को अमेरिका और यूरोप में टैरिफ छूट खत्म होने की मार भी झेलनी पड़ी है। इससे उसका सस्ते दामों वाला मॉडल कमजोर पड़ने लगा है। संस्थागत निवेशकों ने भी इस बार दूरी बनाए रखी। लिस्टिंग-पूर्व ऑफर किए गए शेयरों में से सिर्फ 20% ही खरीदे गए, जबकि लोकप्रिय लिस्टिंग में यह आंकड़ा आमतौर पर करीब 50% रहता है। विलसन सनसिनी के वेइहेंग चेन कहते हैं, 'यह एक ऐसी फैशन कंपनी है जो आज के निवेशकों को फैशनेबल नहीं लगती।'

'चाइना लेबर वॉच' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, शीन के लिए कपड़े बनाने वाले मजदूर लगातार 20 दिन तक बिना छुट्टी काम करते हैं और उन्हें प्रति आइटम सिर्फ 7 से 28 सेंट (6.65 से 26.59 रुपए) मिलते हैं। हफ्ते में 100 घंटे तक काम होना आम बात है, जबकि चीन की सामान्य फैक्ट्रियों में यह सीमा करीब 60 घंटे है। हालांकि शीन ने इन दावों को खारिज किया है। शीन की मुश्किलें सिर्फ फैक्ट्री तक सीमित नहीं हैं। कंपनी उन युवा ग्राहकों को भी खोती जा रही है, जिन्होंने महामारी के दौर में उसे रफ्तार दी थी। रिसर्च फर्म कंज्यूमर एज के माइकल गुंथर के मुताबिक, अमेरिका में 18-34 साल के ग्राहकों में शीन की बाजार हिस्सेदारी सबसे तेजी से घट रही है। कीमतों में बढ़ोतरी और सस्टेनेबिलिटी (पर्यावरण के अनुकूल प्रोडक्ट) को लेकर चिंता इसकी बड़ी वजह है।



**जूम जैसा हाल; अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोप में ग्रोथ धीमी**

अमेरिका के साथ ही ब्रिटेन में भी शीन की ग्रोथ धीमी पड़ी है, जबकि यूरोप में पार्सल पर लगने वाली फीस के चलते फ्रांस और स्पेन में उसकी हिस्सेदारी में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। डिजाइन कॉपी करने के आरोपों को लेकर कंपनी पर अमेरिका में 2021 से अब तक 58 मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। चाइना इन्वेस्टमेंट कॉर्पोरेशन के पूर्व अधिकारी विंस्टन मा इसकी तुलना जूम से करते हैं। महामारी के दौर की सुपरहिट यह कंपनी अब पुराने जमाने की चीज बनकर रह गई है।

बदल जाएगी शॉपिंग...

## यूपीआई में AI एजेंट जोड़ने की तैयारी

**मुंबई** | भारत यूपीआई में एजेंटिक पेमेंट्स शुरू करने की तैयारी कर रहा है। एनपीसीआई का यूनिफाइड एजेंट प्रोटोकॉल मुंबई में 8-11 सितंबर को ग्लोबल फिनटेक फेस्ट में पेश किया जा सकता है। नई व्यवस्था में एआई एजेंट यूजर की ओर से तय नियमों और खर्च सीमा के भीतर छोटे डिजिटल भुगतान खुद कर सकेगा। मान लीजिए कि आपने एआई एजेंट को निर्देश दिया कि हर सप्ताह घर का जरूरी किराना खरीदना है, खर्च तय सीमा में रखना है और उपलब्ध ऑफर में बेहतर सौदा चुनना है। एआई इन शर्तों के आधार पर सामान और ऑफर देखेगा, ऑर्डर करेगा और भुगतान भी कर सकेगा। यानी एआई सिर्फ खरीदारी का सुझाव नहीं देगा, बल्कि लेनदेन पूरा भी करेगा। एनपीसीआई इसके लिए लायबिलिटी फ्रेमवर्क बनाने की तैयारी में है।

दावा • एचडीएफसी के सीईओ क्यों एक्सटेंशन नहीं ले रहे?

# नए चेयरमैन के साथ मतभेद के चलते जगदीशन छोड़ रहे पद

बिजनेस संवाददाता | नई दिल्ली

देश के सबसे बड़े प्राइवेट बैंक एचडीएफसी के सीईओ शशिधर जगदीशन के अचानक पद छोड़ने के ऐलान की नई वजह सामने आई है। नए चेयरमैन राजीव कुमार के साथ बैंक की रणनीति और मैनेजमेंट में बदलाव को लेकर मतभेद इसकी वजह बताई जा रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, जून में बैंक से जुड़े कुमार ने कमान संभालने के कुछ समय बाद ही बड़े बदलावों का खाका रखा था। कुमार चाहते थे कि बैंक लोन ग्रोथ तेज करे, टेक्नोलॉजी पर आक्रामक निवेश करें और पुराने लंबित मुद्दे तेजी से सुलझाए। सबसे बड़ा मतभेद वरिष्ठ मैनेजमेंट को लेकर हुआ। कुमार जगदीशन के कुछ करीबी अधिकारियों को बदलना चाहते थे, लेकिन तीन दशक से एचडीएफसी बैंक से जुड़े जगदीशन अपनी टीम में बदलाव के पक्ष में नहीं थे।



### अब बैंक के मैनेजमेंट भी हो सकते हैं बड़े बदलाव

कुमार नए सीईओ के लिए बाहरी उम्मीदवार को प्राथमिकता दे रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, उनका मानना है कि आंतरिक दावेदार बैंक को तेज ग्रोथ और बेहतर क्रियान्वयन की ओर ले जाने के लिए पर्याप्त आक्रामक नहीं हैं। यानी सीईओ बदलने के साथ एचडीएफसी बैंक के शीर्ष मैनेजमेंट में भी बड़ा बदलाव हो सकता है।